Page 11 · Page 10

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

कृष्ण पक्ष, रेवती, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • शनिवार • 29 जून 2024 • वर्ष 26 • अंक 199 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00



खेल

टी20 वर्ल्डकप : रोहित सूर्या का तूफार, फिर गेंदबाजों का कहर, भारत के आगे इग्लैंड...



देश

फडणवीस-उद्धव की लिफ्ट वाली गुप्त बैठक के बाद अटकलें तेज...

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹72, 160 | ₹90,000 |



## आज का इतिहास

- 2012 : करीब 15 हजार परमाणु विरोधी आंदोलनकारियों ने तोक्यो में जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे के कार्यालय का घेराव किया।
- 2002 : उत्तर और दक्षिण कोरियाई गश्ती नौकाएं येलो सागर में येओनप्योंग द्वीप के पास एक विवादित सीमा के साथ टकरा गईं।

## न्यूज बाइट्स

### संसद में बेहोश हुईं कांग्रेस सांसद

**नई दिल्ली (ए.)** । संसद सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को नीट मुद्दे के चलते दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। लोकसभा में कार्यवाही हंगामे के चलते 1 जुलाई तक स्थगित कर दी गई। राज्यसभा में कार्यवाही रुक-रुककर चलती रही। हालांकि इस बीच नीट मुद्दे पर प्रदर्शन कर रहीं सांसद फूलो देवी नेताम को चक्कर आ गया। बाद में उन्हें संसद से आरएमएल हॉस्पिटल ले जाया गया। डीएमके सांसद तिरुचि शिवा ने बताया कि फूलो देवी का बीपी 214/113 हो गया था। उन्हें स्ट्रोक भी आ सकता था। लेकिन फिर भी सदन में चर्चा जारी है, मैंने दो दशक में ऐसा कभी नहीं देखा।

### 10 जुलाई को रुपौली में मतदान

**धमदाहा (पूर्णिया) (नि.सं.)** । रुपौली विधानसभा उपचुनाव को लेकर सभी 11 प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए गए हैं। निर्वाची पदाधिकारी सह डीसीएलआर विनय कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए गए हैं। 14 से 21 जून तक नामांकन की प्रक्रिया के बाद कुल 13 प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा भरा। 24 जून को स्क्रूटनी में निर्दलीय प्रत्याशी नीलम देवी के नामांकन पत्र में त्रुटि पाई गई। उनका नामांकन रद्द कर दिया गया। 26 जून को नाम वापसी की अंतिम तिथि में निर्दलीय प्रत्याशी सिंघियान के शंकर सिंह ने अपना नामांकन पर्चा वापस लिया।

### विक्रम मिसरी होंगे अगले विदेश सचिव

**नई दिल्ली (ए.)**। राष्ट्रीय उप सुरक्षा सलाहकार और भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के वरिष्ठ अधिकारी विक्रम मिसरी देश के अगले विदेश सचिव होंगे। मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति के निर्णय के अनुसार विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा के अक्टूबर अंत तक विस्तारित कार्यकाल को छोटा कर दिया गया है और अब उनका कार्यकाल 14 जुलाई को समाप्त हो जायेगा और उसके बाद श्री मिसरी विदेश सचिव की जिम्मेदारी संभालेंगे।

ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल-वाइस प्रिंसिपल, स्कूल में क्वेश्चन पेपर पैकेट खोले जाने का शक

# नीट पेपर लीक : सीबीआई ने झारखंड से तीन आरोपी को किया गिरफ्तार

- गिरफ्तारियों को बिहार लाने की कार्रवाई शुरू हो गई है

निज संवाददाता | पटना/रांची।

नीट पेपर लीक केस में शुक्रवार (28 जून) को झारखंड के हजारीबाग से सीबीआई ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया। इसमें ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक, वाइस प्रिंसिपल इम्तियाज और पत्रकार जमालुद्दीन हैं। एजेंसी तीनों को झारखंड से बिहार ला रही है। इस केस में 27 जून को बिहार के पटना से एजेंसी ने 2 लोगों को अरेस्ट किया था। एहसान उल हक समेत 3 लोगों से सीबीआई ने शुक्रवार को दिनभर पूछताछ की। अब उन्हें स्पॉट पर ले जाकर टीम सबूतों को पुख्ता करेगी। एक अन्य जानकारी यूजीसी नेट से भी जुड़ी है, जो इसी स्कूल (ओएसिस) की है। यूजीसी नेट परीक्षा भी इसी सेंटर पर हुई थी। इसी स्कूल से नेट के प्रश्नपत्र लीक होने का शक भी है। आज टीम ने स्कूल के वाइस प्रिंसिपल सह सेंटर सुपरिंटेंडेंट इम्तियाज आलम का एक मोबाइल और लैपटॉप जब्त किया है। एजेंसी को शक है कि ओएसिस स्कूल से ही पेपर लीक किया गया है। पटना में शुक्रवार को ही सीबीआई आरोपी चिंटू और मुकेश को साथ लेकर उनके दोस्त रॉकी के घर पहुंची। बताया जा रहा है कि पटना के कंकड़बाग में रॉकी के घर से कई सबूत हाथ लगे हैं। चिंटू की देवघर में गिरफ्तारी के बाद रॉकी फरार हो गया था।द सीबीआई ने चिंटू, मुकेश, आशुतोष और मनीष कुमार के मोबाइल की जांच की। पता चला कि ये सभी आरोपी पिछले 6 महीने से आपस में संपर्क में थे। हर आरोपी को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई थी। इससे पहले नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने गुरुवार को 2 आरोपी मनीष प्रकाश और आशुतोष को पटना से गिरफ्तार किया था। दोनों ने ही पटना के प्ले एंड लर्न स्कूल को रातभर के लिए बुक कराया था। इसी स्कूल में 20 से 25 कैंडिडेट्स को इकट्ठा करके आंसर रटवाया गया। यहीं जली बुकलेट के टुकड़े मिले थे। केंद्रीय जांच एजेंसी पिछले 3 दिन से 11 लोगों से पूछताछ कर रही है। सीबीआई ने बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) से 26 जून को यह केस अपने हाथ में लिया था। अब तक 5 राज्यों में पुलिस ने 27 से ज्यादा गिरफ्तारियां की हैं।

## लोस में नीट मुद्दे पर विपक्ष का जोरदार हंगामा, कार्यवाही सोमवार तक स्थगित



एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा में शुक्रवार को मेडिकल शिक्षा की राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) के मुद्दे विपक्ष के भारी हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही सोमवार पूर्वाह्न 11 बजे तक स्थगित कर दी गयी। इससे पहले पूर्वाह्न 11 बजे भी इसी मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित की गयी थी। दोपहर 12 बजे सदन की कार्यवाही जैसे ही शुरू हुई, विपक्षी सदस्य हंगामा करने लगे। इस पर अध्यक्ष ओम बिरला ने सदस्यों से शांत रहने और तृणमूल कांग्रेस के सदस्य एस के नुरूल इस्लाम के लोकसभा की सदस्यता की शपथ लेने की कार्यवाही पूरी करने देने को कहा। श्री बिरला ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी से कहा कि अपने दल के सदस्यों को समझायें कि उन्हें कब खड़े होना है, और कब नहीं।

श्री इस्लाम के शपथ लेने के बाद विपक्षी सदस्य पुनः शोर करने लगे। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के सदस्य सदन के बीचोबीच आकर हंगामा और नारेबाजी करने लगे। विपक्षी सदस्य कह रहे थे कि विद्यार्थियों के साथ न्याय होना चाहिए। वे नारे लगा रहे थे, विद्यार्थियों को न्याय दो, न्याय दो।.उनका कहना था कि इस मुद्दे पर तत्काल चर्चा करायी जानी चाहिए। वे शिक्षा मंत्री को बर्खास्त करने की भी मांग कर रहे थे। श्री बिरला ने सदस्यों से शांत रहने और अपनी-अपनी सीट पर जाने के कई बार कहा, लेकिन विपक्षी सदस्यों ने उनकी कोई बात नहीं सुनी।

# शिक्षक भर्ती परीक्षा के तीसरे चरण की तिथियां घोषित, 19 से 22 जुलाई के बीच होगी परीक्षा

- बीपीएससी ने सभी जिलों के जिलाधिकारी को पत्र लिखकर परीक्षा केंद्र पर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है।

निज संवाददाता | पटना

बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से रद्द हुई शिक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन 19 से 22 जुलाई को किया जाएगा। इसको लेकर आयोग की ओर से नोटिस जारी किया गया है। 19, 20 और 21 जुलाई को एक ही पाली में परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। वहीं, 22 जुलाई को दो पाली में परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। शिक्षक भर्ती के तीसरे चरण की परीक्षा में कक्षा 1 से 5, 6 से 8, 9 से 10 तथा वर्ग 11 से 12 के कुल 87 हजार 774 पदों के लिए परीक्षा होगी। इसमें शिक्षा, समाज कल्याण तथा अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित विद्यालयों के पद शामिल हैं। बीपीएससी द्वारा ली जाने वाली तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा में इस बार 5,81, 305 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। यह वेकेंसी 87 हजार 774 पदों के लिए निकली है। अगर औसत की बात करें तो इस परीक्षा में एक पद के लिए औसतन 6.62 आवेदकों ने आवेदन दिया है। प्राथमिक में 28,026 पद शामिल है। इसके लिए 16,0644 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। मध्य में 19645 पद है। इसके लिए 21,3940 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। माध्यमिक में 16970 पद है। इसके लिए 14,4735 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। उच्च माध्यमिक में 22,373 पद है। इसके लिए 61986 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है।

### परीक्षा का टाइम टेबल

» **19 जुलाई** – शिक्षा विभाग के मध्य विद्यालय वर्ग- कक्षा 6 से 8 के सभी विषय -गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, व उर्दू।

» **20 जुलाई** – विषय - सामान्य , उर्दू, बांग्ला शिक्षा विभाग के मध्य विद्यालय वर्ग- कक्षा 1 से 5 के सभी विषय सामान्य अनुसूचित जाति व अनूसूचित जनजाति कल्याण विभाग वर्ग - 1 - 5

**21 जुलाई** – विषय- हिन्दी, बांग्ला, उर्दू, संस्कृत,अरबी,अंग्रेजी, विज्ञान,गणित, ललित कला, नृत्य, शारीरिक शिक्षा, मैथिली, संगीत एवं सामाजिक विज्ञान विषय की आयोजित कराई जाएगी

**शिक्षा विभाग वर्ग** - 9वीं 10वीं (माध्यमिक तथा विशेष विद्यालय अध्यापक पद के सभी विषयों के लिए )

**एससी एसटी कल्याण विभाग वर्ग** – 6-10 के लिए विषय - हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान एवं शारीरिक शिक्षा

### पेपरलीक के कारण रद्द हुई थी परीक्षा

तीसरे चरण की परीक्षा 15 मार्च को दोनों पालियों में हुई थी। इसका पेपर लीक हो गया था। इस दौरान पाया गया कि हजारीबाग के एक होटल के कई कमरों के अलावा मैरिज हॉल में 270 से अधिक अभ्यर्थियों को बैठा कर प्रश्नपत्र का उत्तर रटवाया जा रहा था। मौके से जब्त किए गए प्रश्न पत्र का मिलान बीपीएससी कार्यालय से प्राप्त प्रश्न पत्र से कराया गया, जो हूबहू पाया गया था। इसके बाद 20 मार्च को पूरी परीक्षा रद्द कर दी गई थी।

# झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मिली जमानत



निज संवाददाता | रांची

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड हाई कोर्ट से आज जमानत मिल गई। जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की एकल पीठ ने जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद हेमंत सोरेन को शुक्रवार को जमानत दी। झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की एकल पीठ ने इस मामले की सुनवाई पहले ही पूरी कर ली थी और फैसला सुरक्षित रख लिया था। न्यायालय ने आज इस मामले में अपना फैसला सुनाया। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 31 जनवरी 2024 को प्रवर्तन निदेशालय की टीम (ईडी) ने लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। इससे पहले हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट से जमानत की गुहार लगाई थी। सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल पूर्व सीएम की पैरवी कर रहे थे। सुप्रीम कोर्ट में 21-22 मई को वेकेशन बेंच ने इस याचिका पर सुनवाई की।

## 200 यूनिट फ्री बिजली पर लगी मुहर

**रांची (नि.सं.)।** झारखंड सरकार की कैबिनेट मीटिंग शुक्रवार 28 जून को रांची के प्रोजेक्ट भवन में हुई। इस बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगी। इनमें घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को बिजली बिल में राहत दी गई है। अब घरेलू उपभोक्ताओं को 200 यूनिट तक की बिजली बिल नहीं देना होगा। पहले सिर्फ 125 यूनिट तक के बिजली उपयोग करने वालों को बिल नहीं देना होता था। इससे करीब 41.4 लाख परिवारों को राहत मिलने का अनुमान है। इस योजना से सरकार को हर महीने करीब 21.7 करोड़ रुपये तक का अतिरिक्त बोझ उठाना पड़ेगा। मुख्यमंत्री अस्पताल संचालन योजना की शुरुआत होगी। इसमें सदर अस्पताल को 75 लाख रुपये, अनुमंडल अस्पताल को 50 लाख, रेफरल अस्पताल को 10 लाख, प्राथमिक उपचार केंद्र को 5 लाख और स्वास्थ्य केंद्र को 2 लाख रुपेय सालाना दिए जाएंगें।

# राज्य में दो महीने में लगाए जाएंगे चार करोड़ से अधिक पौधे : डा. प्रेम कुमार

निज संवाददाता | पटना



राज्यभर में 4 करोड़ 10 लाख पौधों को लगाये जाएंगे। अगले दो माह में पेड़ लगाने का काम पूरा कर लिया जाएगा। अगले महीने पौधरोपण का कार्य शुरू होगा। पौधे सड़क के किनारे, पहाड़ों पर और सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में लगाए जाएंगे। पहाड़ी क्षेत्रों में पौधों को लगाने में हेलिकॉप्टर व ड्रोन की मदद ली जाएगी। यह जानकारी पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने शुक्रवार को पटना जू में 'एक पेड़ मां के नाम अभियान को शुरू करने के दौरान दी। उन्होंने पटना जू में अपनी मां स्व. लालपरी देवी की स्मृति में त्रिफला (आंवला, हर्रे व बहेड़ा), नीम, पीपल, बरगद व अन्य के पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि मानसून के देर से आने के चलते पौधों को लगाने में देरी हो गयी है। यदि समय पर मानसून आया रहता तो अब तक इस अभियान को शुरू कर दिया जाता।




# अनुश्रवण के लिए गए अध्ययन में राजगीर की हवा की गुणवत्ता पाई गई सर्वश्रेष्ठ

निज संवाददाता | पटना

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा ओए न0-638/2023/पीबी के मामले में 02 अप्रैल, 2024 को पारित आदेश में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दिल्ली को राज्य के विभिन्न शहरों जहां एनएएमपी केन्द्र स्थापित किये गये है का सीसा एवं आर्सेनिक के विभिन्न मानदडों का अनुश्रवण प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया। उपरोक्त निदेश के आलोक में बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद द्वारा राज्य के छः शहरों- पटना, गया, मुजफ्फरपुर, सासाराम, दरभंगा एवं राजगीर में माह अप्रैल, 2024 से जून, 2024 तक परिवेशीय वायु में लेड, आर्सेनिक व निकेल की मात्रा का अनुश्रवण कराया गया। उपरोक्त शहरों के परिवेशीय वायु क्रमांक शहर का नामलेड माईक्रोग्राम प्रति घनमीटरआर्सेनिक नैनोग्राम प्रतिघन 1. सभी छः शहरों में तीनो भारी धातुएं जिनका अनुश्रवण कराया गया की प्राप्त सांद्रता निर्धारित मानकों के अधीन पाया गया; 2.सीसा की उच्चतम सांद्रता पटना शहर में जबकि इसकी न्यूनतम सान्द्रता (0.036 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर) दरभंगा शहर में पायी गयी है। 3.गया शहर की परिवेशीय वायु में आर्सेनिक की सांद्रता अन्य शहरों की तुलना में अधिक (0.610 नैनोग्राम प्रति घनमीटर) पाई गई है 4.निकेल(छप) की सार्वाधिक सांद्रता (5.400 नैनोग्राम प्रति घन मीटर) मुजफ्फरपुर शहर में जबकि न्यूनतम सांद्रता (0.294 नैनोग्राम प्रति घनमीटर) राजगीर में पायी गयी; 5.छः शहरों के तुलनात्मक अध्ययन में मापे गये तीनों भारी धातुओं के मामले में राजगीर की हवा की गुणवत्ता सबसे अच्छी पायी गई। अब जानते है कि वायु में इन भारी धातुओं के संभावित स्रोत क्या हैं?

लेड वायु जनित सीसे के स्त्रोत पेंट उद्योग, बैटरी जैसे सीसा युक्त सामग्री के गलाने, शोधन और प्रसंस्करण से होने वाले औद्योगिक उत्सर्जन और नगरपलिका तथा औद्योगिक कचरों के भष्मीकरण से इलेक्ट्रॉनिक या उपचारित लकड़ी जैसे सामग्री में फंसा सीसा का निकलना। आर्सेनिक- कोयला आधारित बिजली संयंत्र, धातु गलाने वाला संयंत्र(स्मेलटर) से उत्सर्जित गैस, अपशिष्ट भस्मीकरण और प्राकृतिक स्त्रोतों जैसे ज्वालामुखी विस्फोट से उत्सर्जन, आर्सेनिक युक्त मिट्टी वाले क्षेत्रों में, जंगल की आग, और प्राकृतिक रूप से इक्टठे आर्सेनिक से उड़ने वाली धूल इत्यादि।

1668 किलोमीटर सड़कों को तत्काल बेहतर बनाने की योजना की गयी स्वीकृत

# 1500 करोड़ की लागत से चमकेंगी बिहार की ग्रामीण सड़कें



निज संवाददाता | पटना

### क्या कहते हैं अधिकारी?

ग्रामीण सड़कों को लेकर सरकार बेहद गंभीर है। हम नयी सड़कों को बनाने के साथ ही जर्जर सड़कों को दुरुस्त करने की योजना पर भी काम कर रहे हैं। ग्रामीण सड़कों का मेन्टेनेंस हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है।

बिहार की क्षतिग्रस्त ग्रामीण सड़कें दुरुस्त होंगी। ग्रामीण कार्य विभाग ने इसके लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। फिलहाल विभाग 8332 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों को बेहतर बनाने की योजना पर काम कर रहा है। इन्हें एक साल के अंदर चकाचक बनाया जाएगा। विभिन्न चरणों में इन्हें दुरुस्त किया जाएगा। इसके पहले 1668 किलोमीटर पर काम जारी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहल पर जर्जर ग्रामीण सड़कों की मरम्मत को लेकर विभाग ने कार्य योजना बनायी है। पहले से बन चुकी सारी ग्रामीण सड़कों की जांच के बाद उनकी सूची तैयार की गयी। इन्हें मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के तहत दुरुस्त करना है। विभाग ने व्यापक सर्वे के बाद 10 हजार किलोमीटर का चयन इस योजना के तहत किया है। विभाग के अनुसार अत्यंत क्षतिग्रस्त, क्षतिग्रस्त वैसे पथ जिनकी निरूपण अवधि (जीवन काल) पूर्ण हो चुकी है या उसके पहले ही क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं, उन्हें दुरुस्त करने के लिए मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना लागू की गयी है। इस योजना में सड़कों का पुनर्निर्माण और सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ उनके चौड़ीकरण की भी योजना शामिल की गयी है। लेकिन प्राथमिकता जर्जर सड़कों को दुरुस्त करना है। गत वर्ष 500 करोड़ का बजटीय प्रावधान किया गया था। साथ ही 1668 किलोमीटर सड़कों को तत्काल बेहतर बनाने की योजना स्वीकृत की गयी। अब लगभग 1500 करोड़ की योजना से 403 पथों को बेहतर बनाने पर काम जारी है। विभाग इन जर्जर सड़कों का उन्नयन करने के साथ-साथ अन्य जर्जर ग्रामीण सड़कों की भी पहचान करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### केआरपी के रिक्त 4 पदों के लिए 1516 ने दिया आवेदन

**गया**। गया जिले में केआरपी (की-रिसोर्स पर्सन) के रिक्त चार पदों के विरूद्ध 1516 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए हैं। शुक्रवार को शहर के हरिदास सेमिनरी प्लस टू स्कूल में अभ्यिर्थियों की काउंसिलिंग होगी। काउंसिलिंग 02 जुलाई तक होगी। क्रमांक 01 से लेकर 300 तक के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 28 जून, 301 से 600 तक 29 जून, 601 से 900 तक 30 जून, 901 से 1200 तक एक जुलाई और 1201 से 1516 क्रमांक तक के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग दो जुलाई को होगी। डीईओ ने काउंसिलिंग कार्य के लिए लिपिक मृगेंद्र कुमार, अभय कुमार, तारिक अशरफ व पवन कुमार को प्राधिकृत किए हैं। इनके सहयोगी के रूप में मोहनपुर के केआरपी नवीन कुमार, बाराचट्टी के अनिरूद्ध कुमार, टनकुप्पा के विपीन कुमार सिंह, कोंच के मुंद्रिका यादव और टिकारी के केआरपी रईस आलम रहेंगे। सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक काउंसिलिंग होगी। ईबीसी कोटि के तीन और एससी के एक पदों के विरूद्ध काउंसिलिंग की जाएगी। बता दें कि निदेशक, जन शिक्षा सह अपर सचिव, शिक्षा विभाग के निर्देश के आलोक में महादलित, दलित व अल्पसंख्य अतिपिछड़ा वर्ग अक्षर आंचल योजना के तहत केआरपी (की-रिसोर्स पर्सन) के रिक्त पदों पर चयन किया जाना है।

### वीजा फ्री प्रवेश की अनुमति से बढ़ेंगे टूरिस्ट

**बोधगया**। केंद्र सरकार ने थाई पासपोर्ट धारक टूरिस्टों के लिए वीजा फ्री प्रवेश की अनुमति दी है। इससे देश में टूरिज्म बढ़ने की संभावना है। बोधगया टूर एवं ट्रैवल एजेंसी के अध्यक्ष सुरेश सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए प्रसन्नता प्रकट की है। उन्होंने बताया, इससे बुद्धिस्ट सर्किट सहित अन्य बौद्ध स्थलों पर टूरिस्टों का आवागमन बढ़ेगा।

### फाइनेंस कंपनी के एजेंट से छिनतई में 3 धराए

**मानपुर**। मुफस्सिल थाना अंतर्गत मधुमति आश्रम के समीप बीते 28मई को भारत फाइनेंस के एजेंट बबलू कुमार के साथ लूटपाट की घटना हुई थी।इस मामले में गुरुवार को एस टी एफ के सहयोग से तीन बदमाशों को उठाया गया है। जिसकी पहचान जनकपुर निवासी सुमन कुमार, गोलू कुमार और अभिषेक के रूप में हुई।हालाकि इस मामले में स्थानीय पुलिस अधिकारी पूछताछ का हवाला देकर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। बता दें कि चार की संख्या में रहे नकाबपोश बदमाशों द्वारा कलेक्शन कर लौट रहे एजेंट से हथियार के बल पर बाइक सहित 1,02,990 नगद, मोबाइल लूट लिया गया था।इस दौरान दहशत फैलाने के लिए अपराधियों ने फायरिंग भी की थी।

### मेयर के खिलाफ किसी भी कार्रवाई पर फिलहाल रोक

**गया**। गया नगर-निगम के मेयर वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान को जाति मामले में राहत मिली है। फिलहाल उच्च न्यायालय द्वारा उनपर किसी भी प्रकार की कार्रवाई पर रोक लगा दिया गया है। मालूम हो कि सामान्य प्रशासन विभाग ने अपनी जांच में उसके 'दुसाध' जाति के होने के दावे को खारिज किया था। इस संबंध में उच्च न्यायालय में अभी मामला चलता रहेगा। इस बीच हाई कोर्ट के कास्ट स्क्रूटनी के स्टे आर्डर से मेयर को बड़ी राहत मिली है। पिछले दिनों मेयर की जाति को लेकर विवाद काफी बढ़ गया था। उनके खिलाफ बोधगया के पूर्व विधायक श्यामदेव पासवान ने मुकदमा दायर किया था।

### नालंदा में बंद कमरे से अधेड़ का शव बरामद, कमरे से दुर्गंध आने पर हुआ खुलासा, मुंह के बल पड़ा हुआ था शव

**नालंदा**। नालंदा में बंद पड़े कमरे से सन्दिग्ध स्थिति में एक अधेड़ के शव को बरामद किया गया है। मामला लहेरी थाना क्षेत्र के कोहनासराय मोहल्ले की है। मृतक की पहचान बिहार थाना क्षेत्र के सूफी नगर निवासी मोहम्मद महरूम इस्माईल के (45) वर्षीय पुत्र मोहम्मद अशरफ के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतक के परिजन ने बताया कि 2 दिन से मोहम्मद अशरफ फोन रिसीव नहीं कर रहा था। उन्हें लगा कि जानबूझकर अशरफ उनके फोन को इग्नोर कर रहा है। गुरुवार को कोहनासराय के लोगों से पता चला कि किराए वाले कमरे से उनके भाई का शव बरामद किया गया है। मोहम्मद अशरफ अकेले ही रह रहा था बच्चा और पूरा परिवार ननिहाल में रहता है। दरअसल बंद कमरे से जब दुर्गंध आने लगी तो इसकी सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ा तो अंदर एक अधेड़ का शव मुंह के बल पड़ा हुआ था। मोहम्मद अशरफ ठेले पर फल बेचने का काम करता था। वहीं इस मामले में लहेरी थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। कमरा अंदर से बंद था जिसे लोहे की रॉड की मदद से तोड़कर शव को बाहर निकाला गया है। प्रथम दृष्टिया मुंह के बल गिर जाने से मौत की आशंका व्यक्त की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### दिव्यांग किशोरी से अधेड़ ने किया दुष्कर्म, शौच के लिए खेत में गई थी पीड़िता




**नालंदा**। नालंदा में चण्डी थाना क्षेत्र के एक गांव मे नाबालिग दिव्यांग किशोरी के साथ अधेड़ ने दुष्कर्म किया। पीड़िता की मां ने गांव के ही कारु यादव के खिलाफ गुरुवार को पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज करवाया है। आरोप है कि कई लोगों ने आरोपित को घटनास्थल के पास से भागते हुए देखा है। पीड़िता की मां ने बताया कि उसकी बेटी मानसिक रूप से कमजोर और गूंगी है। बुधवार को मकई के खेत में शौच के लिए गयी थी। तभी आरोपित ने उसे पकड़ लिया और दूसरे खेत में ले गए। वहां जबरन गलत हरकत किया। बेटी की चीखने की आवाज गांव के ही एक युवक और कई महिलाओं ने सुनी। जैसे ही वो लोग उसके तरफ आने लगे तो लोगों को देखकर आरोपित भागने लगा। युवक ने उसे पकड़ने के लिए पीछा भी किया। हालांकि, वह हाथ में नहीं आया। उसके बाद बेटी ने घर पहुंचकर आपबीती बतायी। चण्डी थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए छापेमारी चल रही है।

### पूर्व मध्य रेल एवं इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के उच्चाधिकारियों के बीच शीर्ष स्तरीय समन्वय बैठक का आयोजन

**हाजीपुर**। पटना स्थित होटल मौर्या में पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री तरूण प्रकाश तथा इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक सह बिहार एवं झारखंड के स्टेट हेड श्री संजीव कुमार चौधरी की अध्यक्षता में पूर्व मध्य रेल एवं इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों के मध्य एक उच्चस्तरीय समन्वय बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में मुख्य रूप तेल परिवहन की तेज और बेहतर आवाजाही जैसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई जिस पर पूर्व मध्य रेल की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया गया । इस समन्वय बैठक में दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री जयंत कुमार चौधरी, सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री विवेक भूषण सूद सहित मुख्यालय के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे जबकि इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड की ओर से बिहार एवं झारखंड के महाप्रबंधक श्री अनिल कुमार मिश्रा, सीजीएम/ऑपरेशन श्री शान्तनु नाथ सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे ।

# स्कूल परिसर में बेल्ट से लटकी मिली किशोर की लाश

## आसपास खून के धब्बे भी मिले, पिता बोले-5 दिन पहले लड़कों से हुई थी लड़ाई

निज संवाददाता। गया

गया के टिकारी राज स्कूल परिसर में शुक्रवार की सुबह पेड़ से लटका एक किशोर का शव मिला है। शव छात्रावास में सूखे पेड़ से करीब छह फीट की ऊंचाई पर लटका हुआ था। किशोर को पैंट के बेल्ट से लटकाया गया है। लोगों को आशंका है कि उसकी हत्या की गई है। इसके अलावा पास में ही खून के धब्बे भी पड़े हैं। मृतक की पहचान कोंच थानाक्षेत्र के कईयाटांड़ गांव निवासी शत्रुघ्न दास का 16 वर्षीय पुत्र रौशन कुमार के रूप में हुई। लोगों का कहना है कि रौशन की गला घोंट कर पहले हत्या की गई। इसके बाद उसके शव को पेड़ से



लटका दिया गया है। घटना की सूचना पर टिकारी थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। पुलिस ने डॉग स्क्वायड और एफएसएल की टीम को घटना की जांच के लिए बुलाया है। घटनास्थल का एडिशनल एसपी अनवर जावेद ने मौके का मुआयना किया है। पिता शत्रुघ्न दास का कहना है कि 5 दिन पहले रौशन की कुछ लड़कों से लड़ाई हुई थी। इसके बाद वह गुरुवार की सुबह से लापता था। रात को भी वह घर नहीं लौटा था। सुबह में सूचना मिली कि उसका शव टिकारी राज स्कूल के परिसर में एक सूखे पेड़ से लटका हुआ मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौके पर पहुंचे एडिशनल एसपी ने बताया कि पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पीड़ित पक्ष की ओर से आवेदन मांगा गया है। जैसा वे आवेदन देते हैं उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गया में शादी समारोह से लौट रहे किसान की हत्या

निज संवाददाता। गया



गया जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र के तरवां पंचायत के टिपौ गांव के एक किसान की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मारा गया किसान अपनी बाइक से घर को लौट रहा था। वह किसी शादी समारोह में नवादा पवई गांव गया हुआ था। वहीं से वह लौट रहा था। तभी घात लगाकर बैठे अपराधियों ने किसान रईस खान की हत्या कर दी। अपराधियों ने सिर में गोली मारी है। वह 47 वर्ष के बताए जा रहे हैं। घटना पवई और केनार के बीच ढाढर नदी पर बने पुल के निकट हुई है। बताया जा रहा है कि घटनास्थल पर ही रईस खान की मौत हो गई। घटना की पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार वर्मा ने बताया कि उनके साथ बाइक पर उसका भगिना भी था जिसे किसी प्रकार की चोट नहीं है। परिवार वालों को घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस को जानकारी दी गई तब उसके शव को थाना लाया गया, फिर उनके भाई के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना के कारणों एवं संलिप्त बदमाशों की छानबीन की जा रही है। वैसे प्रथम दृष्टया मृतक का पारिवारिक कलह भी सामने आ रहा है। लेकिन जांच पूरी होने से पहले कुछ भी स्पष्ट नहीं कहा जा सकता है। पुलिस सभी बिंदुओं की गहनता से जांच कर रही है। सूत्रों का कहना है कि रईस खान ने दो शादी की थी। पहली बीबी से दो लड़के हैं। उन्होंने दूसरी शादी पैसे की बदौलत की है। शादी के बाद से पहली बीबी के लड़कों से अनबन चल रही थी। हालांकि इस मामले में अब तक पीड़ित पक्ष की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई है।

# गया में होल्डिंग टैक्स को कांग्रेस ने बनाया मुद्दा

निज संवाददाता। गया

होल्डिंग टैक्स के विरोध में पहली बार कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरने जा रही है। गया जिला कांग्रेस का मानना है कि नगर निगम ने मनमाने तरीके से सड़कों का वर्गीकरण कर होल्डिंग टैक्स में इजाफा किया है। इससे गया की जनता तंग है। वर्तमान में महंगाई चरम पर है। ऐसे में घर और दुकान के टैक्स में बेहिसाब इजाफा किया जाना गलत है। यहां तक कि मानकों के विपरीत जा कर गलियों को भी सड़कों के वर्गीकरण के साथ जोड़ा गया है जिन गलियों में एक तरफ से ऑटो का जाना सम्भव हो सकता है ने गलियों का होल्डिंग टैक्स चार गुना बढ़ा दिया गया है। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गगन मिश्रा ने बताया कि होल्डिंग टैक्स के विरोध में शुक्रवार को पार्टी के कार्यकर्ता, समर्थक, सामाजिक सन्गठन और व्यवसायिक सन्गठन के पदाधिकारी सड़कों पर उतरेंगे और बाजार बंद कराएंगे। इससे पूर्व गुरुवार की देर शाम मशाल जुलूस निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर के अंदर 80 हजार घर होल्डिंग टैक्स के दायरे में आते हैं। नगर निगम बगैर किसी सहमति व प्रक्रिया पूरी किए ही सड़कों का वर्गीकरण किया है, जो सड़कें और गलियां बी श्रेणी में आती थीं उन्हें ए श्रेणी में डाल दिया गया है। इसी तरह से अन्य श्रेणी की सड़कों और गलियों के साथ किया गया है जो कि सरासर गलत है। उन्होंने बताया कि पार्टी की ओर से नगर निगम को एक मेमोरेंडम दिया गया था पर उस पर नगर निगम की ओर से अब तक कोई पहल नहीं कि गई। यही वजह है कि कांग्रेस को सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि होल्डिंग टैक्स की मार न केवल व्यवसायियों के ऊपर पड़ी है बल्कि निजी आवासीय बिल्डिंग पर पड़ी है।

# पति की प्रेमिका ने पत्नी की जहर देकर कराई हत्या, पति ने दर्द की दवा कहकर खिला दी सल्फास

निज संवाददाता। गया

गया में पति ने अपनी प्रेमिका के साथ मिलकर पत्नी की हत्या कर दी। वारदात मुफस्सिल थाना क्षेत्र की है। आरोपी पति ने बताया कि उसका उसकी प्रेमिका से 8 साल से प्रेम संबंध था। कोर्ट में शादी भी कर ली थी, उससे एक बच्चा भी था। इधर, प्रेमिका ने उसे पत्नी को छोड़ने का दबाव डाला। महिला नहीं मानी तो मारने का प्लान किया। सिग्नोफ्लैक्स नाम के पेन किलर कैप्सूल में सल्फास मिलाकर पत्नी को खिलाया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा करते हुए पति, प्रेमिका और एक झोलाछाप डॉक्टर को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि प्रेमिका के कहने पर डॉक्टर ने महिला को कैप्सूल के अंदर जहर दिया था। पति ने उसे दवा बताकर पत्नी को खिला दिया जिससे उसकी जान चली गई। मृतक की पहचान पूजा के रूप में हुई थी। पहले मामला खुदकुशी का बताया गया था। आरोपी विक्की, पूनम और डॉक्टर ओमप्रकाश से पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की जिसके बाद मामले का खुलासा हुआ। वजीरगंज एसडीपीओ सुनील कुमार पांडेय ने बताया कि झोलाछाप डॉक्टर ने पूनम से इस



काम के लिए 50 हजार में सौदा तय किया था। 50 हजार रुपए काम हो जाने के बाद पूनम को देने थे। एडवांस में एक हजार रुपए मिले थे।

**भाई ने हत्या का लगाया था आरोपः** सुनील कुमार पांडे बताया कि बुधवार को एक महिला द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला प्रकाश में आया था। शव का पोस्टमार्टम भी कराया गया था। इस बीच पूजा के भाई राजा कुमार ने थाने में बताया कि उसकी बहन की हत्या जहर देकर की गई है। हत्या किसी और ने नहीं बल्कि पति विक्की और उसकी प्रेमिका पूनम ने की है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की तो मामला संदेहास्पद प्रतीत हुआ। पुलिस ने विक्की को हिरासत में लेकर

♦ 3 गिरफ्तार, साथ रहने का बना रही थी दबाव

पूछताछ की तो खुलासा हो गया।

**प्रेमिका से भी एक बच्चाः** उसने पुलिस को बताया कि जनकपुर की रहने वाली पूनम से 8 सालों से उसका प्रेम सम्बन्ध चल रहा है। हम लोगों ने नोटरी से शादी के कागजात भी तैयार कराए थे। बताया कि पूनम से एक बच्चा भी है। इधर, बीते कुछ दिनों से पूनम साथ रहने का लगातार दबाव बना रही थी, लेकिन पूजा इस बात को लेकर तैयार नहीं हो रही थी। इस बात को लेकर दोनों के बीच रोज लड़ाई हो रही थी। पूनम ने पूजा को रास्ते से हटाने के लिए प्लान तैयार किया। पूनम ने अपने परिचित झोलाछाप डॉक्टर से मिलकर सिग्नोफ्लैक्स के 4 कैप्सूल में सल्फास मिलवा कर लाई। पूजा को खिलाने को कहा। पूजा को दवा के नाम पर झांसे में लेकर उसे जहर देकर मार दिया। एसडीपीओ सुनील कुमार ने बताया कि हत्या कांड का खुलासा करने वाली टीम को पुरस्कृत करने के लिए संस्तुति की गई है।

# प्रधान शिक्षक के पद पर 29 जून को होगी परीक्षा, आज और कल सेंटर के पास बंद रहेंगे साइबर कैफे

निज संवाददाता। नालंदा

## नालंदा में 15 सेंटर्स पर होगी परीक्षा

बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा आयोजित प्राथमिक विद्यालयों में प्रधान शिक्षक के पद पर नियुक्ति हेतु 29 जून को परीक्षा आयोजित किया जाना है। यह परीक्षा एक पाली में 12.00 बजे से 02.30 बजे दोपहर तक आयोजित किया जाना है। उक्त परीक्षा हेतु बिहारशरीफ अनुमण्डल मुख्यालय में 15 परीक्षा केन्द्र स्थापित किये गये हैं। कुल 9008 अभ्यर्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे।

**परीक्षा केंद्र पर नियुक्त किए गए दंडाधिकारीः** जिला दंडाधिकारी, नालन्दा द्वारा सभी परीक्षा केन्द्र के 500 गज के रेडियस में धारा 144 के अन्तर्गत निषेद्याज्ञा आदेश लागू रहेगी। परीक्षा कदाचारमुक्त एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न हो इसके लिए सभी परीक्षा केन्द्रा पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस सशस्त्र बल की स्टैटिक प्रतिनियुक्तियां की गयी है। साथ



ही गश्ती दल दंडाधिकारी के साथ पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति भी की गयी है। परीक्षा केन्द्रा के इर्द-गिर्द शान्ति-व्यवस्था बनाये रखने हेतु निरोधात्मक कार्रवाई की आवश्यकता है।

**बंद रहेगी फोटो कॉपी, कोचिंग और साइबर कैफेः** सदर एसडीओ अभिषेक पलासिया के द्वारा यह आदेश जारी किया गया है की केंद्र के पास एक साथ पांच या उससे अधिक व्यक्ति का इकट्ठा होना शस्त्र लेकर चलना, परीक्षा संचालन के दौरान अनाधिकृत आवाजाही, किसी प्रकार का घातक हथियार जैसे लाठी, भाला, गडासा तथा कोई आग्नेयास्त्र, जिसमें लाईसेन्स पर धारित आग्नेयास्त्र भी शामिल है, निषिद्ध रहेगा। साथ ही कोई भी परीक्षार्थी लेखन सामग्री को छोड़कर अन्य आपत्तिजनक सामग्री (मोबाईल सहित) परीक्षा केन्द्रों में किसी भी परिस्थिति में नहीं ले जायेगें। इस आदेश का उल्लंघन करने पर सुसंगत प्रावधानों के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही परीक्षा के दिन परीक्षा केन्द्र के 500 गज व्यासार्द्ध के आसपास सभी प्रकार के Photo stat Shop, Cyber cafe एवं Coaching Institution प्रातः 10:00 बजे से परीक्षा की समाप्ति तक बंद रहेंगें।लाउडस्पीकर / ध्वनिविस्तारक यंत्र आदि के इस्तेमाल पर पूर्णतः रोक रहेगी। यह आदेश उपरोक्त सभी परीक्षा केन्द्रों पर दिनांक 28 जून एवं दिनांक 29 जून को आयोजित होने वाली परीक्षा के दिन से परीक्षा अवधि के लिए लागू रहेगा।

# टॉप-10 लिस्ट में शामिल एक अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता। नालंदा

पुलिस ने बिहार शरीफ सदर अनुमंडल के टॉप-10 अपराध कर्मियों की सूची में शामिल एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया अभियुक्त नूरसराय थाना क्षेत्र के प्रहलाद नगर निवासी उपेंद्र यादव का बेटा रिशु यादव है। नूरसराय थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि रिशु यादव गांव आया हुआ है। इसके बाद पुलिस ने गांव की घेराबंदी कर उसे प्रहलाद नगर से गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर इसके घर से एक देसी पिस्टल और तो जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है। रिशु यादव 3 साल से भी अधिक समय से फरार चल रहा था। इस पर हत्या, आर्म्स एक्ट, एससी- एसटी, आपदा प्रबंधन अधिनियम समेत कई संगीन धाराओं में आरोपित है। बरामद हथियार कारतूस के संदर्भ में नूरसराय थाना में आर्म्स एक्ट के तहत कांड दर्ज कर जांच शुरू की गई है। रिशु यादव बिहार शरीफ सदर अनुमंडल के टॉप 10 अपराधकर्मियों की सूची में शामिल है। रिशु यादव पिछले तीन सालों से फरार चल रहा था। छापेमारी टीम में नूरसराय थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार, दारोगा राजेश कुमार ठाकुर, ओम प्रकाश राय, प्रशिक्षु दारोगा संजीव कुमार, कन्हैया कुमार, मनोज पंडित, राजू कुमार समेत नूरसराय थाना की सशस्त्र पुलिस बल शामिल रही।



# 'भारत का स्वर्णिम गौरव केंद्रीय विद्यालय लाएगा', नालंदा में तीन दिवसीय प्राचार्य सम्मेलन शुरू

निज संवाददाता। नालंदा

विद्यालय संगठन के पटना संभाग का तीन दिवसीय प्राचार्य सम्मेलन नालन्दा विश्वविद्यालय के सभागार में मुख्य अतिथि प्रो० अभय कुमार सिंह ,उप-कुलपति नालन्दा विश्वविद्यालय के आगमन के साथ गुरुवार को आरम्भ हुआ। विद्यालय के छात्रों ने तिलक लगाकर पुष्प वर्षा के साथ तथा केन्द्रीय विद्यालय संगठन ,पटना संभाग के उपायुक्त अनुराग भटनागर ने हरित वसुंधरा एवं अंगवस्त्र से मुख्य अतिथि का स्वागत और अभिनन्दन किया। इसी क्रम में उपायुक्त अनुराग भटनागर,उपायुक्त केन्द्रीय विद्यालय संगठन पटना संभाग का स्वागत पी.के.सिंह प्राचार्य बेली रोड ,सहायक आयुक्त पूर्णेन्दु मंडल का एम पी सिंह प्राचार्य के.वि. कंकड़ बाग़ तथा सहायक आयुक्त मनीष कुमार का स्वागत विवेक किशोर प्राचार्य के.वि. आयुध निर्माणी नालंदा ने हरित पौध एवं अंगवस्त्र से किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रो० अभय कुमार सिंह नालन्दा विश्वविद्यालय ने दीप प्रज्ज्वलन से किया। छात्रों ने सरस्वती वंदना ,शंखनाद के साथ साथ स्वागत गीत से पटना संभाग के 54 केन्द्रीय विद्यालयों से पधारे प्राचार्यों को अपनी प्रतिभा से मन्त्रमुग्ध कर दिया। पटना संभाग के उपायुक्त अनुराग भटनागर ने आज के मुख्य अतिथि एवं उपस्थित प्राचार्यों स्वागत भाषण में नालंदा के प्राचीन वैभवशाली इतिहास को याद करते हुए बताया कि हमारा सौभाग्य है कि आज इस ज्ञान की पावन धरती पर हम सब को इस प्राचार्य सम्मलेन में आने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने केन्द्रीय विद्यालय के इतिहास और इसके मिशन के बारे में बताया की 1963 में 20 रेजिमेंटल विद्यालयों को केन्द्रीय विद्यालय के रूप में लिया जो आज वटवृक्ष के रूप में विकसित होकर 1256 केन्द्रीय विद्यालय जिसमे लगभग 14 लाख छात्र ,छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

**अर्धसैनिक बलों के कर्मी भी शामिलः** उपायुक्त ने केन्द्रीय




विद्यालय चार बड़े मिशन जिसमें केंद्र सरकार के स्थानांतरणीय कर्मचारियों जिनमें रक्षा तथा अर्धसैनिक बलों के कर्मी भी शामिल हैं , के बच्चों को शिक्षा के सामान्य कार्यक्रम के तहत शिक्षा प्रदान कर उनकी शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करना,विद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठता और गति निर्धारित करना, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी.बी.एस.सी.) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् जैसे निकायों के सहयोग से शिक्षा के क्षेत्र में नए-नए प्रयोग तथा नवाचार को सम्मिलित करना तथा बच्चों में राष्ट्रीय एकता और 'भारतीयता' की भावना का विकास करना है। उपायुक्त ने आने वाले समय में आई एच एल सेक्टर के अन्तर्गत नालन्दा विश्वविद्यालय परिसर में केन्द्रीय विद्यालय स्थापित हो इसकी ईच्छा जताई। मुख्य अतिथि प्रो० अभय कुमार सिंह ने सत्र 2023-24 के बोर्ड परीक्षाओं में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले विद्यालयों के प्राचार्यों को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया और अपने संबोधन में कहा कि नालन्दा विश्विद्यालय में प्रधानमंत्री के द्वारा नवनिर्मित भवन के उद्घाटन के बात यह पहला कार्यक्रम आयोजित हुआ है। जिसमे इतने विद्यालयों के विद्वान प्राचार्य सम्मिलित हुए जो अपने आप में बहुत बड़ी बात है | यहाँ से जब अपने अपने विद्यालयों में जायेंगे तो छात्रों में भारत की अनेकता में एकता की भावना को विकसित कर भारत को पुनः विश्व गुरु के रूप में प्रतिष्ठापित करेंगे। आज के समय में शिक्षा के क्षेत्र में इंटीग्रेशन एंड यूनिटी की जरुरत है जिसे पूरा करने केक लिए देश-विदेशों में केन्द्रीय विद्यालय जैसे महान संगठन की आवश्यकता है।

**54 विद्यालयों के प्राचार्य रहे मौजूदः** उन्होंने कहा कि पटना संभाग के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं सभी 54 विद्यालयों के प्राचार्य गण की उपस्थिति केन्द्रीय विद्यालय में शिक्षा के क्षेत्र में उन्नयन एवं विकास को गति प्रदान करेगा। सत्र के अंत में सहायक आयुक्त पूर्णेन्दु मंडल ने सभी अतिथियों का धन्यवाद् ज्ञापन करते हुए कहा कि हमारे केन्द्रीय विद्यालय गीत की एक पंक्ति है ''भारत का स्वर्णिम गौरव केन्द्रीय विद्यालय लायगा ,तक्षशिला नालन्दा का इतिहास लौटकर आयगा''नालन्दा जो आज विश्व पटल पर विख्यात है यहाँ आकर बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहे है| विद्यालय के छात्राओं ने संगीत शिक्षक अमर ,सुश्री आरती कुमारी एवं श्रीमती प्रतिमा दत्त के मार्गदर्शन में एक भारत श्रेष्ठ भारत के अन्तर्गत त्रिपुरा नृत्य की सुन्दर प्रस्तुति की| कार्यक्रम का संचालन अशोक कुमार स्नातकोत्तर शिक्षक हिन्दी एवं श्रीमती अंगिका कुसुम सिंह स्नातकोत्तर अंग्रेजी शिक्षिका ने किया |

# अवैध नर्सिंग होम संचालकों के विरुद्ध की जाएगी कार्रवाई : डीएम

- किंतु नर्सिंग होम संचालकों एवं कथित एमबीबीएस चिकित्सकों द्वारा पीड़ित परिजनों को पैसों का लोभ लालच देकर बहला फुसलाकर मामले को दबा दिया जाता है।



निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** प्रखण्ड क्षेत्र के सिरदला रोड, बायपास रोड, इमलियाटांड़, ब्लॉक रोड समेत अनुमंडलीय अस्पताल के आसपास दर्जनों अवैध नर्सिंग होम कुकुरमुत्ते की तरह खुले पड़े हैं। इन नर्सिंग होम के संचालकों द्वारा लोगों के पैकेटों से मनमाने ढंग से पैसे तो खींचते ही हैं। साथ ही साथ नवजात एवं प्रसूति के जीवन से भी खेलने से नहीं चूकते हैं। बीते दिनों ऐसे कई मामले सामने आए हैं। किंतु नर्सिंग होम संचालकों एवं कथित एमबीबीएस चिकित्सकों द्वारा पीड़ित परिजनों को पैसों का लोभ लालच देकर बहला फुसलाकर मामले को दबा दिया जाता है। इतना सब होने के बावजूद स्थानीय प्रशासन मौन है। वहीं कुछ मामले थाना एवं वरीय पदाधिकारियों के पास जाते हैं, तब जाकर अवैध नर्सिंग होम के विरुद्ध नाममात्र की कार्रवाई होती है। वहीं कुछ समय बीत जाने के बाद नर्सिंग होम का स्थान एवं नाम बदलकर लोगों का ठगने का काम शुरू कर दिया जाता है। ताजा मामला सिरदला रोड स्थित बच्चा अस्पताल मान्या शिशु केयर का है। जहां सिरदला के अकौना पंचायत के हजरा गांव निवासी गोरे नंदन प्रसाद ने अपनी द्वितीय नवजात पुत्री को भर्ती कराया था। लेकिन सही इलाज नहीं होने के कारण बच्ची की मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। इसी बीच नर्सिंग होम संचालक एवं पीड़ित परिजनों के बीच संवाद हुआ और हंगामा कर रहे परिजन मृत बच्ची के शव को गोदी में लेकर वाहन संख्या जेएच02बीई5207 पर लेकर चले गए। मिली जानकारी के अनुसार सिरदला थाना क्षेत्र के हजरा गांव निवासी गोरे नंदन प्रसाद की पत्नी संगीता देवी अपने दूसरे बच्चे को जन्म देने वाली थी। जिसे बीते गुरुवार को सिरदला पीएचसी में भर्ती कराया गया। सिरदला पीएचसी में शाम को 4:54 बजे संगीता देवी ने एक बच्ची को जन्म दिया। किन्तु नवजात बच्ची रो नहीं रही थी, जिसको लेकर चिकित्सक ने भी बहुत प्रयास किया। अंततः नवजात बच्ची को सदर अस्पताल नवादा रेफर किया गया।पीएचसी सिरदला से रजौली की ओर आ रहे पीड़ित परिजन बिचौलिए के चक्कर मे फंसकर नवजात बच्ची को नवादा सदर अस्पताल न ले जाकर रजौली बायपास से महज 500 मीटर दूर स्थित सिरदला रोड में ही मान्य शिशु केयर में भर्ती करा दिया।जहां सही इलाज नहीं होने पर नवजात बच्ची की मृत्यु हो गई। बच्ची की मृत्यु होने के बाद कथित बच्चा अस्पताल मान्या शिशु केयर के डॉ. मनीष कुमार एवं पार्टनर उदय कुमार परिजनों से समझौता कर भाग खड़े हुए। इस बाबत पर जिलाधिकारी आशुतोष वर्मा ने कहा कि रजौली एसडीओ को मामले की जांच हेतु आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। वे स्थानीय टीम की मदद से रजौली क्षेत्र में संचालित अवैध नर्सिंग होम के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

## बालू माफिया के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई के दौरान 7 लोग गिरफ्तार

निज संवाददाता

**पकरीबरावां (नवादा)।** अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध पकरीबरावां पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रखंड मुख्यालय के दोस्तली बिगहा से दो बालू लदा ट्रैक्टर एवं एक ट्रैक्टर डाला को जब्त किया है। साथ ही छह बालू माफिया/कारोबारी को भी गिरफ्तार किया गया। इसकी जानकारी देते हुए एसएचओ अजय कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि दोस्तली बिगहा में तीन ट्रैक्टर जिसमें अवैध बालू लदा है, दोस्तली बिगहा में बालू गिराने जा रहा है। पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बलों ने आंगनबाड़ी के पास चारो तरफ से घेराबंदी की। पुलिस को देख आठ से दस लोग ट्रैक्टर छोड़ भागने लगे। इस बीच पुलिस ने उपलब्ध बलों के सहयोग से दो बालू लदे ट्रैक्टर एवं एक डाला को जब्त किया। छह कारोबारी को पकड़ा गया। वहीं, एक ट्रैक्टर को चालक ने डाला काटकर ले भागने में सफल रहा। उन्होंने बताया कि पकड़ाए गए कारोबारी/चालक नारदीगंज थाना के राजापुर अकौना के जगदीश प्रसाद का पुत्र अमित कुमार, वारिसलीगंज थाना इलाके के बासोचक के महेश मांझी के पुत्र विकास कुमार तथा वारिसलीगंज थाना इलाके के ही मसनखामा के नरेश यादव का पुत्र संतोष कुमार, अंबिका यादव के पुत्र संतु कुमार, यदुनंदन यादव के पुत्र राकेश कुमार एवं हरफूल यादव के पुत्र देवनंदन प्रसाद है। उन्होंने बताया कि इस मामले में पकरीबरावां थाना कांड संख्या-280/24 दर्ज कर गिरफ्तार सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। दूसरी ओर, पुलिस ने धेवधा मोड़ के पास से अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। साथ ही चालक वारिसलीगंज थाना इलाके के मसनखामा के चांदो यादव का पुत्र सतीश कुमार को भी गिरफ्तार किया गया। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर कार्रवाई की है। गाड़ी पकरीबरावां की तरफ आ रही थी। पुलिस ने चालक को गाड़ी रोकने का इशारा की, तो चालक ट्रैक्टर को रोक कूदकर भागने का प्रयास किया। खदेड़कर पुलिस ने उसे पकड़ा और चालान की मांग की, परंतु कोई भी चालान उपलब्ध नहीं कराया गया।

## जिले का पहला जीविका भवन बनकर तैयार, डीडीसी ने किया उद्घाटन

निज संवाददाता



**रजौली (नवादा)।** जिले के पहला जीविका भवन रजौली प्रखण्ड के रजौली पश्चिमी पंचायत के छपरा गांव में बनकर तैयार था। जिसका विधिवत उद्घाटन डीडीसी नवादा दीपक कुमार मिश्रा ने किया। इस मौके पर रजौली प्रखण्ड प्रमुख सरोज देवी, बीडीओ अनिल मिस्त्री, बीपीआरओ राजन कुमार, प्रमुख प्रतिनिधि बब्लू यादव व ग्राम पंचायत की मुखिया सुभद्रा देवी मौजूद रही। नवनिर्मित भवन का विधिवत उद्घाटन डीडीसी दीपक कुमार मिश्रा, प्रमुख एवं मुखिया ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। भवन के उद्घाटन के बाद डीडीसी को फूलों का गुलदस्ता देकर जीविका कर्मियों द्वारा स्वागत किया गया एवं जीविका दीदियों के द्वारा स्वागत गान की प्रस्तुति की गई। वहीं पर्यावरण संरक्षण एवं जल जीवन हरियाली के तहत डीडीसी समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा जीविका भवन के आसपास पौधरोपण किया गया।कार्यक्रम के दौरान डीडीसी ने यह भवन को लेकर कहा कि जिला का पहला जीविका भवन है,जो प्रमुख व ग्राम पंचायत के मुखिया समेत स्थानीय पदाधिकारीगण का अहम रोल है। डीडीसी ने कहा कि यह नवनिर्मित भवन जीविका को सौंपा जा रहा है। साथ ही कहा कि आशा है कि इस भवन का सदुपयोग जीविका द्वारा किया जाएगा। ताकि आसपास की ग्रामीण महिलाओं का उत्थान हो सके। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। जीविका बीपीएम ने कहा कि प्रखण्ड में 280 जीविका समूहों से लगभग 26000 परिवार की महिलाएं जुड़ी हुई हैं। जीविकोपार्जन हेतु दर्जनों परियोजना का संचालन जीविका द्वारा किया जा रहा है। साथ ही कहा कि इस नवनिर्मित जीविका भवन में आसपास के ग्राम पंचायतों की महिला समूह बैठक आदि करेंगी। साथ ही सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जीविका के माध्यम से गांव की गरीब महिलाओं को मिलेगा। इस मौके पर दर्जनों जीविका कर्मी एवं महिलाएं मौजूद रहीं।

## जनता दरबार में कई मामलों का हुआ ऑन स्पॉट निष्पादन

**नवादा (नि.सं.)।** चन्द्रशेखर आजाद अपर समाहर्त्ता, नवादा एवं दीपक कुमार मिश्रा उप विकास आयुक्त की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में कुल 67 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से आधे से अधिक आवेदनों को ऑन स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। आज भूमि विवाद, प्रधानमंत्री आवास योजना, आपसी विवाद, मनरेगा, आपूर्ति, हर घर नल का जल, चापाकल, विद्युत आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। उप विकास आयुक्त ने सभी आवेदकों से बारी-बारी से उनकी समस्याओं को सुना और त्वरित निष्पादन

## पुण्यतिथि पर श्रद्धा से याद किए गए खादी पुरुष त्रिपुरारी शरण

निज संवाददाता



**कौआकोल (नवादा)।** प्रखर सर्वोदयी नेता व खादी पुरुष के नाम से मशहूर जेपी आश्रम सोखोदेवरा के मार्गदर्शक रहे स्वर्गीय त्रिपुरारी शरण की ग्यारहवीं पुण्यतिथि शुक्रवार को सोखोदेवरा जेपी आश्रम परिसर में श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर लोगों ने उनके तैलीय चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजली दी। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया। साथ ही पूरे आश्रम परिसर की साफ सफाई कार्यक्रम एवं सर्व धर्म प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया। ग्राम निर्माण मण्डल के अध्यक्ष अरविंद कुमार की अध्यक्षता में आयोजित पुण्यतिथि समारोह में वक्ताओं ने त्रिपुरारी शरण को देश का एक महान विभूति बताते हुए उनके आदर्शों पर चलने की बात कही। ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने कहा कि त्रिपुरारी बाबू ने एक नई क्रांति के तहत अपने बल बूते खादी की दिशा व दशा को बदल दिया था। यही कारण है कि उनका त्रिपुरारी मॉडल चरखा आज भी पूरे देश में विख्यात है। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह ने कहा कि त्रिपुरारी बाबू न सिर्फ एक समाजसेवी व आंदोलनकारी रहे बल्कि समाज के लिए एक सच्चे व महान मार्गदर्शक भी थे। ग्राम निर्माण मण्डल के डॉ. भारत भूषण शर्मा ने कहा कि त्रिपुरारी शरण को बिहार सरकार ने खादी पुरुष और झारखंड सरकार ने खादी रत्न से नवाजा था। उनके पदचिन्हों पर चलकर खादी का और भी विकास किया जा सकता है। वहीं इस अवसर पर राजेन्द्र भवन में जलवायु अनुकूल खेती, प्राकृतिक खेती आदि विषयों पर किसान गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ रविकांत चौबे, डॉ. धनंजय कुमार, डॉ. शशांक शेखर सिंह, रौशन कुमार, अंगद कुमार, नीलम कुमारी, सुमिताप रंजन, पिंटू पासवान, ग्राम निर्माण मण्डल के सुचिता तिर्की, धीरेन्द्र कुमार मन्नू, मनोज कुमार, जय प्रकाश आदि मौजूद थे।

## अभिनय में साधना और जिद्द व जुनून से मिलती है सफलता: सूरज प्रकाश

निज संवाददाता



**नवादा।** वर्षा फाउंडेशन द्वारा आयोजित 10 दिवसीय अभिनय कार्यशाला में, प्रशिक्षक के रूप में नवादा पहुंचे रंगमंच व बॉलीवुड फिल्म सुपर 30 के अभिनेता सूरज प्रकाश ने, बच्चों को अभिनय में खेल का संबंध और खेल-खेल में अभिनय के संबंध पर विस्तार से बच्चों को बताया। बच्चों को अलग-अलग तरीके के खेल और एक्सरसाइज के जरिए अभिनय को समझने व सीखने के, पहलुओं से अवगत कराया। साथ ही साथ नुक्कड़ नाटकों में किस तरीके से अभिनय किया जाता है और समाज में, लोगों के बीच जाकर भीड़ में जब, अभिनेता अभिनय करता है तो वह किस तरीके से आम लोगों के बीच अपने आप को प्रस्तुत करता है। अभिनय व खेल के माध्यम से, अभिनय के विषय पर विभिन्न जानकारियां और कई तरह के एक्सरसाइज के जरिए बच्चों को अभिनय की बारीकियां से अवगत कराया गया। सूरज की खुद की शुरुआत नुक्कड़ नाटकों से हुई थी, फिर बाद में मंच अभिनय और फिर ऋतिक रोशन अभिनीत व विकास बहल द्वारा निर्देशित फिल्म सुपर 30 में सूरज ने अपने सशक्त अभिनय का परिचय दिया, उसके बाद प्रकाश झा की आई फिल्म परीक्षा में भी महत्वपूर्ण किरदार में दिखे। वे लगातार रंगमंच में सक्रिय है। नवादा आने पर उन्होंने कहा कि यहां के बच्चे में बहुत संभावना है। प्रशासन और आमजन अगर सहयोग करें तो यहां रंगमंच और फिल्म का बेहतर माहौल बन सकता है और यहां के बच्चे भी देश दुनिया में रंगमंच व फिल्म में एक अभिनेता के तौर पर बड़ा नाम कर सकते हैं। वर्षा फाउंडेशन के सचिव फिल्म अभिनेता सागर इंडिया ने, अभिनेता सूरज को संस्था की ओर से सम्मान पत्र व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्हें नवादा आकर बच्चों को अभिनय की बारीकियां सीखाने के लिए आभार व्यक्त किया। अभिनय कार्यशाला की संयोजिका अनुराधा पंडित ने आज के कार्यशाला के सत्र की जानकारी दी। आज का कार्यक्रम चार सत्र में था। पहले फिल्म अभिनेता सूरज का संघर्षमय जीवन परिचय, दूसरा खेल और अभिनय का संबंध, तीसरा नुक्कड़ नाटक में अभिनय, चौथ नुक्कड़ नाटक में गीत जोगीरा का महत्व इन, सब की जानकारी दी गई। अनुराधा ने बताया की जो भी बच्चे इस अभिनय कार्यशाला में भाग लेना चाहते हैं वो, शोभिया मंदिर, विवाह मंडप, अनुराधा पंडित मैरिज हॉल में आकर संपर्क कर सकते हैं।

## ई-शिक्षाकोश पर शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज करने की मिली जानकारी

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** ई-शिक्षाकोश पर उपस्थिति प्रविष्टि करने सम्बंधित नारदीगंज प्रखंड के सभी प्रधानाध्यापक को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को इंटर विद्यालय नारदीगंज में हुआ। अध्यक्षता बीडीओ रंजीत कुमार ने की। इस दौरान बीईओ महेश्वर रविदास, सीओ मो. रईस आलम, बीआरपी सह समावेशी शिक्षक आंनद कुमार, लेखापाल संजीव रंजन समेत अन्य की मौजूदगी में हुआ। इस मौके पर सीओ, बीईओ, बीपीएम, प्रखंड लेखापाल के देखरेख में मोबाइल से उपस्थिति बनाने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही निर्देश दिया गया की हर हाल में सभी शिक्षकों की उपस्थित ई-शिक्षकोश पोर्टल पर बनाना है।

## पटना-रांची-पटना वंदे भारत ट्रेन: मेक इन इंडिया की सफलता की कहानी

निज संवाददाता



**हाजीपुर (वैशाली)।** भारतीय रेल की आधुनिक, स्वदेशी तकनीक और विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस भारत की पहली सेमी-हाई स्पीड रेल सेवा, वंदे भारत ट्रेन भारत की प्रगति और आधुनिकता का पहचान बन गयी है। इस श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए एक साल पहले आत्मनिर्भर भारत की मेड इन इंडिया पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस 27.06.2023 को पहली यात्रा पर निकली थी। प्रधानमंत्री जी के कर-कमलों द्वारा 27.06.2023 को रांची से पटना के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के परिचालन का शुभारंभ किया गया। इसके बाद 28.06.2023 से इस ट्रेन की वाणिज्यिक सेवा शुरू हुई थी। मंगलवार को छोड़कर यह ट्रेन सप्ताह में 06 दिन चलती है। गाड़ी संख्या 22349/22350 पटना-रांची-पटना वंदे भारत ट्रेन यात्रियों को विश्वस्तरीय यात्री सुविधाएं प्रदान कर रही है। यह ट्रेन यात्रियों के बीच काफी लोकप्रियता हासिल की है। यात्रियों का डेटा इसकी लोकप्रियता को दर्शाता है। परिचालन प्रारंभ होने के बाद 28.06.2023 से 21.06.2024 तक लगभग 01 लाख 64 हजार यात्रियों ने इससे यात्रा की जिससे 31.32 करोड़ रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ। इस अवधि में 530 पैसेंजर की क्षमता वाली पटना-रांची वंदे भारत ट्रेन की ऑकुपेंसी शत-प्रतिशत रही तथा इस ट्रेन द्वारा 309 ट्रिप लगाया गया। अप एवं डाउन दिशा में अगर अलग-अलग देखा जाए तो इस अवधि में गाड़ी संख्या 22349 पटना-रांची वंदे भारत ट्रेन से 15.27 करोड़ रूपए जबकि 22350 रांची-पटना वंदे भारत ट्रेन से 16.05 करोड़ रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ। यह ट्रेन पटना और रांची के मध्य 379 किलोमीटर की दूरी मात्र 06 घंटे में तय करती है। इसके परिचालन से यात्रियों की जनशताब्दी एक्सप्रेस पर निर्भरता कम हुयी है। इसमें यात्रियों हेतु उच्च गुणवत्तायुक्त खान-पान सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। कोडरमा एवं बरकाकाना के मध्य दुर्गम पहाड़ियों को काटकर बनाए गए टनलों से सुसज्जित रेलखंड पर चलने वाली इस ट्रेन के यात्रियों को यात्रा के दौरान प्राकृतिक सौंदर्य के मनोरम दृष्य का आनंदमयी अनुभूति होती है। इससे जहां दोनों राज्यों के पर्यटन में तेजी आयी है वहीं यहां के अन्य उद्योगों और व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिला है। इस रेल सेवा से रांची और पटना के बीच लगभग 40 किमी की दूरी कम हुयी है जिससे यात्रा समय में भी कमी आयी है। वंदे भारत एक्सप्रेस में लगाये गये जीपीएस आधारित पेसेंजर इंफोर्मेशन सिस्टम, टच-फ्री टॉयलेट्स, वाई-फाई इंफोटेनमेंट जैसी सुविधाओं ने इसे विश्व स्तरीय बनाया है। ट्रेन में मौजूद कवच (एंटी कॉलिजन एवॉइडेंस सिस्टम) व सीसीटीवी इसे सुरक्षित बनाते हैं। अत्याधुनिक तकनीक और सुविधाओं से लैस यह ट्रेन अब रेलवे की नई पहचान बनकर उभरी है। इसका उद्देश्य यात्रियों को एक बिल्कुल नया यात्रा अनुभव प्रदान करना है। गति, सुरक्षा और सेवा इस ट्रेन की पहचान हैं। यह वंदे भारत ट्रेन ने न सिर्फ लोगों की यात्रा को और सुगम बनाया है, बल्कि यह खनिज संपदा से समृद्ध झारखंड और बिहार की आर्थिक प्रगति में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना**

सूचना सं.: EPC-PSI-GHD-SEB-ECR-03

1. **कार्य का नाम एवं स्थान:** Design, Supply, Erection, Testing & Commissioning of Traction Sub Stations with associated Switching Posts for upgradation work of electric traction system from 1X25 to 2 X 25 KV AT feeding system in Garwa Road - Sonnagar Section of Deendayal Upayadhaya Division of East Central Railway." 2. **कार्य का अनुमानित लागत:** रुपये 128, 52, 69,179.99/- 3. **निविदा फार्म की कीमत:** 0.00/- 4. **आवश्यक बयाना राशि:** 65,76,400.00/- 5. **निविदा प्रस्ताव जमा करने एवं निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** निविदा प्रस्ताव जमा करने की प्रारंभिक तारीख दिनांक–13.08.2024, निविदा खुलने की तारीख एवं समय–दिनांक–04.09.2024 को 15:00 बजे। 6. **वेबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तें व विवरण की जानकारी प्राप्त की जा सकती है:** पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तें व विवरण निविदा प्रपत्र में है जिसे www.ireps.gov.in वेबसाइट पर देखा जा सकता है। 7. **पता एवं अन्य जानकारी:** मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/रेल परियोजना/दानापुर कार्यालय जगजीवन स्टेडियम के निकट, खगौल, पोस्ट–खगौल, जिला–पटना, पिन–801105

उप मुख्य विद्युत अभियंता
रेल परियोजना, दानापुर

पीआर/00587/आरपी/ईएलईसी/टी/24–25/40

**दिल्ली विश्वविद्यालय**
**UNIVERSITY OF DELHI**

Advt. No. R&P/302/2024 Dated: 05.06.2024

Online applications are invited in the prescribed Application Form from the eligible candidates for appointment to the vacancies in the Engineering Branch of the University on permanent basis. The last date for receipt of the application is within tow weeks from the date of publication of the advertisement in the Employment News. For details, please see University website www.du.ac.in and click "Jobs and Opportunities" Under the Head "Work with DU"

Any addendum/corrigendum shall be posted only on the University website.

REGISTRAR

Important Note:

The details regarding qualifications, experience, Scheme of Examination etc. are available on the University website www.du.ac.in, along with this advertisement. The applicants are required to read these details before filling up the form.

CBC - 21231/12/0002/2425

**बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्**

ई–मेल. msbspcb-bih@gov.in,
वेबसाईट-http://bspcb.bihar.gov.in

**लोक–सुनवाई की सूचना**

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के ई.आई.ए. अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533, दिनांक 14.09.2006 एवं यथा संशोधित अधिसूचनाओं के आलोक में राज्य पर्यावरण समाधात निर्धारण प्राधिकरण के समक्ष मेसर्स शौर्यांस इंटरप्राइजेज, प्रस्तावकः काजल सिंह, पिताः राणा उदय प्रताप सिंह, पताः ओम गंगा कम्पलेक्स, दानापुर, सगुना मोड़, पटना, बिहार द्वारा सोन नदी स्थित औरंगाबाद सोन– 6–B बालु घाट, मौजा– केरा, ब्लॉक– दाउदनगर, जिला– औरंगाबाद में प्रस्तावित बालू खनन परियोजना हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति का प्रस्ताव विचाराधीन है।

इस परियोजना के कार्यान्वयन के पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु राज्य पर्यावरण समाधात निर्धारण प्राधिकरण द्वारा TOR (Terms of Reference) निर्गत की गयी हैं तथा लोक–सुनवाई की जानी है।

परियोजना का पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन तैयार किया गया है। जिसमें संभावित कुप्रभावों को निरस्त करने के उपाय प्रस्तावित है। उक्त प्रतिवेदन तथा परियोजना के कार्यपालक सार की प्रति पर्षद् मुख्यालय, पटना, जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद; कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, औरंगाबाद; महाप्रबंधक, जिला उधोग केन्द्र, औरंगाबाद एवं जिला खनन कार्यालय, औंरंगाबाद के कार्यालय में प्रभावित क्षेत्र के लोगों के अवलोकनार्थ उपलब्ध हैं। परियोजना की विवरणी का अवलोकन पर्षद् के वेबसाईटः http://bspcb.bihar.gov.in पर भी किया जा सकता है। वैसे व्यक्ति जो इस परियोजना से प्रभावित होने वाले हों, अपना लिखित सुझाव/विचार एवं मंतव्य इस सूचना प्रकाशन के 30 (तीस) दिनों के अन्दर पर्षद् कार्यालय में भी जमा कर सकते है। साथ ही पर्षद् के ई–मेलः msbspcb.bih@gov.in पर अथवा डाक के माध्यम से भी लिखित सुझाव/विचार एवं मंतव्य भेजी जा सकती है।

परियोजना प्रभाव क्षेत्र के नागरिकों के लिए लोक–सुनवाई निम्नानुसार आहूत किया गया हैः–

| दिनांकः | समय | ब्लॉक का नाम | बालू घाट का मौजा | बालू घाट का नाम | लोक–सुनवाई का स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| 06.08.2024 | अपराह्न 12:00 बजे | दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद | केरा | सोन नदी स्थित औरंगाबाद सोन– 6–B | प्रखंड कार्यालय, दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद |

सभी आम लोगों/संबंधित से अनुरोध हैं कि उपरोक्त लोक–सुनवाई के दौरान सरकार द्वारा निर्गत कोविड–19 गाईड–लाईन का पालन करते हुए परियोजना के संबंध में अपने मंतव्य/सुझाव /विचार से अवगत करायेगें।

PR- 002924 ( B & C ) 2024-25

सदस्य सचिव

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

## संक्षिप्त समाचार

### आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों का हो रहा है शोषण

**आरा।** जनतंत्र आवाज पार्टी ने जिला समाहरणालय के समीप धरना दिया। अध्यक्षता अजय शर्मा ने किया। अजय शर्मा ने कहा कि शिक्षा पर देश के सभी व्यक्ति का अधिकार है, मगर जान बुझ कर सरकार शिक्षा को मंहगा करते जा रही। जिससे बच्चो को पढ़ाना मुश्किल हो रहा है। पार्टी के महासचिव कुंदन शर्मा ने कहा कि शिक्षा मे झुआ छूत आज भी क़ायम है। गरीब सरकारी विद्यालय मे और अमीर मंहगें प्राइवेट विद्यालय मे पढ़ रहे है। पार्टी के संरक्षक प्रेमचंद प्रसाद ने कहा कि शिक्षा को मंहगा होने से सरकार को बचाना चाहिए। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज किशोर शर्मा ने कहा कि विगत कई वर्ष से सभी महत्वपूर्ण परीक्षा लीक कर दी जाति है, जिससे आर्थिक रुप से कमजोर छात्रों का शोषण होता है।

### लापरवाह 4 पीएचसी के कमियों के वतन पर रोकः एसीएमओ

**आरा।** फलेरिया नाइट ब्लड सर्वे के लिए पिरामल ग्रुप एवं जिला मलेरिया, फलेरिया विभाग के कर्मियों ने गुरुवार को नाइट ब्लड सर्वे के शुरू होने से पूर्व एसीएमओ डॉ केएन सिन्हा से मुलाक़ात की। उन्होंने एसीएओ से कहा कि पीरो, चरपोखरी, गड़हनी एवं तरारी पीएचसी के कर्मी फलेरिया की दवा को अपने यहां नहीं ले गए है। डॉ केएन सिन्हा ने ऐसी लापरवाही को देखते हुए, ऐसे लापरवाह कर्मचारियों के वेतन पर लगाने का निर्देश दिया है। एसीएमओ ने कहा कि जब तक उनके द्वारा नाइट ब्लड सर्वे का काम अच्छी तरह पूरा नहीं किया जाता है तबतक उनके वेतन पर रोक रहेगा। नाइट ब्लड सर्वे का काम आज गुरुवार से शुरू हुआ है। इसे सफल करने के लिए कर्मियों एवं जनप्रतिनिधियों का सहयोग जरूरी है।

### इनकम टैक्स विभाग का सर्वर डाउन से बढ़ी परेशानी

**बक्सर।** इनकम टैक्स विभाग का सर्वर डाउन रहने से परेशानी बढ़ गई है। बताते चलें कि इनकम टैक्स विभाग की ओर से 30 जून तक आईटीआर भरने की तिथि निर्धारित की गई है। ऐसे में कम समय में सारे काम को निपटा लेना है। वहीं विभाग का सर्वर काफी स्लो रहने के कारण काम करने में परेशानी आ रही है। बक्सर में इनकम टैक्स के अधिवक्ता सुरेश संगम ने बताया कि विभाग के द्वारा इनकम टैक्स रिटर्न भरने की आखिरी तिथि 30 जून निर्धारित की गई है। ऐसे में सारे काम कम समय में निपटाना हैं, परंतु इनकम टैक्स विभाग का सर्वर काफी स्लो रहने के कारण काम करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ओटीपी भी देर से मिल रहा है। मैसेंजिंग में भी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। देर रात तक काम करना पड़ रहा है। दूसरी ओर जिनका आईटीआर भरा जा चुका है। उनका रिटर्न भी अबतक नहीं मिल रहा है।

### योजना की विफलता व जलसंकट पर हंगामा



**आरा।** नगर निगम बोर्ड की साधारण बैठक गुरुवार को हुई। इस दौरान प्रस्तावों पर बहस के दौरान कई बार टोका-टोकी और हंगामा हुआ। हालांकि, इस बैठक में आरा नगर निगम क्षेत्र में सफाई के लिए ई-रिक्शों की खरीदारी, बढ़िया क्वालिटी के डस्टबिन व सफाई सामग्री की खरीदारी, गंदे नालों की सफाई, हर वार्ड में पौधरोपण व गत बैठक के कार्यवाही की संपुष्टि का निर्णय लिया गया। पार्षदों ने नल जल योजना में कमी को लेकर विभाग को पत्र, 10 दिन में भीषण जलसंकट का निदान नहीं होने पर समाहरणालय के समक्ष धरना, ईईएसएल कम्पनी को लाइट से संबंधित शिकायत करने का निर्णय लिया। नगर निगम सभागार में इस बैठक की अध्यक्षता मेयर इंदु ने किया। डिप्टी मेयर पूनम देवी, नगर आयुक्त निरोज कुमार भगत व नगर उप-आयुक्त मनोज कुमार, नल-जल योजना व ईईएसएल के अधिकारी व कई वार्ड पार्षद उपस्थित थे। बैठक में वार्ड पार्षद मो जाकिर ने कहा कि जल समस्या के समाधान के लिए सभी वार्ड में पुराने चापाकलों में सबमर्सिबल डालकर चालू किया जाए। उस सबमर्सिबल से घरों जलापूर्ति किया जाए। वार्ड पार्षद शमीम आरवी ने कहा कि हमारे वार्ड में 30% पाइप का कनेक्शन हुआ है। एक भी घर में जलापूर्ति नहीं होती। पार्षदों और योजना के अधिकारी के दावे-प्रतिदावे पर शोर-शराबा हुआ बैठक में कई वार्ड पार्षदों ने निगम क्षेत्र में भीषण जलसंकट व नल-जल योजना की विफलता का जमकर विरोध किया। इस दौरान पार्षदों और योजना के अधिकारी के दावे-प्रतिदावें पर शोर-शराबा हुआ। वार्ड पार्षदों ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में नल-जल योजना को पूरी तरह फेल है। योजना का 40 प्रतिशत कार्य भी पूरा नहीं हुआ है। जबाब में नल-जल योजना के अधिकारी ने कहा कि शहर में 90% काम हो चुका है। सभी वार्डों में जलापूर्ति की जा रही है। वार्ड पार्षद जितेंद्र कुमार उर्फ जीतू चौरसिया ने कहा कि नल-जल योजना हर घर में पहुंचा या नहीं, इसकी उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। वार्ड पार्षद राजीव कुमार ने कहा कि सभी वार्डो का आंकड़ा लिया जाए। योजना में 40% काम हुआ। उसमें बिछाये पाइप में 20% भी पानी नहीं आ रहा है। ईईएसएल की लाइट भी कई जगह रात में नहीं जलता, कुछ जगह रात 9 बजे के बाद जलता है।

### चौसा नगर पंचायत में लगेंगे CCTV कैमरे, सामान्य बोर्ड की बैठक में लिए गए कई फैसले



**बक्सर।** बक्सर के चौसा नगर पंचायत कार्यालय सभागार में सामान्य बोर्ड की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष किरण देवी के द्वारा किया गया। चौसा नगर पंचायत को सुंदर, स्वच्छ और हरा-भरा बनाने पर सभी को सहमति बनी है। इसके साथ ही कहा गया कि नगर पंचायत क्षेत्र में अल्ला शाहिद बाबा के पास एवम् वार्ड संख्या-13 में स्थाई प्याऊ की व्यवस्था किया जाए। नगर पंचायत क्षेत्र में आवश्यकतानुसार सीसीटीवी कैमरा का आधिष्ठापन किया जाएगा। बैठक का संचालन कार्यपालक पदाधिकारी आमिर सोहेल ने किया। मुख्य पार्षद किरण देवी ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में बरसात पूर्व पानी निकासी हेतु सभी बड़े नालों की युद्ध स्तर पर उड़ाही का कार्य कराया जा रहा है। सहायक लोक स्वच्छता पदाधिकारी एवम् सफाई जमादार के देख-रेख में दल का गठन किया गया है। ताकि नगर पंचायत क्षेत्र में जल-जमाव की समस्या उत्पन्न न हो। बताया गया कि नगर पंचायत क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में आवश्यकतानुसार चापाकल का निर्माण करवाया जाएगा। प्रमुख चौक-चौराहों पर कूड़ेदान की व्यवस्था, प्रत्येक घर में डस्टबीन दिया जाए, नगर पंचायत क्षेत्र में सफाई की व्यवस्था को और सरलीकरण करने हेतु आवश्यकतानुसार ट्रैक्टर साथ ट्राली का क्रय, पेयजल की संकट के निदान हेतु पानी टैंकर का क्रय, प्रमुख चौक-चौराहे पर LED तिरंगा लाइट का क्रय करने का निर्णय लिया गया। प्रत्येक वार्ड में गली-नली का निर्माण विभागीय एवं निविदा के माध्यम से करने का निर्णय लिया गया। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 के पूर्व तैयारी हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जैसे पेंटिंग, स्लोगन, नुक्कड़ नाटक, रैली कार्यक्रम कराने हेतु बैठक में निर्णय लिया गया। प्रमुख चौक चौराहे पर तिरंगा लाइट का अधिस्थापन, प्रत्येक वार्ड में CFL बल्ब लगाने का भी निर्णय लिया गया है।

# पुलिसकर्मी पर हमला मामले में प्राथमिकी दर्ज

## सिक्योरिटी इंचार्ज, सुपरवाइजर समेत 5 गार्ड गिरफ्तार, सिपाही का फोड़ा था सिर

निज संवाददाता। आरा



आरा सदर अस्पताल में तैनात प्राइवेट सुरक्षा एजेंसी के सुरक्षा गार्डों द्वारा ऑन ड्यूटी पुलिसकर्मी की पिटाई करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। घायल सिपाही के बयान पर टाउन थाना में हुई प्राथमिकी में पांच को आरोपित किया गया है। इस बार पुलिस ने एक्शन लेते हुए मारपीट में संलिप्त सुरक्षा एजेंसी के अस्पताल सुरक्षा प्रभारी और सुपरवाइजर समेत पांच गार्डों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार उदवंतनगर थाना के पियनियां गांव निवासी सुरक्षा प्रभारी संजय कुमार सिंह, टाउन थाना के आनंदनगर मोतीझील निवासी सुपरवाइजर घनश्याम उपाध्याय, यूपी के बलिया के डोकटी थाना के बाजीपुर गांव निवासी गार्ड राजेश सिंह, उदवंतनगर के बेलाउर गांव निवासी महेश चौधरी और टाउन थाना के धरहरा निवासी गार्ड मोइनुद्दीन अंसारी को गिरफ्तार किया गया है। इधर, एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि सभी दोषियों के विरुद्ध पुलिस पर हमला करने एवं सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का मुकदमा चलेगा।

**क्या था पूरा मामला...:** जख्मी जवान जहानाबाद के पालीगंज थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी हारून अशरफ का 39 वर्षीय बेटा साबिर रजा है। वह वर्तमान में नवादा थाना में डायल 112 नंबर पुलिस वाहन पर सिपाही के पद पर कार्यरत है। मारपीट के दौरान जख्मी सिपाही की आंखों के पास, सिर पर गंभीर चोटें आईं हैं और उसके आंख के बगल से खून भी बह रहा था। पटना कंट्रोल रूम से सूचना प्राप्त हुई थी कि अनाईठ मेन रोड पर लावारिस हालत में एक बुजुर्ग बेहोश पड़े हैं। सूचना पर डायल 112 टीम वहां गई थी और बेहोश पड़े व्यक्ति को उठाकर गाड़ी से सदर अस्पताल में इलाज के लिए लेकर आए थे। इस दौरान सदर अस्पताल के सुरक्षाकर्मी के सुपरवाइजर द्वारा बोला जाने लगा कि मरीज के साथ एक व्यक्ति होगा तभी यहां भर्ती कर इलाज होगा। इस बात पर बहस होने लगी। इसके बाद पुलिसकर्मी ने कहा कि अभी दो और केस के लिए उन्हें सूचना मिली है, वहां जाना बहुत जरूरी है,लेकिन सुपरवाइजर और सुरक्षाकर्मी ने कुछ नहीं सुना। इसके बाद गार्डों ने पुलिसकर्मी के साथ धक्का-मुक्की करना शुरू कर दी।

इस दौरान वहां मौजूद एक गार्ड ने तार से बने डंडा से सिपाही को मारना शुरू कर देता है। इसके बाद देखते ही देखते पांच-छह गार्डों ने मिलकर जमकर पिटाई कर दी। जैसे-तैसे जख्मी हालत में सिपाही अपनी जान बचाकर भागे। इस मामले में एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि गुरुवार की दोपहर नवादा थाना के डायल 112 नंबर पुलिस द्वारा जख्मी हालत में एक लावारिस व्यक्ति को इलाज के लिए आरा अस्पताल ले जाया गया था। जब डायल 112 नंबर पुलिस जवान द्वारा वहां कागजी प्रक्रिया की जा रही थी। तभी वहां मौजूद प्राइवेट सुरक्षा कर्मियों से कहासुनी हुई। वहां मौजूद प्राइवेट सुरक्षा कर्मियों द्वारा उनकी पिटाई कर दी। सूचना पाकर तुरंत सहायक पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार, नवादा थानाध्यक्ष और टाउन थानाध्यक्ष फौरन वहां पहुंचे और घटना की जानकारी ली। इसके बाद वहां से मिले सीसीटीवी वीडियो और अन्य साक्ष्य को देख मारपीट में शामिल प्राइवेट गार्ड को चिन्हित कर पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सीसीटीवी वीडियो और फुटेज की जांच की जा रही है। अगर इस मामले में अन्य गार्ड भी आरोपित होंगे तो उन्होंने उन पर भी विधि संगत कार्रवाई की जाएगी। बता दे की यह घटना कोई पहली बार नहीं घटी है। इसी माह के 12 जून को सदर अस्पताल के एक चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी परमेश्वर प्रसाद के साथ भी मारपीट की गई थी।

यही नहीं कई बार मरीजों के परिजनों के साथ भी सदर अस्पताल के प्राइवेट सुरक्षा कर्मियों के द्वारा दुर्व्यवहार किया जा चुका है। लेकिन इसके बाद भी अस्पताल प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की सख्त कार्रवाई नहीं की जा रही है।

## सड़क हादसे में रिटायर्ड आर्मी मैन की पत्नी की मौत

निज संवाददाता। आरा



आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर उदवंतनगर थाना क्षेत्र के जीरो माइल पर गुरुवार की देर शाम बेलगाम पिकअप ने सड़क पार कर रही रिटायर्ड आर्मी मैन की पत्नी को रौंद दिया। हादसे में उनकी मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। वही घटना के बाद चालक पिकअप लेकर फरार हो गया। मृतक की पहचान नवादा थाना क्षेत्र के विष्णु नगर बैंक कॉलोनी निवासी सह रिटायर्ड आर्मी मैन राधा मोहन सिंह की 65 वर्षीय पत्नी रामरतो देवी के रूप में हुई है। बेटी ममता सिंह ने बताया कि वह अपनी मां एवं बच्चों के साथ जीरो माइल स्थित सैनिक कैंटीन गए थे। इसके बाद बगल के ही दुकान से चीनी खरीदने चली गई। चीनी खरीदने के बाद वे सभी कैंटीन से बाहर निकली तो बच्चों ने आइसक्रीम खाने के लिए कहा। तभी वह बच्चों को आइसक्रीम खरीदाने लगी। उसी उनकी मां सड़क पार कर रही थी। विपरीत दिशा से आ रहे बेलगाम पिकअप ने उन्हें रौंद दिया। वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। इसके बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। चिकित्सक ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी गई।

## राजपुर सीओ के आवेदन पर बिडिसी सदस्य गिरफ्तार, मारपीट और सरकारी कार्य में बाधा डालने का लगाया आरोप

निज संवाददाता। बक्सर

### बक्सर DM से लगाई थी गुहार



बक्सर के बारूपुर पंचायत समिति सदस्य अली शेर को राजपुर सीओ से मारपीट और सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। राजपुर थाना द्वारा सीओ के द्वारा दिए गए आवेदन पर एफआइआर दर्ज कर पंचायत समिति सदस्य अली शेर की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी किया जा रहा था। जिसे गिरफ्तार करने में गुरुवार की शाम सफलता मिली ही।जिसकी जानकारी राजपुर थाना प्रभारी द्वारा दिया गया है।हालंकि राजपुर के बिडिसी सदस्यो द्वारा डीएम को आवेदन देकर सीओ के आरोप को बेबुनियाद बता न्याय की गुहार भी लगाया गया था। घटना 13 जून की है।

**गाली-गलौज और मारपीट का लगाया आरोपः** बारूपुर पंचायत समिति सदस्य अलीशेर साह के खिलाफ राजपुर अंचल पदाधिकारी शोभा कुमारी ने राजपुर थाना में आवेदन दे यह आरोप लगाया था की बीडीसी सदस्य अलीशेर साह द्वारा कार्यालय में पहुंचकर धमकी दिया गया। जिसके बाद अभद्रता करने के साथ ही सरकारी कामकाज में बाधा पैदा करने और गाली देने के अलावा मारपीट की गई है। जिसके आधार पर एफआइआर दर्ज कर लिया गया और पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी।

**जानिए क्या है पूरा मामलाः** बताया गया की अली शेर की जब सीओ से लेकर बहस हुआ था तो उस दौरान बहुत सारे कर्मी भी उपस्थित थे। जबकि, पंचायत समिति सदस्य अली शेरशाह ने बताया कि वह अपने पंचायत के एक व्यक्ति के कार्य के लिए गुहार लगाने सीओ के पास गया था। जिस पर अंचल अधिकारी द्वारा कार्यालय से बाहर निकलने की धमकी दी गई और झूठा मुकदमा भी दर्ज कराया गया है। जिसके बाद 15 जून को राजपुर प्रखंड के एक दर्जन से अधिक पंचायत समिति के सदस्यों ने डीएम और एसपी को लिखित आवेदन देकर इस मामले में न्याय की गुहार लगाई गई थी। बीडीसी अलीशेर ने बताया कि गुरुवार की जो भी घटनाक्रम हुआ है। वही घटना अंचल कार्यालय के सीसी टीवी कैमरे में कैद है। जिसकी जांच करने पर सब साफ हो जाएगा।

## अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने की कार्रवाई, बक्सर के ब्रह्मपुर में सड़क को कराया खाली

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के ब्रम्हापुर में जिला प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने का काम किया। इसके लिए भारी पुलिस बल के साथ ब्रह्मपुर सीओ जेसीबी लेकर पहुंची, तो ब्रह्मपुर चौरस्ता से लेकर बाजार तक अतिक्रमण करने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। सभी आनन-फानन में अपनी दुकान को रोड से अंदर की तरफ करने में जुट गए। कई लोगों ने सरकारी जमीन में शेड लगा कर अतिक्रमण किया था। उसे खोलने में लग गए। सीओ ने जिलाधिकारी के निर्देशानुसार गुरुवार को ब्रह्मपुर चौरास्ता से अतिक्रमण हटाने का काम चालू किया।

**पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में कियाः** यह ब्रह्मपुर बजार तक जाकर समाप्त हुआ। वहीं दूसरी तरफ अतिक्रमण हटाने के क्रम में विरोध भी हुआ। लेकिन, थानाध्यक्ष सुरेश प्रसाद सिंह ने लोगों को समझा बूझकर अतिक्रमण हटाया। वहीं, कुछ असामाजिक तत्वों के काम में बाधा डालने के खिलाफ पुलिस ने तीन लोगों को अपने हिरासत में लिया है। इस दौरान कई लोगों ने इसका विरोध भी किया। लेकिन, ब्रम्हपुर सीओ खुशबु खातून व थानाध्यक्ष सुरेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में थाना पुलिस और जिला पुलिस के अतिरिक्त जवान किसी भी स्थिति से निपटने के लिये तैयार थे।

**दोपहर 12 बजे से शुरू हुआ था कामः** 12 बजे से अतिक्रमण हटाने का काम शुरू हुआ। यह शाम के 4 बजे तक चला। सीओ खुशबु खातून ने बताया कि सरकारी जमीन

### हिरासत में 3 लोग

पर सड़क के किनारे अतिक्रमण करने वाले को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। मालूम हो कि ब्रह्मपुर से रघुनाथपुर सड़क मार्ग में सरकारी अस्पताल, प्रखंड मुख्यालय व थाना सहित अनेक स्कूल और कॉलेज है। सड़क के किनारे सब्जी बेचने वाले और ठेला लगाने वाले का अतिक्रमण से सड़क पर ही लोग अपनी गाड़ी लगाते थे। इससे जाने आने में प्रतिदिन लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। इसके निजात के लिए प्रशासन ने शक्ति का इस्तेमाल करते हुए बुलडोजर से अतिक्रमण किए हुए जमीन को खाली करवाया। बुलडोजर और प्रशासन को देखते ही अतिक्रमणकारी अपना समान समेटने लगे और सड़क रास्ता को खाली कर दिया।

## घर से 20 रुपए लेकर निकला, अचानक हुआ गायब

निज संवाददाता। आरा



◆ आरा के सोन नदी में मिली लाश, बहियारा घाट से शव दूसरे दिन मिला

भोजपुर के चांदी थाना क्षेत्र के बहियारा गांव स्थित सोन नदी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। उसका शव दूसरे दिन गुरुवार की देर शाम बरामद हुआ है। घटना के बाद परिवार में अफरा-तफरी का माहौल है। शव के मिलने के बाद स्थानीय थाना पुलिस ने परिजनों को सूचना दी है। मृतक की पहचान चांदी थाना क्षेत्र के नरबीरपुर गांव के वार्ड-3 निवासी मनोज ठाकुर के 23 वर्षीय बेटे शुभम कुमार के रूप में हुई है। इधर, युवक के परिजन ने बताया कि बुधवार की सुबह घर से 10-20 रुपए लेकर निकले थे। इसका चार घंटे तक हमलोगों ने इंतजार किया, लेकिन समय पर घर नहीं लौटे तो पूरे परिवार ने काफी खोजबीन की। इसके बावजूद भी उनकी कोई जानकारी नहीं मिली । इसके बाद चांदी थाना की पुलिस ने परिवार को सूचना दी। एक शव सोन नदी से बरामद हुआ है। घटना की सूचना मिलने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त की। पुलिस ने शव का आरा सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृत युवक शुभम के घर में मां विभा देवी,अपने एक भाई मुकेश और एक बहन शिवानी में बड़े थे। घटना के बाद मृत युवक के परिवार में कोहराम मचा है।सभी परिवार वालों का रो रोकर बुरा हाल है।

## ट्रक चालक से डकैती करने वाले 2 बदमाश गिरफ्तार

निज संवाददाता। आरा

आरा के बड़हरा थाना क्षेत्र अंतर्गत आरा-छपरा फोरलेन पर बबुरा पुल के पास यूपी के ट्रक चालक से हुई डकैती के मामले में पुलिस ने दो और बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी गुरुवार को एसपी प्रमोद कुमार ने दी। दोनों की गिरफ्तारी सारण से हो सकी। उन्होंने बताया कि सारण जिले के डोरीगंज थाना के चकिया गांव निवासी संजय कुमार उर्फ बिट्टू कुमार तथा उसी के दूसरे हम नाम बिट्टू कुमार को गिरफ्तार किया गया है। इससे पूर्व इस केस में तीन बदमाश गिरफ्तार कर जेल भेजे गए थे। अब तक पांच की गिरफ्तारी हो चुकी है। एसपी ने बताया कि 12 फरवरी 2023 की रात यूपी के कुशीनगर जिला निवासी अफजल अंसारी सीवान से ट्रक लेकर कोईलवर बालू लोड करने जा रहे थे कि उसी दौरान आरा-छपरा फोरलेन पर बबुरा पुल के समीप आठ की संख्या में रहे हथियार बंद बदमाशों ने पिस्तौल का भय दिखाकर लूटपाट की थी। इस दौरान फिर दूसरे ट्रक के चालक को लूटने की कोशिश कर रहे थे कि उसी दौरान नागरिकों के सहयोग से पुलिस ने बदमाशों में से एक को धर दबोचा था। पूछताछ के दौरान गैंग का खुलासा हुआ था। इधर, कांड में संलिप्त बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए सदर एसडीपीओ टू रंजीत सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। जिसके बाद टीम ने रात्रि पहर सारण के चकिया में छापेमारी कर फरार चल रहे दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। टीम में बड़हरा थानाध्यक्ष संजय कुमार समेत अन्य सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। उक्त कांड में संलिप्त अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

## सड़क हादसे में घायल किशोर की मौत, दोस्त के लिए दवा लाने गया था अस्पताल

निज संवाददाता। आरा



### पैदल लौटने के दौरान तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर

भोजपुर जिले जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दुलौर गांव के समीप बुधवार की दोपहर हुए सड़क हादसे में जख्मी किशोर की मौत हो गई। इलाज के दौरान सदर अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में गुरुवार को उसने दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृत किशोर जगदीशपुर थाना क्षेत्र के टिकठी गांव निवासी दसई प्रसाद का बेटा सागर कुमार (16) है। इधर,मृत किशोर के पड़ोस के लग रहे भाई शिवजी कुमार ने बताया कि वह बुधवार को वह दवा लेने के लिए अपने दोस्त विशाल के साथ अनुमंडलीय अस्पताल गया था। दवा लेकर जब वह दोनो वापस पैदल घर लौट रहे थे। उसी दौरान दुलौर गांव के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी थी। जिससे वह दोनो जख्मी हो गया गए। इसके बाद उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं जख्मी उसका दोस्त विशाल कुमार का इलाज जगदीशपुर रेफरल अस्पताल में कराया गया। इसके बाद परिजन द्वारा इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी गई। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है की मृत किशोर अपने चार भाई व एक बहन में सबसे छोटा था।

**परिजनों को रो-रोकर बुरा हालः** उसके परिवार में मां ललिता देवी और तीन भाई सोनू कुमार, निरंजन कुमार, विकाश कुमार, एक बहन पूनम देवी है। घटना के बाद मृत किशोर के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृत किशोरी मां लीला देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# दोस्तों संग नहाने गया युवक गंगा में डूबा, 2 लोग बाहर निकले

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में शुक्रवार को तीन दोस्तों के साथ गंगा नहाने आए युवक की गंगा में डूबने से मौत हो गई। घटना बरारी थाना क्षेत्र के मायागंज अस्पताल के पीछे मूसरी घाट की है। बताया जा कि गर्मी को देखते हुए तीनों दोस्त मूसरी घाट पर नहाने के लिए गए हुए थे। इसके बाद तीनों ने एक साथ गंगा में छलांग लगा दी। दो लोग तैर कर बाहर निकल गए। जबकि तीसरा निकलने वाला ही था कि गंगा किनारे में अधिक पानी होने के कारण वह डूब गया। इसके बाद वहां पर अन्य लोगों ने जब तक उसको निकालते तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। मृतक की पहचान खगड़िया के पसरहा थाना क्षेत्र के सुबोध उर्फ ऋषि देव (30) के रूप में की गई है। बताया जा रहा कि मृतक शख्स यहां पर रहकर कूड़ा उठाने का काम करते थे। सभी ने दोस्तों के संग मिलकर एक प्लान किया और गंगा नहाने के लिए शुक्रवार को गए थे। दोस्त संजीव ने बताया कि गंगा नहाने के लिए सभी मिलकर आए थे। हम लोगों ने गंगा में नहाने के बाद बाहर आ गए, लेकिन सुबोध किनारे पर आते आते डूब गए। इसके बाद तब तक हम लोग निकालते तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। अन्य सहयोगी राजेश पोद्दार ने बताया कि भागलपुर में रहकर सभी काम करते थे। नहाने के दौरान हादसा हुआ है। इधर वहां पर अन्य लोगों ने शव को बाहर निकाल कर घटना की जानकारी परिजनों को दी। सूचना के बाद बरारी पुलिस भी मौके पर पहुंची है पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है। हमारे समाचार लिखे जाने तक मृतक के परिजन खगड़िया से भागलपुर नहीं पहुंचे हैं।

# सरकारी और निजी के फेर में गणेश शंकर धर्मशाला बदहाल

**संग्रामपुर।** विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले की शुरुआत आगामी 22 जुलाई से होने जा रही है। प्रखंड क्षेत्र में कांवरिया के विश्राम के लिए मनिया एवं कुमरसार धर्मशाला स्थित है। श्रावणी मेले के दौरान यहां सरकार के द्वारा पेयजल, शौचालय, बिजली इत्यादि की विशेष सुविधा मुहैया कराई जाती है। इसके अलावा प्रखंड क्षेत्र में कांवरिया के विश्राम के लिए प्रखंड क्षेत्र के खैरा मोड़ पर लाखों खर्च कर टेंट सिटी का निर्माण किया जाता है। वहीं प्रखंड क्षेत्र के कांवरिया पथ के कहुआ के समीप गणेश शंकर धर्मशाला में सरकारी सुविधा नहीं मिलती है। जबकि प्रतिदिन सैकड़ों कांवरिया रात्रि विश्राम करते हैं। सरकारी एवं निजी के चक्कर में ऐसा हो रहा है। मेले के समय में भी यहां बिजली की कोई विशेष सुविधा या व्यवस्था नहीं रहती है। जिस वजह से कांवरियों को रात्रि में अंधेरे में भी अपनी रात गुजारनी होती है। सरकारी कोष से मरम्मत भी नहीं होने से इसकी स्थिति जर्जर होती जा रही है। कहुआ के ग्रामीण के द्वारा राज्यपाल के नाम दान की गई जमीन पर सार्वजनिक चंदे से धर्मशाला का निर्माण कराया गया था। वर्ष 1978 में किसान स्वर्गीय गणेश शर्मा ने कांवरिया पथ के किनारे अपनी 15 कट्ठा जमीन राज्यपाल के नाम दान दी थी। अभी फिलहाल इस दो मंजिला धर्मशाला में आठ कमरे एवं एक हॉल की सुविधा है। जहां श्रावणी में लेकर दौरान कांवरिया विश्राम भी करते हैं। धर्मशाला निर्माण के बाद ग्रामीणों की एक कमेटी के द्वारा धर्मशाला का संचालन किया जाता है। ग्रामीण रामखेलावन शर्मा के अनुसार राज्यपाल के नाम निबंध केवाला के द्वारा दान की गई इस जमीन पर सार्वजनिक चंदे से धर्मशाला का निर्माण तो कर दिया गया।


## पूर्व रेलवे

**निविदा को रद्द किया जाना**

उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर/निर्माण, पूर्व रेलवे, हावड़ा, 371, तेलकल घाट रोड, हावड़ा-711101 द्वारा पूर्व प्रकाशित निविदा सं. एसएएनडीटी/सीओएन/एचडब्ल्यूएच/टीएन/06/2024, दिनांक 11.06.2024 के माध्यम से निविदा सं.एसएएनडीटी-सीओएन-06-2024-एचडब्ल्यूएच जो 05.07.2024 को 15.00 बजे बंद होने के लिए निर्धारित थी, एतदद्वारा अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण **रद्द की जाती** है। CON-33/2024-25

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. : एफ-डीवाई-प्रोड-ओएफएफ-एचडब्ल्यूपी-10785-रिपेयर, दिनांक 27.06.2024;** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (उत्पादन), पूर्व रेलवे वर्कशॉप, जमालपुर, जिला-मुंगेर, बिहार, पिन-811214 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए समुचित अनुभव, क्षमता तथा वित्तीय स्थिति रखने वाले प्रतिष्ठित निविदादाताओं से खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **ई-निविदा सं.:** एफ-डीवाई-प्रोड-एचडब्ल्यूपी-10785 रिपेयर। **कार्य का नामः** ह्वील शॉप/जमालपुर (प्लांट नं. 10785) के मैसर्स ऑफिसाइन मेकानीशे (बीबीएम) इटली निर्मित 500 टन क्षमता वाली सीएनसी हाइड. व्हील प्रेस की एक बार मरम्मत के साथ सम्पूर्ण मशीन की एक वर्ष की वारंटी। **कार्य का स्थानः** पूर्व रेलवे कारखाना, जमालपुर, मुंगेर (बिहार), पिन-811214। **निविदा मूल्यः** रु. 23,51,858/- (18% की दर से जीएसटी सहित)। **बोली सुरक्षा/बयाना राशिः** रु. 47,100। **निविदा दस्तावेज की कीमतः** शून्य। **समापन अवधिः** कार्य के भौतिक रूप से शुरू होने की तारीख से 60 (साठ) दिन। **मात्राः** 01 मशीनः सीएनसी हाइड्रोलिक ह्वील प्रेस, क्षमता 500 टन, निर्माताः ह्वील शॉप/जमालपुर (प्लांट नं. 10785) का मैसर्स ऑफिसाइन मेकानिशे (बीबीएम) इटली। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 19.07.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदा का प्रकारः** खुली ई-निविदा (वर्क्स)। **प्रस्ताव की वैधताः** 60 दिन। वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्ट का स्थान जहां निविदा का परिपूर्ण इत्यादि देखा जा सकता हैः (**www.er.indianrailways.gov.in** के साथ हायपरलिंक्ड **www.ireps.gov.in**) पर तथा डेपुटी सीएमई (उत्पादन), पूर्व रेलवे, लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस को देखा जा सकता है। **टिप्पणीः** बोलीदाताओं/निविदादाताओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके द्वारा निविदा दस्तावेज के साथ सभी अनुलग्नकों का अवलोकन किया गया है तथा साइट का परिदर्शन कर लिया गया है तथा कार्यों की प्रकृति तथा साइट की दशा के संबंध में स्वयं को संतुष्ट कर दिया है। तैयार संदर्भ के लिए, रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)-भारतीय रेल की वेबसाइट, जिसकी डाउनलोड लिंक *http:www.indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/civil engg/General Conditions of Contract April 2022.pdf* है, से जीसीसी डाउनलोड किया जा सकता है।

(MISC-85/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# एक से होगी एलएलबी पार्ट एक से तीन की परीक्षा

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय में एक जुलाई से एलएलबी की परीक्षा शुरू होगी। जो 10 जुलाई तक चलेगी। एलएलबी तीनों पार्ट की परीक्षा प्रतिदिन दोनों पालियों में होगी। परीक्षा विभाग द्वारा जारी किए गए सूचना के अनुसार प्रथम पाली की परीक्षा 10 से 1 तथा दूसरी पाली की परीक्षा 2 से 5 बजे तक होगी। एलएलबी की परीक्षा के लिए जेआरएस कॉलेज जमालपुर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। जिसके केन्द्राधीक्षक डॉ. देवराज सुमन बनाए गए हैं। पीआरओ डॉ. प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि पहले दिन 1 जुलाई को प्रथम पाली में पार्ट-1 के सेमेस्टर-1 की परीक्षा होगी।


## चार ट्रेनों के आगमन की समयसूची में संशोधन

निम्नलिखित ट्रेनों के गंतव्य स्टेशनों पर पहुँचने की समयसूची में दिनांक 02.07.2024 से संशोधन किया जाएगा। आगमन की संशोधित समयसूची निम्नानुसार होगी:-

| | | आगमन समयसूची |
|---|---|---|
| ट्रेन नं. और नाम | स्टेशन | संशोधित |
| 13287 दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस | आरा | 09.00 |
| 13235 साहिबगंज-दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस | दानापुर | 23.55 |
| 13401 भागलपुर-दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस | दानापुर | 12.35 |
| 13207 जसीडीह-पटना मेमू एक्सप्रेस | पटना | 01.00 |

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



## पूर्व रेलवे

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/(सामान्य), पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रमांक 1, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1104-2024-25-आर; कार्य का विवरणः** कोलकाता टर्मिनल (केओएए) रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं. 2 एवं 3 तथा 4 एवं 5 पर पैसेंजर एसक्लेटर (04 अदद) (निर्माताः मैसर्स जॉनसन) के लिए 03 (तीन) वर्षों के लिए सम्पूर्ण वार्षिक रखरखाव अनुसूची एवं ब्रेक डाउन अनुबंध। **निविदा मूल्यः** रु. 26,29,653.12; **बयाना राशिः** रु. 52,600.00; **समापन अवधिः** 36 महीने। **क्रमांक 2, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1111-2024-25; कार्य का विवरणः** सियालदह मंडल में उर्जा संरक्षण उपाय के रूप में स्टेशनों पर हाई वॉटेज सीलिंग पंखों के स्थान पर उर्जा अनुकूलन सीलिंग पंखों का प्रावधान (फेज-1)। **निविदा मूल्यः** रु. 1,91,64,475.90; **बयाना राशिः** रु. 2,45,800.00; **समापन अवधिः** 09 महीने। **निविदा दस्तावेज की कीमतः** प्रत्येक के लिए रु. 0.00; **निविदा प्रकाशन की तारीखः** 25.06.2024। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 16.07.2024 को अपराह्न 04.00 बजे। **निविदा बोली के खुलने की तारीख एवं समयः** 16.07.2024 को अपराह्न 04.00 बजे के उपरांत। **निविदा बोली शुरू होने की तारीखः** 02.07.2024। निविदा सूचना का विस्तृत विवरण एवं समय-समय पर जारी संशोधनी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

(SDAH-102/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं.: 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 26.06.2024;** वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए नीचे उल्लेखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: टीएन-एस-02-24-25; कार्य का नामः** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल में वरिष्ठ मंडल अभियंता(II)/सियालदह के अधीन कर्वो-27 अदद पर ट्रैक पर स्थापित ऑटोमैटिक गेज फेस लुब्रिकेटर की स्थापना। **निविदा मूल्यः** रु. 1,44,97,113.00; **ईएमडीः** रु. 2,22,500.00; **निविदा दस्तावेज की कीमत (अप्रतिदेय):** शून्य। **कार्य समापन अवधिः** 42 (बयालीस) महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 24.07.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः** 24.07.2024 को अपराह्न 3.30 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोलियां ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिए जाएंगे।

(SDAH-104/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

**ई–प्रोक्योरमेंट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना संख्या – **DWSD/MED/RRP/02/2024-25 (1st Call)**/दिनांक 27.06.2024

1. कार्य का नाम :– वित्तीय वर्ष 2024–25 के तहत पलामू जिला के मेदिनीनगर प्रमंडल अन्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों में 32mm व्यास के I.M-II हैण्ड पम्प के क्षतिग्रस्त राईजर पाईप, सी0आई0 सिलिन्डर एवं कनेक्टिंग रॉड इत्यादि को सम्परिवर्तित कर नलकूप को चालू करने का कार्य ''टर्न की'' के आधार पर।

| ग्रुप सं0 | नलकूपों की सं0 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| MED RRP-1 | 89 Nos. | 12,99,889/- | 26,000/- | 2500/- | 01 (एक) माह |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 29.06.2024 / 02.30 बजे अपराह्न में। |
| 3 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 06.07.2024 / 5.00 बजे अपराह्न तक। |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 06.07.2024 / 5.00 बजे अपराह्न तक। |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 08.07.2024 / 04.00 बजे अपराह्न में। |
| 6 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 7 | प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क नं0 | 7543089612 |
| 8 | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651-2480345 |

नोटः– 1. निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
2. विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,मेदिनीनगर

PR 328110 Drinking Water and Sanitation(24-25).D


# भागलपुर में बूंदाबांदी, एक से दो दिन में पूरे राज्य को कवर कर लेगा मानसून

**भागलपुर।** एक से दो दिन में पूरे राज्य को मानसून कवर कर लेगा। गुरुवार को भागलपुर में कुछ देर के लिए बूंदाबांदी हुई, पर लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिली। पिछले 24 घंटे में अधिकतम तापमान में कोई बदलाव नहीं हुआ, जबकि न्यूनतम तापमान में .5 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। उधर, पटना में गुरुवार को मानसून की इंट्री हो गई। पटना में करीब एक घंटे तक हुई बारिश। इस दौरान बिजली की चमक और मेघगर्जन भी हुई। बारिश की वजह से गर्मी से कुछ राहत मिली। गुरुवार को पटना जिले में 43 एमएम बारिश हुई। सबसे अधिक बारिश पश्चिमी चंपारण के रामनगर में 108.2 एमएम वर्षा हुई। बिहार से एक टर्फ लाइन गुजरने की वजह से मौसम के मिजाज में बदलाव हुआ है। बिहार में मानसून 20 जून को ही आ गया था। सात दिन के बाद इसकी इंट्री पटना में हुई है। हालांकि इसे तीन-चार दिनों में ही पूरे बिहार को कवर कर लेना था पर रक्सौल और भागलपुर में मानसून रुक जाने और पटना समेत दक्षिण बिहार में लू चलने की वजह से मानसून के कवर करने में देर हो गई। बिहार में अब तक 58 फीसदी कम बारिश हुई है। जबकि पटना में करीब 93 फीसदी गिरावट हुई है। गुरुवार को बिहार के तीन जिलों का पारा 40 से अधिक रहा। डेहरी का पारा 40.4, औरंगाबाद का 41.3 और अरवल का 40.9 डिग्री दर्ज किया गया। औरंगाबाद सबसे गर्म रहा। यहां का अधिकतम तापमान सामान्य से 6.6 डिग्री अधिक रहा। भागलपुर का अधिकतम पारा 37 पटना का अधिकतम पारा 37.2 डिग्री दर्ज किया गया। सबसे कम अधिकतम पारा किशनगंज का 31 डिग्री से. रहा। बक्सर, अरवल, आरा, भभुआ, औरंगाबाद, रोहतास, गया, जहानाबाद, शेखपुरा, सीवान, गोपलगंज, नालंदा। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, 28 जून से 3 जुलाई के बीच राज्य में कहीं हल्की तो कहीं भारी बारिश होने का पूर्वानुमान है।


## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
### (भूमि संरक्षण निदेशालय) झारखण्ड, राँची
### कार्यालय – भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गढ़वा

E-mail Id-dscogarhwa@gmail.com

**वित्तीय वर्ष 2024–25 में डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक के निर्माण के लिए सूचना**

झारखण्ड राज्यनान्तर्गत कृषि को बढ़ावा देने, बहुफसलीय कृषि के विकास, मानसुन पर कृषकों की निर्भरता कम करने हेतु विभिन्न श्रोतों से सिंचाई की समुचित व्यवस्था हेतु डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक के निर्माण हेतु **''जलनिधि''** नामक एक नयी योजना वित्तीय वर्ष 2015–16 से प्रारंभ की गयी है। जिससे कृषि योग्य भूमि को सिंचित और बहुफसलीय कृषि को बढ़ावा दिया जा सके।

**योजना का स्वरूप**

**(i) डीप बोरिंग की योजना**

| कार्य योजना | पात्रता | अनुदान की राशि | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | भौतिक लक्ष्य | अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | पानी पंचायत अंशदान की राशि |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| योजना अंतर्गत 6 ईंच Diameter deep boring Submersible pump 1.5 HP, आवश्यक Accessories एंव संस्थापन (Installation) के साथ | योजना लघु एवं सिमांत कृषक समूहों के लिए लागू होगा विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्युनतम 5 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | 46 इकाई | 3.50 लाख | 90 प्रतिशत (3.15 लाख) | 10 प्रतिशत (0.35 लाख) |

**2. परकोलेशन टैंक (मध्यम एवं निचले खेत में तालाब ) की योजना**

| कार्य योजना | पात्रता | अनुदान की राशि | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | भौतिक लक्ष्य | अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | कृषक समूह का अंशदान की राशि |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| Length of Percolation Tank -120ft. width of Percolation Tank -100 ft. Depth of Percolation Tank -12ft. Length of Bound -370ft. Side Slope-1:1 | योजना लघु एवं सिमांत कृषक समूहों के लिए लागू होगा विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्युनतम 10 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | 114 इकाई | 4.30 लाख | 90 प्रतिशत (3.87 लाख) | 10 प्रतिशत (0.43 लाख) |

**डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक के लिए आवदेन–पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 12.07.2024 है।15.05.**

**कृषक/संस्था का चयन**

**(i)** अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/लघु/सीमांत कृषक/महिला कृषकों/इच्छुक कृषकों का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा ।
**(ii)** जिन कृषकों को पूर्व में डीप बोरिंग, सिंचाई पम्प का लाभ प्राप्त कराया जा चुका है, उनकी पात्रता **''जलनिधि योजना''** के लिए मान्य नहीं होगी।
**(iii)** योजना के कार्यान्वयन में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी एवं **ग्राम सभा द्वारा** चयनित योजनाओं तथा माननीय स्थानीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दी जायेगी।

**आवेदन की प्राप्ति**

**(i)** भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गढ़वा के लिए निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध सुपात्र कृषकों से विहित प्रपत्र–I , प्रपत्र–II में आवेदन प्राप्त किया जाएगा।
**(ii)** भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय से निशुल्क आवेदन–पत्र प्राप्त किया जा सकता है।
**(iii)** आवेदन–पत्र का प्रारूप विभागीय वेब साईट www.jharkhandsoil.gov.in पर भी उपलब्ध है।
**(iv) आवेदन–पत्र निम्न कागजातों के साथ भूमि संरक्षण कार्यालय, गढ़वा में जमा लिया जायेगा।**

1. संबंधित योजना ग्राम–सभा में पारित होनी चाहिए एवं पारित प्रस्ताव की छायाप्रति मुखिया द्वारा अभिप्रमाणित।
2. पानी–पंचायत गठित कर, रजिस्टर की छायाप्रति (क्षेत्रीय कर्मचारी एंव स्थानीय मुखिया कि अध्यक्षता में) एवं पानी–पंचायत के गठन की फोटोग्राफी।
3. पानी–पंचायत का राष्ट्रीयकृत बैंक में बचत खाता खोलकर कृषक–अंशदान की राशि के साथ बचत खाता की छायाप्रति। (चयनित अध्यक्ष एवं सचिव का संयुक्त खाता)
4. लाभान्वित कृषकों की सूची विहित प्रपत्र में। (मूल प्रति)
5. गाँव के नक्शे पर संबंधित योजना को चिन्हित कर नक्शे की छायाप्रति।
6. जमीन का अद्यतन रसीद /अंचलाधिकारी द्वारा भू–धारिता प्रमाण पत्र एवं पहचान–पत्र।
7. अंचलाधिकारी के द्वारा निर्गत चेक स्लिप।

**उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारियों के लिए निम्न पत्ते पर संपर्क किया जा सकता है।**

**कार्यालय का पताः–** भूमि संरक्षण कार्यालय, गढ़वा
संयुक्त कृषि भवन गढ़वा

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 327964 (Agriculture) 24-25 (D)



''सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता।'' E-mail ID –electionpalamu1@gmail.com

## कार्यालय ; जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त, पलामू

## मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2024
### आम–सूचना

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक 23/2024-ERS (Vol.II) दिनांक 20.06.2024 के द्वारा दिनांक 01.07.2024 को अर्हता तिथि मानते हुए फोटोयुक्त मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम (2nd SSR, 2024) निर्धारित किया गया है। उक्त कार्यक्रम के तहत पुनरीक्षण संबंधी कार्यों का संचालन जिला के सभी 05 विधानसभा क्षेत्रों यथा– 75–पाँकी/76–डालटनगंज/77–विश्रामपुर/78–छत्तरपुर (अ0जा0) एवं 79–हुसैनाबाद में कराया जा रहा है,जो दिनांक 20.08.2024 को मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन तक संचालित रहेगा।

आयोग के द्वारा दिनांक 01.07.2024 को अर्हता तिथि के आधार पर प्रारम्भ किया जा रहा द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 02 चरणों में सम्पादित होगा –

**(01) Pre-Revision Activities – From 25.06.2024 to 24.07.2024**
**(02) Revision Activities – From 25.07.2024 to 20.08.2024**

आयोग के स्तर से प्राप्त कार्यक्रम की विवरणी निम्नवत है –

| Sl. No. | Activity | Period |
|---|---|---|
| | **Pre-Revision Activities** | |
| 01 | (i) H2H verification through BLOs<br>(ii) Rationalization /Re-arrangement of Polling Stations.<br>(iii) Removal of discrpancies in the Electorall Roll/ EPIC.<br>(iv) Improvement of Image quality ensuring good quality photographs, by replacing blurred, poor quality and not to specification and non-human images in the roll, wherever necessary.<br>(v) Recasting of Section/ Parts and Finalization of proposed restructuring of section / part boundary's location of polling stations and getting approval of list of Polling stations.<br>(vi) Updation of Control Table.<br>(vii) Preparation of Format 1 to 8<br>(viii) Preparation of integrated draft roll with reference to 01.07.2024 as the qualifying date. | 25-06-2024 (Tuesday) to 24.07.2024 (Wednesday) |

***Revision Activities***

| | | |
|---|---|---|
| 01 | Publication of Integrated draft electoral roll. | On 25.07.2024 (Thursday) |
| 02 | Period for filing claims & objections | 25.07.2024 (Thursday) to 09.08.2024 (Friday) |
| 03 | Special Campaign Dates | 27.07.2024 (Saturday)<br>28.07.2024 (Sunday)<br>03.08.2024 (Saturday)<br>04.08.2024 (Sunday) |
| 04 | (i) Disposal of claims and objections<br>(ii) Checking of health parameters and obtaining Commission' s permission for final publication<br>(iii) Updating database and printing of supplements | By 19.08.2024 (Monday) |
| 05 | Final publication of Electoral Roll | **On 20.08.2024 (Tuesday)** |

**सभी आम जनों को सूचित किया जाता है कि –**

- ✓ दिनांक 01.07.2024 एवं 01.10.2024 को मतदाता बनने की योग्यता रखने वाले नागरिक मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने हेतु प्रपत्र–6 में रंगीन फोटो एवं आयु तथा निवास प्रमाण–पत्र के साथ आवेदन कर सकते है।
- ✓ मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने हेतु प्रवासी भारतीय प्रपत्र 6क में आवेदन समर्पित कर सकते है।
- ✓ मतदाता सूची में नाम विलोपन करने हेतु प्रपत्र 7 में आवेदन जमा किये जायेंगे।
- ✓ मतदाता सूची में प्रविष्टियों का सुधार, EPIC का प्रतिस्थापन, दिव्यांगन चिह्नांकित करने, विधानसभा क्षेत्र के अन्दर अथवा बाहर निवास स्थानान्तरण हेतु प्रपत्र 8 में आवेदन कर सकते हैं।
- ✓ दावा/आपत्ति संबंधी प्रपत्र 6, 6क, 7 एवं 8 को जमा करने की अवधि **दिनांक 25.07.2024 से 09.08.2024 तक** निर्धारित है, जिसके दौरान उक्त आवेदन BLO के पास/ विधानसभा के संबंधित क्षेत्र के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के कार्यालय/ निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के कार्यालय अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा किये जा सकते हैं। उक्त सभी प्रपत्र सभी स्थलों पर निःशुल्क उपलब्ध हैं।
- ✓ दिनांक 27.07.2024, 28.07.2024, 03.08.2024 एवं 04.08.2024 को आयोजित विशेष अभियान दिवस में बी0एल0ओ0 मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहकर प्रपत्र प्राप्ति की कार्रवाई करेंगे।
- ✓ दिनांक 29.07.2024 से 02.08.2024 के मध्य समावेशी सप्ताह (Inclusive Week) का आयोजन किया जायगा, जिसमें निम्नांकित कार्रवाई की जायगी।

| | |
|---|---|
| दिनांक 29.07.2024(सोमवार) | Particularly Vulnerable Tribal Groups (PVTGs) एवं दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले जनसमूह के निबंधन हेतु विशेष अभियान। |
| दिनांक 30.07.2024(मंगलवार) | जिलान्तर्गत सभी रैन बसेरों/आश्रय गृहों में आवासित पात्र नागरिकों का निबंधन हेतु विशेष अभियान का संचालन। |
| दिनांक 31.07.2024(बुधवार) | सभी पात्र दिव्यांगजनों का निबंधन एवं मतदाता सूची में मार्किंग हेतु विशेष अभियान का संचालन। |
| दिनांक 01.08.2024(गुरूवार) | सभी 85+ आयुवर्ग के व्यक्तियों का शत–प्रतिशत सत्यापन करते हुए निबंधन हेतु विशेष अभियान का संचालन |
| दिनांक 02.08.2024(शुक्रवार) | सभी पात्र Third Gender/ Sex Workers का निबंधन हेतु विशेष अभियान का संचालन। |

- ✓ सभी प्रपत्रों का Online आवेदन भारत निर्वाचन आयोग के Voter Helpline App (VHA) & https://voters.eci.gov.in/ के माध्यम से किया जा सकता है।
- ✓ सभी प्रपत्र आयोग के वेबसाईट www.eci.gov.in एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड, राँची के website – ceo.jharkhand.gov.in पर भी उपलब्ध हैं।
- ✓ पूर्व पुनरीक्षण एवं पुनरीक्षण अवधि के संबंध में जानकारी प्राप्त करने अथवा मतदाता सूची में नाम निबंधित/संशोधित/विलोपित करने संबंधी किसी प्रकार की सहायता हेतु Toll Free-1950 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, पलामू।

PR 328120 (Palamu) 24-25 (D)

# 1500 करोड़ की लागत से चमकेंगी बिहार की ग्रामीण सड़कें

## नीतीश सरकार ने बनाया यह प्लान



**पटना, एजेंसी।** बिहार की क्षतिग्रस्त ग्रामीण सड़कें दुरुस्त होंगी। ग्रामीण कार्य विभाग ने इसके लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। फिलहाल विभाग 8332 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों को बेहतर बनाने की योजना पर काम कर रहा है। इन्हें एक साल के अंदर चकाचक बनाया जाएगा। विभिन्न चरणों में इन्हें दुरुस्त किया जाएगा। इसके पहले 1668 किलोमीटर पर काम जारी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहल पर जर्जर ग्रामीण सड़कों की मरम्मत को लेकर विभाग ने कार्य योजना बनायी है। पहले से बन चुकी सारी ग्रामीण सड़कों की जांच के बाद उनकी सूची तैयार की गयी। इन्हें मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के तहत दुरुस्त करना है। विभाग ने व्यापक सर्वे के बाद 10 हजार किलोमीटर का चयन इस योजना के तहत किया है। विभाग के अनुसार अत्यंत क्षतिग्रस्त, क्षतिग्रस्त वैसे पथ जिनकी निरूपण अवधि (जीवन काल) पूर्ण हो चुकी है या उसके पहले ही क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं, उन्हें दुरुस्त करने के लिए मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना लागू की गयी है। इस योजना में सड़कों का पुनर्निर्माण और सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ उनके चौड़ीकरण की भी योजना शामिल की गयी है। लेकिन प्राथमिकता जर्जर सड़कों को दुरुस्त करना है। गत वर्ष 500 करोड़ का बजटीय प्रावधान किया गया था। साथ ही 1668 किलोमीटर सड़कों को तत्काल बेहतर बनाने की योजना स्वीकृत की गयी। अब लगभग 1500 करोड़ की योजना से 403 पथों को बेहतर बनाने पर काम जारी है। विभाग इन जर्जर सड़कों का उन्नयन करने के साथ-साथ अन्य जर्जर ग्रामीण सड़कों की भी पहचान करेगा। इसके लिए सभी जिलों में अभियान चलाकर ऐसी सड़कों की सूची बनायी जाएगी।

### क्या कहते हैं अधिकारी?

ग्रामीण कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह का कहना है कि ग्रामीण सड़कों को लेकर सरकार बेहद गंभीर है। हम नयी सड़कों को बनाने के साथ ही जर्जर सड़कों को दुरुस्त करने की योजना पर भी काम कर रहे हैं। ग्रामीण सड़कों का मेन्टेनेंस हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है।

### नयी सड़कों के निर्माण का भी चल रहा काम

सूबे में नयी ग्रामीण सड़कों का निर्माण कार्य भी जारी है। दरअसल, एक लाख 29 हजार 290 बसावटों को संपर्कता प्रदान करने का लक्ष्य था। इसके लिए एक लाख 29 हजार 156 किमी सड़कों का निर्माण किया जाना है। अब तक विभाग द्वारा एक लाख 18 हजार 458 बसावटों को एकल संपर्कता प्रदान कर दी गयी है। इसके लिए 115228 किमी सड़कें बनायी गयी हैं। इन सड़कों के निर्माण के बाद 10 हजार 832 बसावटों को सड़क संपर्कता से जोड़ने की योजना पर काम शुरू किया गया है। इसके लिए 13 हजार 928 किलोमीटर सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है।

## कोयला गांव में सड़क और जलजमाव की समस्या होगी दूर

**भागलपुर/गोराडीह, एजेंसी।** प्रखंड के अगरपुर-माछीपुर पंचायत के कोयला गांव में गुरुवार को बीडीओ प्रभात केसरी ने ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। जिसमें सड़क, नाला और पेयजल की मांग पर संज्ञान लिया गया। लोकसभा चुनाव के दौरान वहां के ग्रामीणों ने सड़क और अन्य सुविधाओं की मांग करते हुए वोट का बहिष्कार की चेतावनी दी थी जिसके बाद बीडीओ ने चुनाव के बाद गांव की समस्या दूर करने का आश्वासन दिया था। इसके बाद ग्रामीणों ने वोट डाला था। गुरुवार को बैठक में ग्रामीणों ने बीडीओ से आग्रह किया कि गोराडीह जाने वाली मुख्य सड़क से गांव तक सड़क की स्थिति जर्जर है। जिससे गांव में पानी जमा हो जाता है। लोगों को घरों से निकलना मुश्किल हो जाता है। बीडीओ ने आश्वासन दिया कि सड़क के ग्रामीण कार्य विभाग को पत्र लिखा जाएगा। साथ ही गांव के नाले की भी मरम्मत की जाएगी। मौके पर पंचायत समिति सदस्य चंदन कुमार राय, सरपंच प्रतिनिधि मिथिलेश सिंह, मंटू पासवान, दोधो यादव, दिवाकर पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### जान मारने की नीयत से किया हमला

**दरभंगा/बहेड़ी, एजेंसी।** सुसारी गांव के सुरेंद्र मंडल के बेंता ओपी को दिए बयान के आधार पर गुरुवार को बहेड़ी थाने में केस दर्ज किया गया। इसमें उनके पड़ोसी रामवीर मंडल व परमानंद मंडल को नामजद सहित पांच अज्ञात को आरोपित किया गया है। उन्होंने कहा है कि उनके साथ-साथ उनके पुत्र, पत्नी व अन्य सदस्यों को 20 जुलाई को लोहे के रॉड, टेंगारी आदि से जान मारने की नीयत से हमला करते हुए मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया गया। उनके पुत्र सुमन कुमार की रीढ़ की हड्डी भी फैक्चर हो गयी है। सभी का इलाज पहले बहेड़ी पीएचसी में हुआ फिर रेफर होने के बाद डीएमसीएच में किया गया। थानाध्यक्ष वरुण कुमार गोस्वामी ने बताया कि कांड दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

### सर्पदंश से घर मे सो रही युवती की मौत

**छपरा/दिघवारा, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के बस्ती जलाल गांव मे बुधवार की रात्रि में सोने के दौरान एक युवती को जहरीले सांप ने डंस लिया जिससे युवती की मौत हो गई। मृतका ग्रामीण ललन प्रसाद साह की 23 वर्षीय पुत्री सिमरन कुमारी बताई गयी है। घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि बुधवार की रात में युवती अपने कमरे में सोई थी। तभी रात के दो बजे एक जहरीले सांप ने डंस लिया, जिसके बाद आनन-फानन में युवती को हाजीपुर इलाज के लिए ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने युवती को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर पहुंची दिघवारा थाने की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया।

### आपसी रंजिश में हुई चाकूबाजी, घायल

**पूर्णिया, एजेंसी।** आपसी रंजिश में हुई चाकूबाजी में एक युवक घायल हो गया। घटना सहायक खजांची के खीरू चौक की है। आरोप पीड़ित के दो मित्र राजा बाड़ी निवासी आमिश एवं राकिब पर लगा है। मामले में सहायक खजांची थाना के लूट मुहल्ला वासी मो शाबिर ने पुलिस को बताया है कि वह अपनी नानी के यहां रहकर एक कपड़े की दुकान में बतौर कर्मी नौकरी कर रहा है। तीन दिन पूर्व किसी बात को लेकर उनलोगों का आपस में विवाद हो गया था। मौका पाकर खीरू चौक के समीप शाबिर पर दोनों ने हमला कल दिया। जिससे उसकी पीठ में जख्म आया है। सहायक थानाध्यक्ष शशि कुमार गुप्ता ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

### श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का छठा दिन

**पूर्णिया/हरदा , एजेंसी।** के नगर प्रखंड के रहुआ पंचायत के कृष्ण मंदिर के प्रांगण में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का छठा दिन कथा वाचक कन्हैया दास ने कहा भगवान श्रीकृष्ण दोस्ती का धर्म निभाने के लिए सभी से कहते थे। भगवान श्रीकृष्ण अपने प्रिय मित्र सुदामा का कहानी संसार में युगान्तर से प्रसिद्ध है। श्याम सुन्दर, गुरू दा, राजेन्द्र बाबा ने अपने भजन से भक्ति मय कर दिया। भजन गीतों से सभी श्रद्धालु झूम उठे। श्रीमद् भागवत कथा से चारों ओर राधे राधे, भगवान श्रीकृष्ण का जय जयकार हो रहा है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी युवकों एवं ग्रामीणों भरपूर सहयोग दिया जा रहा है।

### विधायक ने प्रबंध समिति के साथ किया बैठक

**भागलपुर/गोराडीह , एजेंसी।** जगदीशपुर प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय बलुआचक पुरैनी में गुरुवार को प्रबंध समिति की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता नाथनगर विधायक अली अशरफ सिद्दीकी ने की। बैठक में विद्यालय की समस्याओं और विकास पर चर्चा की गई। जिसमें मुख्य रूप से विधायक को विद्यालय में नामांकन के अनुपात में वर्ग कक्ष नहीं रहने पर पठन पाठन में हो रही कठिनाइयों से अवगत कराया गया। विधायक ने वर्ग कक्ष के निर्माण कराने का अश्वासन दिय। बैठक में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अरविंद कुमार, सदस्य संजय यादव, विमला देवी, शिक्षिका पूजा झा सहित कई लोग मौजूद थे।



## बालू माफियाओं पर खनन विभाग की कार्रवाई, 9 वाहन जब्त

**हाजीपुर (वैशाली), एजेंसी।** वैशाली के लालगंज में बालू माफियाओं पर नकेल कसने को लेकर खनन विभाग सख्त कार्रवाई की है। विभाग की इस कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है। लालगंज पुलिस, परिवहन विभाग और खनन विभाग ने वैशाली जिला पदाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर संयुक्त रूप से छापेमारी करते हुए 9 वाहन को जब्त किया है जिस पर बालू लोड था। सभी जब्त गाड़ियों के कागजात एवं वजन की जांच पड़ताल की जा रही है।

**अंडरलोड लोड था बालू :** जब्त वाहन के मालिक ने बताया कि हम लोगों के वाहन में अंडरलोड बालू लोड किया गया है। जिसका पुख्ता कागजात भी हम लोगों के पास है। फिर भी जांच पड़ताल के नाम पर प्रशासन वाहनों को जब्त कर ली है जिसके कारण हम लोगों को काफी परेशानी हो रही है। बता दें की बालू लाने ले जाने के लिए सरकार के द्वारा चलान दिया जाता है। जिसका एक तय समय सीमा होता है और जांच में इतना विलंब हो रहा है कि अगर वह समय सीमा खत्म हो जाएगी तो हम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

**9 वाहनों को किया गया जब्त :** जिला परिवहन पदाधिकारी वैशाली के द्वारा बताया गया कि 4 हाइवा 3 ट्रक 2 टीपर जब्त किया गया है। जिसके चलान की मिलान किया जा रहा है। जांचों उपरान्त कारवाई की जाएगी।

# मुजफ्फरपुर में साइबर थाने में की महिला दारोगा ने की खुदकुशी

## जहर खाकर बॉयफ्रेंड को किया था कॉल

**मुजफ्फरपुर , एजेंसी।** बिहार के मुजफ्फरपुर में पुलिस डिपार्मेंट में उस समय सनसनी फैल गयी जब एक महिला दारोगा ने खुदकुशी कर ली। जहर खाने के बाद उसने अपने बॉयफ्रेंड सिपाही को फोन किया। लेकिन जबतक कोई कुछ कर पता तबतक वह दम तोड़ चुकी थी। साइबर थाना में तैनात 2020 बैच की प्रशिक्षु दारोगा दीपिका कुमारी (28) ने निजी आवास में जहर खाकर जान दे दी। वह पटना के श्रीकृष्णानगर की रहने वाली थी। ट्रेनिंग के बाद बीते 21 जून को उसकी साइबर थाना में पोस्टिंग हुई थी। घटना गुरुवार की है। दारोगा दीपिका कुमारी ने मिठनपुरा थाना के लक्ष्मीनारायण नगर मोहल्ला में अपने किराए के आवास में सुबह सात बजे उसने जहर खाया। इसके बाद पुरुष मित्र जेल में तैनात सिपाही रोहित सिंह को कॉल करके सूचना दी। रोहित ने पटना में रह रहे दीपिका के परिवार वालों को इसकी सूचना दी। इसके बाद मिठनपुरा पुलिस के साथ दीपिका के आवास पहुंच उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद उसके माता-पिता और भाई पहुंचे। जहर खाने से एक घंटा पहले दीपिका ने मां संगीता देवी से मोबाइल पर बात की थी। मां ने बताया कि वह डिप्रेशन में लग रही थी। सिटी एसपी अवधेश दीक्षित ने बताया कि छानबीन से स्पष्ट है कि निजी मामले की वजह से जहर खाया है या मामला कुछ और है। उसके मोबाइल जांच के लिए रखा गया है। पुलिस का कहना है कि मोबाइल से कई जानकारी मिल सकती है। पिता राजनंदन प्रसाद का बयान दर्ज किया है।

### पिता ऑटो चलाते हैं

पिता दारोगा के पिता राजनंदन प्रसाद पटना में ऑटो चलाते हैं। बेटी के दारोगा बनने से वह काफी खुश थे। उन्हें बेटी से काफी उम्मीदें थीं। बेटी की शादी की तैयारी कर रहे थे। दीपिका चार बहन व एक भाई में तीसरे नंबर पर थी। सबसे बड़ी शिक्षिका है। दीपिका से बड़ी बहन गृह विभाग दिल्ली में स्टेनो के पद पर कार्यरत है। इससे छोटी बहन झारखंड मिलिट्री पुलिस में थी। उसने दो साल पहले रिजाइन कर दिया था। छोटा भाई सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रहा है। दीपिका कहती थी सचिवालय में नौकरी के बाद ही शादी करेगी।

### दारोगा बनने से पहले जेल में थी सिपाही

दारोगा बनने से पहले दीपिका जेल में सिपाही थी। वह मुजफ्फरपुर स्थित शहीद खुदीराम बोस केंद्रीय कारा, रोसड़ा जेल और हाजीपुर जेल में सिपाही के रूप में ड्यूटी कर चुकी थी। शहीद खुदीराम बोस केंद्रीय कारा में तैनात रोहित के साथ वह हाजीपुर जेल में भी ड्यूटी की थी। उस दौरान ही उनकी मित्रता हुई थी। रोहित उसके परिवार से



काफी करीब है।

### सचिवालय में नौकरी करना चाहती थी दीपिका

दीपिका के पिता ने बताया कि जब उनकी छोटी बेटी झारखंड मिलिट्री पुलिस ने रिजाइन करके आई तो उन्होंने उसकी शादी कर दी। वह अभी अपने परिवार के साथ रह रही है। बताया कि दीपिका को शादी के लिए बोलते थे तो वह कहती थी कि वह सचिवालय में नौकरी की तैयारी कर रही है।

# पति की प्रेमिका ने पत्नी की जहर देकर कराई हत्या, 3 गिरफ्तार

## पैन किलर के कैप्सूल में मिलाई सल्फास, साथ रहने का बना रही थी दबाव

**गया, एजेंसी।** गया में पति ने अपनी प्रेमिका के साथ मिलकर पत्नी की हत्या कर दी। वारदात मुफस्सिल थाना क्षेत्र की है। आरोपी पति ने बताया कि उसका उसकी प्रेमिका से 8 साल से प्रेम संबंध था। कोर्ट में शादी भी कर ली थी, उससे एक बच्चा भी था। इधर, प्रेमिका ने उसे पत्नी को छोड़ने का दबाव डाला। महिला नहीं मानी तो मारने का प्लान किया। सिग्नोफ्लैक्स नाम के पैन किलर कैप्सूल में सल्फास मिलाकर पत्नी को खिलाया जिससे उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा करते हुए पति, प्रेमिका और एक झोलाछाप डॉक्टर को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि प्रेमिका के कहने पर डॉक्टर ने महिला को कैप्सूल के अंदर जहर दिया था। पति ने उसे दवा बताकर पत्नी को खिला दिया जिससे उसकी जान चली गई। मृतक की पहचान पूजा के रूप में हुई थी। पहले मामला खुदकुशी का बताया गया था। आरोपी विक्की, पूनम और डॉक्टर ओमप्रकाश से पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की जिसके बाद मामले का खुलासा हुआ।



वजीरगंज एसडीपीओ सुनील कुमार पांडेय ने बताया कि झोलाछाप डॉक्टर ने पूनम से इस काम के लिए 50 हजार में सौदा तय किया था। 50 हजार रुपए काम हो जाने के बाद पूनम को देने थे। एडवांस में एक हजार रुपए मिले थे।

### प्रेमिका से भी एक बच्चा

उसने पुलिस को बताया कि जनकपुर की रहने वाली पूनम से 8 सालों से उसका प्रेम सम्बन्ध चल रहा है। हम लोगों ने नोटरी से शादी के कागजात भी तैयार कराए थे। बताया कि पूनम से एक बच्चा भी है। इधर, बीते कुछ दिनों से पूनम साथ रहने का लगातार दबाव बना रही थी, लेकिन पूजा इस बात को लेकर तैयार नहीं हो रही थी। इस बात को लेकर दोनों के बीच रोज लड़ाई हो रही थी। पूनम ने पूजा को रास्ते से हटाने के लिए प्लान तैयार किया। पूनम ने अपने परिचित झोलाछाप डॉक्टर से मिलकर सिग्नोफ्लैक्स के 4 कैप्सूल में सल्फास मिलवा कर लाई। पूजा को खिलाने को कहा। पूजा को दवा के नाम पर झांसे में लेकर उसे जहर देकर मार दिया। एसडीपीओ सुनील कुमार ने बताया कि हत्या कांड का खुलासा करने वाली टीम को पुरस्कृत करने के लिए संस्तुति की गई है।

### भाई ने हत्या का लगाया था आरोप

सुनील कुमार पांडे बताया कि बुधवार को एक महिला द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला प्रकाश में आया था। शव का पोस्टमार्टम भी कराया गया था। इस बीच पूजा के भाई राजा कुमार ने थाने में बताया कि उसकी बहन की हत्या जहर देकर की गई है। हत्या किसी और ने नहीं बल्कि पति विक्की और उसकी प्रेमिका पूनम ने की है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की तो मामला संदेहास्पद प्रतीत हुआ। पुलिस ने विक्की को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो खुलासा हो गया।



# अब गंगा नदी में ले सकेंगे वाटर स्पोर्ट्स का मजा

## घाटों पर मिलेंगी जिम, फुड कोर्ट, योगा सेंटर जैसी कई सुविधाएं

**पटना, एजेंसी।** गंगा नदी में जल्द ही वाटर स्पोर्ट्स की शुरुआत होगी। साथ ही गंगा तट पर जिम, योगा सेंटर, फूड कोर्ट, पार्क बनाकर पर्यटक स्थल के तौर पर इसे विकसित किया जाएगा। इसके लिए डीएम सह जिला गंगा समिति के अध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने पर्यटन विभाग के पदाधिकारियों को योजना बनाने के निर्देश दिए हैं।

गुरुवार को वे डीम कार्यालय में जिला गंगा समिति की बैठक में गंगा से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में पर्यटन, मत्स्य, जीविका, कृषि, वन समेत कई विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे। डीएम ने गंगा व सहायक नदियों के उत्थान, संरक्षण एवं अविरलता के लिए विभागों और स्टेकहोल्डर्स को सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध रहने के निर्देश दिए। कहा कि नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत अर्थ गंगा कार्यक्रम को धरातल पर लाने की आवश्यकता है।

इसके लिए सभी विभागों के पदाधिकारियों को अपनी-अपनी योजनाओं का सफलतापूर्वक संचालन करना होगा। बैठक में डीडीसी तनय सुल्तानिया द्वारा एजेंडावार प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। डीएम द्वारा वन, बुडको, कृषि, पर्यटन, नगर निकाय, ग्रामीण विकास, नेहरू युवा केन्द्र, शिक्षा, स्वास्थ्य, जीविका सहित विभिन्न विभागों के जिला-स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा की गई।

डीएम ने कहा कि गंगा के किनारे ईको टूरिज्म को प्रोत्साहित करना, पर्यावरण एवं जैव विविधता संरक्षण, सतत विकास एवं आम जनता के जीविकोपार्जन के अवसरों में वृद्धि के लिए समिति से संबद्ध सभी विभागों के पदाधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित कर सतत प्रयत्नशील रहना होगा। जिला गंगा समिति अंतर्गत सभी पांच स्तम्भों निर्मल गंगा, अविरल गंगा, जन गंगा, ज्ञान गंगा एवं अर्थ गंगा के तहत दायित्वों का अक्षरश पालन करने का निर्देश दिया गया।

### सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट को शीघ्र पूर्ण करने का आदेश

बुडको को सभी निर्माणाधीन, पूर्ण और अपूर्ण सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट को शीघ्र पूरा करने के लिए कहा गया। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद की ओर से गंगा नदी के जल की गुणवत्ता में सुधार के आंकड़ों का प्रेषण, वन विभाग द्वारा आर्द्र भूमि संरक्षण, वनीकरण एवं जैव विविधता संरक्षण में किए जा रहे सभी कार्यों का उत्कृष्ट क्रियान्वयन करने का निर्देश दिया गया।

इसके साथ ही जन गंगा कार्यक्रम अंतर्गत जन-जागरूकता, प्रभात फेरी, रैली, गंगा मैराथन, गंगा क्वीज, दीवार लेखन, नारा प्रतियोगिता, कैच द रेन (वर्षा जल संग्रहण), गंगा आरती का नियमित आयोजन कराने को कहा गया है।



# रोगमुक्त रहने के लिए ऐसे करें की शीतला अष्टमी पूजा

29 जून, शनिवार को शीतला अष्टमी मनाई जाएगी. शीतला देवी की पूजा सूर्योदय से पूर्व करना चाहिए, क्योंकि माता शीतलता का प्रतीक हैं. शीतला अष्टमी की पूजा में देवी को ठंडी बाजी चीजों का भोग लगाया जाता है. देवी शीतला का भोग व्रत से एक दिन पहले यानी सप्तमी की रात को ही बना लिया जाता है. शास्त्रों के अनुसार शीतला अष्टमी संतान की खुशहाली, सलामती और सफलता के विशेष फलदायी माना गया है. जानें शीतला अष्टमी का शुभ मुहूर्त, पूजा विधि और नियम.

## शीतला अष्टमी की पूजा विधि

- शीतला अष्टमी के दिन सूर्योदय से पूर्व स्नान कर लें और फिर स्वच्छ वस्त्र पहनें.
- पूजा की थाली तैयार करें – थाली में दही, पुआ, रोटी, बाजरा, सप्तमी को बने मीठे चावल, नमक पारे और मठरी रखें। वहीं दूसरी थाली में आटे से बना दीपक, रोली, वस्त्र, अक्षत, मोली, होली वाली बड़कुले की माला, सिक्के और मेहंदी रखें और साथ में ठंडे पानी का लोटा रखें.
- अब शीतला माता की मूर्ति पर जल अर्पित करें. देवी पर चढ़ाया जल थोड़ा सा इक्ट्ठा कर लें पूजा के बाद इसे आंखों पर लगाएं. इससे आरोग्य मिलता है.
- अब नीम के पेड़ पर भी जल चढ़ाएं. देवी को कुमकुम, हल्दी, मेहंद, अक्षत, कलावा चढ़ाएं. देवी को बासी हलवा, पूड़ी, बाजरे की रोटी, पुए, राबड़ी, आदि का भोग लगाएं.
- अब घी का दीपक बिना जलाए ही देवी की मूर्ति के सामने रख दें. शीतला अष्टमी व्रत की कथा करें, शीतलाष्टक स्तोत्र का पाठ भी करना अच्छा होता है.
- अब हल्दी को गिला कर हाथ में लगाएं और इसे घर के मुख्य द्वार या रसोई की दीवार पर छापे दें.इसके ऊपर कुमकुम और चावल लगाएं
- इस दिन देवी के भोग के लिए बनाए पकवान ही परिवार सहित ग्रहण करें.

## शीतला अष्टमी पूजा मंत्र

वन्देहं शीतलां देवीं रासभस्थां दिगम्बराम।
मार्जनीकलशोपेतां शूर्पालड्कृतमस्तकाम।।

## शीतला अष्टमी पर क्या न करें

- शीतला अष्टमी से एक दिन पहले यानी सप्तमी की रात को स्नान कर स्वच्छता के साथ भोग बनाएं.
- शीतला अष्टमी के दिन नए कपड़े या काले कपड़े न पहनें.
- कहते हैं शीतला अष्टमी के दिन सुई में धागा नहीं डालना चाहिए और न ही सिलाई करनी चाहिए.
- शीतला अष्टमी के दिन चूल्हा नहीं जलाया जाता



# योगिनी एकादशी व्रत का पारण कब है?

**हिंदू धर्म में एकादशी व्रत का विशेष महत्व माना गया है. आषाढ़ महीने के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि के दिन योगिनी एकादशी का व्रत किया जाता है. इस साल 2 जुलाई को योगिनी एकादशी का व्रत रखा जाएगा. एकादशी तिथि व्रत भगवान विष्णु को समर्पित होती है. इस दिन व्रत रखने और भगवान विष्णु की पूजा करने से घर में सुख, सौभाग्य और समृद्धि की प्राप्ति होती है.**

योगिनी एकादशी का व्रत निर्जला एकादशी के बाद और देवशयनी एकादशी से पहले रखा जाता है. शास्त्रों की मानें तो एकादशी व्रत रखने से व्यक्ति के जीवन में आ रही सभी परेशानियां दूर हो जाती हैं और व्यक्ति को पुण्य के बराबर फल प्राप्त होता है. मान्यता है कि योगिनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु की उपासना और व्रत रखने से व्यक्ति को मृत्यु के बाद'श्रीहरि' के चरणों में स्थान प्राप्त होता है. एकादशी व्रत का पारण अगले दिन द्वादशी तिथि के दिन किया जाता है. ऐसे में अगर आप योगिनी एकादशी का व्रत रखने जा रहे हैं तो आपको बताते हैं योगिनी एकादशी व्रत पारण का समय और कुठ जरूरी नियम.

## योगिनी एकादशी व्रत तिथि

हिंदू पंचांग के अनुसार, आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि शुरू – 1 जुलाई को सुबह 10 बजकर 26 मिनट पर. आषाढ़ माह कृष्ण पक्ष एकादशी तिथि समाप्त 2 जुलाई को सुबह 8 बजकर 34 पर. ऐसे में उदयातिथि को मानते हुए योगिनी एकादशी का व्रत 2 जुलाई 2024 को रखा जाएगा.

## योगिनी एकादशी 2024 व्रत पारण कब है?

योगिनी एकादशी व्रत का पारण अगले दिन द्वादशी तिथि पर किया जाता है. ऐसे में 3 जुलाई सुबह 5.28 मिनट से लेकर सुबह 7.10 मिनट के बीच योगिनी एकादशी व्रत का पारण किया जाएगा. एकादशी का पारण द्वादशी तिथि के दौरान ही करना शुभ माना गया है. द्वादशी तिथि का समापन 3 जुलाई को सुबह 7 बजकर 10 मिनट पर होगा.

## योगिनी एकादशी व्रत का महत्व

धार्मिक मान्यता के अनुसार, योगिनी एकादशी का व्रत करने से व्यक्ति के द्वारा जाने-अनजाने में किए गए सारे पाप मिट जाते हैं और घर में खुशहाली बनी रहती है. ऐसा कहा जाता है कि योगिनी एकादशी का व्रत करना 88 हजार ब्राह्मणों को भोजन कराने के बराबर का फल देता है.

## योगिनी एकादशी व्रत पारण नियम

- शास्त्रों के अनुसार, एकादशी व्रत का पारण हरि वासर समय समाप्त होने के बाद ही करना चाहिए.
- एकादशी व्रत तोड़ने के लिए सबसे सही समय प्रातः काल का माना जाता है.
- लोग एकादशी व्रत कर रहे हैं उन्हें मध्याह्न यानी दोपहर के समय व्रत का पारण नहीं करना चाहिए.
- अगर सुबह ऐसा नहीं कर पाएं, तो दोपहर के बाद पारण करना चाहिए.
- एकादशी व्रत पारण के समय भोजन में मूली, बैंगन, साग, मसूर दाल, लहसुन या प्याज आदि का भूलकर भी इस्तेमाल न करें.
- एकादशी व्रत पारण का पारण सात्विक भोजन से करें और उस भोजन में चावल को जरूर शामिल करें.
- द्वादशी के दिन एकादशी व्रत पारण के समय चावल खाना शुभ माना जाता है.

## योगिनी एकादशी का महत्व

योगिनी एकादशी निर्जला एकादशी के बाद और देवशयनी एकादशी से पहले की जाती है। मान्यता है कि इस व्रत को करने से आपके घर में धन, संपत्ति, वैभव आता है और आपको सुख समृद्धि प्राप्त होती है। भगवान विष्णु के योग निद्रा में जाने से पहले इस एकादशी पर पूजा करने और भजन कीर्तन करने का खास महत्व होता है। ऐसा मानते हैं कि इस दिन ईश्वर की कृपा आपको प्राप्त होती है और पूरे परिवार पर आपकी कृपा बनी रहती है।

## योगिनी एकादशी पर बने हैं ये शुभ योग

योगिनी एकादशी पर अबकी बार त्रिपुष्कर योग और सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। 2 जुलाई को सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह 5 बजकर 27 मिनट से अगले दिन सुबह 3 जुलाई को 4 बजकर 40 मिनट तक रहेगा। इसके अलावा त्रिपुष्कर योग 2 जुलाई को सुबह 8 बजकर 42 मिनट से अगले दिन 3 जुलाई को सुबह 4 बजकर 40 मिनट तक रहेगा।

# योगिनी एकादशी के उपाय

### पीपल में जल अर्पित करें

इस दिन कर्ज से मुक्ति के लिए पीपल वृक्ष में जल अर्पित करके उसकी विधिवत पूजा करें।

### लक्ष्मी प्राप्ति

इस दिन धन-धान्य तथा लक्ष्मी की प्राप्ति के लिए घर में भगवान श्री विष्णु तथा माता लक्ष्मी का केसर मिले जल से अभिषेक करें।

### घी का दीया

एकादशी तिथि पर पीपल में मीठा जल चढ़ाने तथा शाम के समय पीपल की जड़ में घी का दीया लगाना बहुत ही शुभ माना जाता है।

### तुलसी पूजन

एकादशी के दिन सायं के समय तुलसी के सामने गाय के घी का दीपक जलाकर ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय नमः का जाप करते हुए तुलसी जी की 11 परिक्रमा करें, इस उपाय से घर के समस्त संकट और आने वाली परेशानियां भी दूर जाती हैं।

### दान-पुण्य

एकादशी के दिन उपवास के पश्चात द्वादशी तिथि पर पारण से पूर्व ब्राह्मणों को मिठाई, दक्षिणा तथा गरीबों को खाद्य सामग्री देने के पश्चात ही खुद पारणा करना लाभकारी होता है।

### जाप मंत्र

एकादशी के दिन सुबह घर की सफाई करके मुख्य द्वार पर हल्दीयुक्त जल या गंगा जल का छिड़काव करके मंत्र- ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय नमः का 108 बार जाप करें। जाप में तुलसी की माला को उपयोग में लाएं।



### स्थायी धन प्राप्ति

स्थायी धन की प्राप्ति के लिए पूजा स्थान में 11 गौमती चक्र रखकर स्फटिक की माला से श्री महालक्ष्म्यै श्रीयें नमः मंत्र का 11 माला जाप करके उन्हें लाल वस्त्र में बांधकर तिजोरी में धन वाले स्थान पर रख दें।

### रुपए का दान

इस दिन अपने सामर्थ्य के अनुसार वस्त्र और रुपया-पैसे का दान अवश्य करना चाहिए।



# आषाढ़ अमावस्या कब है, पितर पूजन के लिए खास मानी जाती है यह तिथि

**आषाढ़ अमावस्या का धार्मिक और पौराणिक महत्व बहुत खास माना जाता है। इस साल आषाढ़ अमावस्या 5 जुलाई दिन शुक्रवार को है। इस दिन जरूरतमंद लोगों की मदद करने और जरूरत की वस्तुएं दान करने से मां लक्ष्मी आपसे प्रसन्न होती है और आपको सदैव सुखी और संपन्न रखती हैं। आइए जानते हैं आषाढ़ अमावस्या का महत्व और इस दिन क्या करें और क्या नहीं।**

आषाढ़ मास की अमावस्या का महत्व धार्मिक रूप से बहुत खास माना गया है। आषाढ़ अमावस्या इस बार 5 जुलाई को है। मान्यताओं के अनुसार इस दिन स्नान दान और पूजापाठ करने का खास महत्व होता है। कहते हैं कि हर महीने की अमावस्या को पितर धरती पर अपने परिजनों को देखने आते हैं। यदि इस दिन उनके नाम से दान पुण्य के कार्य किए जाएं तो आपको बहुत ही शुभ फल की प्राप्ति होती है। पितर अमावस्या की तरह ही आषाढ़ अमावस्या का महत्व शास्त्रों में बहुत खास माना गया है। आइए आपको इस बारे में विस्तार से बताते हैं और जानते हैं कुछ और खास बातें।

## आषाढ़ अमावस्या कब से कब तक

हिंदू पंचांग के अनुसार आषाढ़ अमावस्या 5 जुलाई शुक्रवार को सुबह 4 बजकर 57 मिनट से लेकर अगले दिन 6 जुलाई को सुबह 4 बजकर 26 मिनट तक रहेगी। इसलिए उदया तिथि के आधार पर आषाढ़ अमावस्या का व्रत 5 जुलाई शुक्रवार को रखा जाएगा।

## आषाढ़ अमावस्या पर क्या करें

आषाढ़ अमावस्या का महत्व शास्त्रों में बहुत ही खास माना जाता है। इस दिन सुबह स्नान करने के बाद पितरों का तर्पण करना सबसे शुभ माना जाता है। इसके बाद पितरों के नाम से दान पुण्य करना चाहिए। इस दिन जरूरतमंद लोगों को वस्त्र और अनाज का दान करना चाहिए। पितरों का तर्पण करने के लिए कुश, काले तिल और सफेद फूल का प्रयोग करना सबसे अच्छा माना जाता है। आषाढ़ अमावस्या की शाम को पीपल के पेड़ पर सरसों के तेल का दीपक जरूर जलाना चाहिए। कहते हैं पीपल के पेड़ पर पितरों का वास होता है। इसके अलावा अमावस्या तिथि पर आपको शाम के वक्त दक्षिण दिशा में सरसों के तेल का दीपक जरूर जलाकर रखना चाहिए। अमावस्या के दिन आटा दान करना बहुत अच्छा माना जाता है। इसके साथ ही इस दिन नमक और चीनी का दान भी जरूर करें।

## आषाढ़ अमावस्या पर क्या न करें

अमावस्या तिथि को शास्त्रों में बहुत ही नियम संयम का पालन करने वाला दिन माना जाता है। इस दिन भूलकर भी किसी बुजुर्ग का अपमान न करें और किसी के साथ विवादों में पड़ने से बचें। अमावस्या तिथि पर मांस मदिरा का सेवन भूलकर भी न करें और द्वार पर आए किसी भिक्षुक को खाली हाथ न जाने दें।



**वास्तु शास्त्र के अनुसार अगर आपके घर का मुख्य दरवाजा दक्षिण दिशा की तरफ है, तो आपको कुछ उपाय करके घर में आने वाली ऊर्जा को सकारात्मक बनाए रखने के लिए कुछ उपाय जरूर करने चाहिए। आइए, जानते हैं वास्तु शास्त्र के अनुसार घर का मुख्य दरवाजा दक्षिण दिशा में होने पर क्या करना चाहिए।**

# दक्षिण दिशा में है आपके घर का मुख्य दरवाजा, तो इन उपायों से टालें अनहोनी का खतरा

वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में आने वाली सकारात्मक और नकारात्मक ऊर्जा घर की छोटी-छोटी चीजों पर भी निर्भर करती है। जैसे, अगर वास्तु शास्त्र के अनुसार अगर आपके घर का दरवाजा दक्षिण दिशा की तरफ होता है, तो आपके घर में अनहोनी या भी नकारात्मक घटनाएं होने की आशंका काफी बढ़ जाती है क्योंकि मान्यता है कि दक्षिण दिशा यमराज की दिशा होती है, इसलिए दक्षिण दिशा में मुख्य द्वार नहीं बनाए जाते, लेकिन जानकारी की कमी के चलते कई लोग दक्षिण दिशा में मुख द्वार बनवा लेते हैं। ऐसे में इसे शुभ नहीं माना जाता है। आइए, जानते हैं कि अगर किसी कारणवश आपके घर का मेन गेट दक्षिण दिशा की तरफ है, तो आपको कौन-से उपाय करने चाहिए।

## दक्षिण दिशा में रखें गणेश जी की प्रतिमा

आपके घर का दरवाजा अगर दक्षिण दिशा की तरफ है, तो आपको दक्षिण दिशा में गणेश जी की प्रतिमा जरूर लगानी चाहिए। इससे भी दक्षिण दिशा में घर का मुख्य दरवाजा होने के अशुभ प्रभाव कम हो जाते हैं। गणेश जी प्रतिमा को रोजाना साफ जरूर करें। याद रखें कि आपको घर की दक्षिण दिशा में भगवान की मूर्ति तब ही रखनी चाहिए, जब आपके घर का मुख्य द्वार दक्षिण दिशा में हो।

## दक्षिण दिशा की दीवार पर बनाएं स्वास्तिक

घर से नकारात्मक ऊर्जा दूर करने के लिए आपको दक्षिण दिशा की दीवार पर स्वास्तिक का निशान बनाना चाहिए। इससे भी घर में बनी नकारात्मक ऊर्जा बाहर हो जाती है और घर में सुख-समृद्धि का वास होता है। शुभ प्रभावों में वृद्धि के लिए आपको रोजाना रोली से दीवार पर स्वास्तिक बनाना चाहिए।

## दक्षिण दिशा में लगाएं हनुमान जी फोटो

आपको दक्षिण दिशा में हनुमान जी की आशीर्वाद देने वाली मुद्रा में तस्वीर जरूर लगानी चाहिए। इसके अलावा आप दक्षिण दिशा में पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर भी दक्षिण दिशा में लगा सकते हैं। इससे हनुमान जी आपके घर में कृपा बनाकर रखेंगे और आपकी सारी पीड़ाएं दूर कर देंगे।

## दक्षिण दिशा में रखें कैक्टस

घर में कैक्टस का पौधा लगाना शुभ नहीं माना जाता लेकिन अगर आप घर का दरवाजा दक्षिण दिशा में होने की वजह से उपाय के तौर पर कैक्टस लगाते हैं, तो इसके अशुभ प्रभाव खत्म हो जाते हैं। घर में कैक्टस यानी नागफनी का पौधा लगाने से नकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश घर में नहीं होता।

## दक्षिण दिशा में लगाएं बड़ा-सा शीशा

आपके घर का दरवाजा अगर दक्षिण दिशा में है, तो आपको दक्षिण दिशा में दरवाजे के ठीक सीधी पड़ने वाली दीवार पर एक बड़ा-सा शीशा जरूर लगाना चाहिए, इससे दरवाजा खुलते ही घर में आई नकरात्मक ऊर्जा शीशे से टकराकर वापस चली जाएगी।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## चार महा देशों का तपना

धरती के चार महादेश इतना तप रहे हैं कि लगता है, इस बार गर्मी तमाम कीर्तिमान तोड़ डालेगी। धूप या ताप से होने वाली मौतों को बहुत स्पष्टता से नहीं नापा जा सकता, फिर भी दुनिया में इस साल गर्मी की वजह से हजारों मौतें हुई हैं, इसके अलावा बड़ी संख्या में लोग बीमार पड़े हैं। सऊदी अरब में इतनी ज्यादा गर्मी पड़ रही है कि वहां 900 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है, जिनमें 70 से ज्यादा तो अकेले भारतीय हैं। वहां 51 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच जा रहा पारा हाजियों के लिए काल बन जा रहा है। मिस्र में 530 से ज्यादा लोग मारे गए हैं, तो भारत में 1 मार्च से 18 जून के बीच 40,000 से अधिक हीटस्ट्रोक के मामले आए हैं और 100 से ज्यादा लोग काल के गाल में समा गए हैं। लू से मौत केवल एशिया और अफ्रीका तक सीमित नहीं है, यूरोपीय देशों में भी मौत हो रही है और अमेरिका में भी। यूएस नेशनल ओशनिक ऐंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन के अर्थ ऑब्जर्वेटरी के मुताबिक, भूमध्य सागर के पास के देशों को भी प्रचंड उच्च तापमान का सामना करना पड़ रहा है, पुर्तगाल से ग्रीस और अल्जीरिया तक में जंगलों में आग लगी हुई है। वैज्ञानिक इस बात का एहसास करने लगे हैं कि दुनिया में बड़े पैमाने पर प्रयास करने पड़ेंगे, तभी अत्यधिक ताप से जीवन बचाया जा सकेगा। अपनी ठंड के लिए विख्यात न्यूयॉर्क का तपना तो और भी चिंताजनक है। जिन शहरों को कभी गर्मियों में खुशनुमा माना जाता था, वैसे शहर भारत से लेकर अमेरिका तक, अपनी पहचान खोते दिख रहे हैं। न्यूयॉर्क शहर में अनेक संस्थानों में शीतलन की व्यवस्था करनी पड़ी है, अनेक स्कूलों में बच्चों को दोपहर से पहले ही घर भेज दिया जा रहा है। अनेक अमेरिकी राज्यों में पारा 45 के पार पहुंच जा रहा है। न्यू मैक्सिको में भीषण गर्मी के चलते 23,000 एकड़ से अधिक भूमि जल गई और 500 से ज्यादा घर नष्ट हुए हैं। दुनिया के अनेक देशों में जंगल जल रहे हैं, जिनकी आग केवल भारी बारिश से ही बुझ सकती है। बढ़ता तापमान संकेत है कि दुनिया धीरे-धीरे असहनीय हो रही है। ऐसा क्यों हो रहा है? गर्मी आज बड़ा सवाल है, पर उसका हमारे पास क्या जवाब है? हमें गंभीरता से सोचना होगा? ऐसी गर्मी के लिए नेपाल जैसा देश जिम्मेदार है या अमेरिका जैसा सुपरपावर? जलवायु परिवर्तन का मुद्दा जब छिड़ता है।

## आरपार के मूड में विपक्ष, स्पीकर ही नहीं डेप्युटी पर भी है रस्साकशी

हालात इतने असहज नहीं होते अगर एनडीए सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल में विपक्ष के किसी सांसद को डेप्युटी स्पीकर बनाने पर सहमति दे दी होती। 17वीं लोकसभा देश की पहली और अकेली लोकसभा थी, जिसमें कोई डेप्युटी स्पीकर नहीं रहा। 2019 के चुनावी नतीजों से विपक्ष इतना हताश था कि भाजपा के सांसद, ओम बिरला बिना किसी शोर-शराबे के आसानी से लोकसभा स्पीकर चुन लिए गए। मगर डेप्युटी स्पीकर का पद खाली रहा। इस बार हालात और विपक्ष के तेवर बदले हुए हैं। उसने शर्त रख दी है कि अगर सरकार किसी विपक्षी नेता को डेप्युटी स्पीकर बनाने पर सहमत नहीं होती है तो विपक्ष लोकसभा स्पीकर पद के लिए चुनाव लड़ सकता है। यह स्थिति सरकार के लिए असहज होगी क्योंकि अगर विपक्ष ने लोकसभा स्पीकर पद के लिए अपना कोई उम्मीदवार मैदान में उतारा तो यह आजाद भारत के संसदीय इतिहास में अनोखी और दुर्लभ घटना होगी। यहां स्पीकर का चयन आम सहमति से होता रहा है। भारत में लोकतांत्रिक संसदीय प्रणाली वेस्टमिंस्टर मॉडल पर चलती है। इस प्रणाली में लोकसभा स्पीकर को सबसे महत्वपूर्ण दर्जा दिया गया है। सदन में स्पीकर के पास अभूतपूर्व अधिकार हैं। वह संसद का मुखिया होता है। सभी संसदीय मामलों में उसका फैसला आखिरी होता है। देश में संवैधानिक पदों की प्रोटोकॉल लिस्ट में स्पीकर को भारत के मुख्य न्यायाधीश के साथ यानी छठे रैंक पर रखा गया है। स्पीकर चुनने के लिए सदन का साधारण बहुमत काफी है। इसलिए किसी सरकार को पसंद का स्पीकर चुनने में कोई मुश्किल नहीं होती। लेकिन संसद के सुचारू संचालन के लिहाज से यह बात अच्छी मानी जाती है कि स्पीकर को पक्ष और विपक्ष दोनों का विश्वास हासिल रहे। यही वजह है कि भारत में सत्तारूढ़ और विपक्षी पार्टियां, इस मसले पर टकराव के बजाय मेलजोल से रास्ता निकालना बेहतर समझती रही हैं।

## कांग्रेस की हालत सुधरी, लेकिन इतिहास रचने से रह गई

(उमेश चतुर्वेदी)

पांच साल पहले के आम चुनावों की तुलना में 2024 में कांग्रेस को 99 सीटें मिली हैं। दिलचस्प यह है कि इनमें पिछली बार जीती गई, 13 सीटें शामिल नहीं हैं। क्योंकि तेरह सीटें कांग्रेस हार चुकी है। फिर भी पार्टी ऐसे उछल रही है, मानो उसने तीन सौ सीटें जीत ली हो। सोलहवीं और सत्रहवीं लोकसभा के चुनाव नतीजों की तुलना में देखें तो अठारहवीं लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की 99 सीटों पर जीत बड़ी कही जा सकती है। इस पर कांग्रेस नेताओं का इतराना स्वाभाविक भी है। स्वाधीनता आंदोलन की प्रतिनिधि माने जाते रहे राजनीतिक दल का शीर्ष नेतृत्व इस तरह खुश हो रहा है, मानो उसने बड़ा तमगा हासिल कर लिया हो। लेकिन क्या यह कामयाबी इतनी बड़ी है कि पार्टी को इसकी खुशी में झूमना चाहिए? देश पर सबसे ज्यादा और तकरीबन सभी राज्यों में सबसे अधिक वक्त तक जिस पार्टी की सरकार रही हो, क्या उसके लिए यह जीत बड़ी मानी जा सकती है? 1885 में एओ ह्यूम ने कांग्रेस की स्थापना यह सोचकर नहीं की थी कि आने वाले दिनों में वह उनकी ही नस्ल के शासन के खिलाफ उठ खड़ी होगी, बल्कि भारतीय आजादी की मांग के साथ हुंकार भरने लगेगी। ह्यूम ने यह भी शायद ही सोचा होगा कि अंग्रेजी सरकार के खिलाफ भारतीयों के गुस्से के तार्किक इजहार के लक्ष्य से स्थापित कांग्रेस उन्हीं की प्रतिनिधि पार्टी बन जाएगी। पहले तिलक और बाद में गांधी का स्पर्श पाकर कांग्रेस ने जैसे अपना चोला बदल लिया। इसका फल उसे आजादी के बाद मिला और तीस सालों तक लगातार वह शासन में रही। उसे पहली बार 1977 में झटका लगा। लेकिन वह जल्द ही वापसी करने में कामयाब रही। ऐसे ही अल्पकालिक झटके उसे, 1989 और 1996 में भी लगे। 1998 में लगे झटके के ठीक अगले साल वह वापसी करती दिखी, लेकिन उसी साल हुए चुनावों के बाद पांच साल के लिए बाहर हो गई। कांग्रेस के इतिहास में यह पहला मौका रहा, जब उसे लगातार पांच साल के लिए सत्ता से बाहर रहना पड़ा। 2004 में अल्पमत से ही सही उसने वापसी की और दस साल तक गठबंधन

*तकरीबन समूचे विपक्ष का रवैया भी ऐसा ही रहा। विपक्ष की चुनावी रणनीति और अभियान देखकर ऐसा लगता रहा कि विपक्ष मोदी को हराने नहीं, उनकी ताकत घटाने की लड़ाई लड़ रहा है। सबकी कोशिश यही लग रही थी कि किसी भी तरह से बीजेपी को बहुमत के आंकड़े तक पहुंचने से रोका जाए। कहना न होगा कि विपक्ष अपने इस उद्देश्य में सफल रहा। अगर कांग्रेस का चुनावी लक्ष्य यही था तो उसका खुश होना स्वाभाविक है।*

का सरकार चलाया। लेकिन 2014 के चुनावों में उसकी ऐतिहासिक हार हुई और वह महज 44 सीटों पर सिमट गई। देश पर सबसे ज्यादा वक्त शासन करने वाली पार्टी को नेता प्रतिपक्ष तक का पद नहीं मिला और यही स्थिति 2019 में भी रही, बेशक आठ सीटें बढ़ गईं। दिलचस्प यह है कि गांधी-नेहरू परिवार के चश्म-ए-चिराग के हाथों में पूरी कमान थी। इससे पार्टी में निराशा फैलना स्वाभाविक था, जिसे कांग्रेस अध्यक्ष पद से राहुल गांधी के इस्तीफे से चरम अभिव्यक्ति मिली। पांच साल पहले के आम चुनावों की तुलना में 2024 में कांग्रेस को 99 सीटें मिली हैं। दिलचस्प यह है कि इनमें पिछली बार जीती गई, 13 सीटें शामिल नहीं हैं। क्योंकि तेरह सीटें कांग्रेस हार चुकी है। फिर भी पार्टी ऐसे उछल रही है, मानो उसने तीन सौ सीटें जीत ली हो। पार्टी कुछ वैसे ही खुश नजर आ रही है, जैसे चार दशक पहले के चुनाव में मिली जीत से प्रसन्न थी। इंदिरा की हत्या की पृष्ठभूमि में हुए 1984 के आम चुनावों में पार्टी को 415 सीटें मिली थीं। 99 सीटों की जीत वाली यह उस कांग्रेस की खुशी है, जिसे आपातकाल के गुस्से के बावजूद 1977 40 प्रतिशत से कुछ ज्यादा वोट और 189 सीटें मिली थीं। जबकि 2024 के चुनावों की तुलना 1977 से हो भी नहीं सकती। कांग्रेस के ही आला नेता राजीव गांधी ने देश को इक्कीसवीं सदी में तरक्की के साथ आगे बढ़ाने का संदेश दिया था। इक्कीसवीं सदी में कूटनीतिक, आर्थिक और सामरिक मोर्चे पर देश काफी आगे बढ़ गया है। लेकिन कांग्रेस सौ सीटों का भी आंकड़ा नहीं छू पाई और उछल रही है। कांग्रेस से जुड़े आंकड़ों पर गौर करें तो पता चलेगा कि बुरे से बुरे दिनों में भी पार्टी सौ से ज्यादा संसदीय सीटें कब्जाती रही। 1996, 1998, 1999 और 2004 के चुनाव ऐसे रहे, जिनमें कांग्रेस दो सौ का आंकड़ा नहीं छू पाई, लेकिन सौ से नीचे भी नहीं गई। 1996 में 140 और 1998 में 141 सीटों पर ही सिमट गया था। पार्टी 1999 और 2004 के आम चुनावों में भी दो सौ की सीट संख्या को पार नहीं कर पाई। उसे क्रमशः 114 और 145 सीटें मिलीं। यह बात और है कि 2004 में बीजेपी उससे छह सीटें कम जीत सकी, इसलिए पार्टी को सरकार बनाने का मौका मिल गया। लेकिन अगले आम चुनाव में पार्टी ने ठीकठाक उछाल मारा और 206 सीटों पर पहुंच गई। तब से तीन चुनाव हो चुके हैं और वह सौ का आंकड़ा तक नहीं छू पाई है। चुनावी अभियान में जुबानी जंग होती रही है। लेकिन चुनाव बीतते ही उसे भुला दिया जाता है। लेकिन कांग्रेस की अकड़ देखिए। पार्टी अपने से करीब ढाई गुनी ज्यादा सीट जीतने वाली बीजेपी को नैतिक रूप से हारी हुई पार्टी बता रही है। जयराम रमेश कह चुके हैं कि पार्टी नैतिक और राजनीतिक रूप से चुनाव हार चुकी है। पार्टी की जुबानी खराश चुनाव बाद भी दूर होती नजर नहीं आ रही। नई सरकारें बनने के बाद विपक्ष की ओर से भी औपचारिक शुभकामना संदेश देने का चलन रहा है। लेकिन कांग्रेस की ओर से शुभकामनाएं तक नहीं भेजी गई हैं। विपक्षी दलों की ओर से शपथ समारोह में शामिल होने की परंपरा रही है। लेकिन कांग्रेस का आला नेतृत्व इससे दूर रहा। इससे संदेश यह गया कि पार्टी नेतृत्व अकड़ में है। सोशल मीडिया के दौर ने सामाजिक परिदृश्य को दो हिस्सों में साफ बांट दिया है। तटस्थता की अवधारणा कमजोर हुई है। सोशल मीडिया मंच पर वही सफल है, जो या तो पक्ष में है या विपक्ष में। दोनों पक्ष अपने-अपने तरीके से अपने लिए तर्क और कुतर्क गढ़ते रहते हैं। उनके समर्थकों को इससे लेना-देना नहीं कि तर्क है या कुतर्क है। इसी तरह राजनीति भी साफ खांचे में बंट गई है। राजनीति भी कुतर्क को तर्क के मुलम्मे में लपेटकर अपने उन्मादी समर्थकों को और ज्यादा उन्मादी बना रही है। कांग्रेस की ओर से सत्ता पक्ष के लिए कड़वापन इसी प्रवृत्ति का विस्तार लगता है। यह बात और है कि लोकतंत्र में उन्मादी वैचारिकता और सोच की कोई जगह नहीं होती। कांग्रेस के पूरे चुनाव अभियान में भाषायी स्तर नीचे उतरता ही दिखा। प्रधानमंत्री मोदी ने मंगल सूत्र और सांप्रदायिकता की बात की तो उसकी खूब आलोचना हुई। मीडिया के एक हिस्से और विपक्ष ने उस पर खूब सवाल उठाया। लेकिन उसी दौरान राहुल गांधी की भाषा मर्यादा के दायरे से लगातार बाहर जाती दिखी। लेकिन उस पर सवाल नहीं उठा। तब राहुल कहा करते थे कि लिख कर रख लो, मोदी इस बार गया। राहुल यह भी कहते थे कि बीजेपी 180 से आगे नहीं बढ़ेगी।

## आपातकाल-आज भी डराती है वो काली रात

(सुरेश हिंदुस्तानी)

वैसे देखा जाए तो कांग्रेस शासन का यही चरित्र रहा है कि उनके खिलाफ उठने वाली आवाज को किसी भी प्रकार से शांत किया जाए। आज भी कांग्रेस ठीक इसी पद्धति से काम करती हुई दिखाई दे रही है। कांग्रेस में लोकतांत्रिक सिद्धांतों की बलि दी जाती रही है। सत्ता की ताकत का दुरुपयोग कैसे किया जाता है, इसका उदाहरण कांग्रेस सरकार द्वारा 1975 में देश पर तानाशाही पूर्वक लगाया गया आपातकाल है। जिसमें अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार ही समाप्त कर दिया था। इंदिरा शासन द्वारा देश पर थोपे गए आपातकाल में सरकार के विरोध में आवाज उठाने को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया था। यहां तक कि सरकार ने विपक्ष की राजनीति करने वालों के साथ ही उन समाजसेवियों और राष्ट्रीय विचार के प्रति समर्पित उन संस्थाओं के व्यक्तियों को जेल में ठूंस दिया था, जो सरकार की कमियों के विरोध में लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठा रहे थे। सरकार के इस कदम को पूरी तरह से अलोकतांत्रिक कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। इंदिरा गांधी की सरकार ने अपनी सरकार के खिलाफ उठने वाली हर उस आवाज को दबाने का प्रयास किया, जो लोकतांत्रिक रूप से भी सही थी। वैसे देखा जाए तो कांग्रेस शासन का यही चरित्र रहा है कि उनके खिलाफ उठने वाली आवाज को किसी भी प्रकार से शांत किया जाए। आज भी कांग्रेस ठीक इसी पद्धति से काम करती हुई दिखाई दे रही है। कांग्रेस में लोकतांत्रिक सिद्धांतों की बलि दी जाती रही है। वर्तमान में कांग्रेस पार्टी ने कई बार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर राष्ट्र विरोधी ताकतों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन देने काम किया है, लेकिन जो कांग्रेस आज अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की वकालत कर रही है, उसने ही 25 और 26 जून 1975 की रात को आपातकाल लगाने के बाद अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का पूरी तरह गला घोंट दिया था। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर किस प्रकार कुठाराघात किया जाता है, इस तथ्य को जानने के लिए कांग्रेस के नेताओं को आपातकाल के काले अध्याय का अध्ययन करना चाहिए। आपातकाल के नाम पर कांग्रेस ने अंग्रेजों से भी भयंकर यातनाएं देते हुए देश भक्तों पर कहर बरपाया। जिसके स्मरण मात्र से दिल में सिरहन दौड़ जाती है। जिन लोगों ने इस काली रात का साक्षात्कार किया, उनके अनुभव सुनने मात्र से ही लगता है कि इन्होंने आपातकाल को किस कदर भोगा होगा। आपातकाल लगाने के पीछे के कारणों पर दृष्टिपात किया जाए तो यही तथ्य सामने आते हैं कि उस समय की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पूरी तरह से तानाशाह शासक की भूमिका में दिखाई दीं। उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को ठेंगा बताते हुए अपना प्रभुत्व स्थापित करने का प्रयास किया, यह प्रकार से सत्ता का दुरुपयोग ही था। वह निर्णय क्या था? इसकी जड़ में 1971 में हुए लोकसभा चुनाव था, जिसमें उन्होंने अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी राजनारायण को पराजित किया था, लेकिन चुनाव परिणाम आने के चार साल बाद राज नारायण ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में चुनाव परिणाम को चुनौती दी। 12 जून 1975 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जगमोहन लाल सिन्हा ने इंदिरा गांधी का चुनाव निरस्त कर उन पर छह साल तक चुनाव न लड़ने का प्रतिबंध लगा दिया और उनके मुकाबले हारे और श्रीमती गांधी के चिर प्रतिद्वंद्वी राजनारायण सिंह को चुनाव में विजयी घोषित कर दिया था। राजनारायण सिंह की दलील थी कि इंदिरा गांधी ने चुनाव में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया, तय सीमा से अधिक पैसा खर्च किया और मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए गलत तरीकों का इस्तेमाल किया। न्यायालय ने इन आरोपों को सही ठहराया था। इसके बावजूद श्रीमती गांधी ने प्रधानमंत्री पद से त्यागपत्र देने से इनकार कर दिया और देश में आपातकाल घोषित कर दिया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्णय के साथ ही गुजरात में चिमनभाई पटेल के विरुद्ध विपक्षी जनता मोर्चे को भारी विजय मिली। इस दोहरी चोट से इंदिरा गांधी बौखला गईं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक-5415


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 7 | 4 | | | |
| | 1 | | | | | 4 | | |
| 6 | 7 | | 9 | | 5 | | | |
| | 8 | | 2 | | 6 | | | |
| | 6 | | 8 | 4 | 7 | | 2 | |
| | | | 5 | | 1 | | 8 | |
| | | | 7 | | 8 | | 9 | 2 |
| | | 6 | | | | | 1 | |
| | | | 4 | 1 | | | 5 | 8 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5414

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 5 | 7 | 4 | 9 | 2 | 3 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 6 | 3 | 8 | 5 | 1 |
| 3 | 6 | 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 3 | 8 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 2 | 1 | 9 | 7 | 6 | 3 | 8 | 4 |
| 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 4 | 1 | 9 | 7 |
| 6 | 1 | 3 | 4 | 5 | 2 | 9 | 7 | 8 |
| 2 | 5 | 8 | 6 | 9 | 7 | 4 | 1 | 3 |
| 4 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 |

## वर्ग पहेली 5415



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. इस भारतीय भौतिक वैज्ञानिक ने 12 अगस्त को जन्म लिया था (7)
6. दुर्भाग्य, दुर्दशा, संकट (3)
7. एक प्रकार का फल जो भगवान के भोग निमित्त चढ़ाया जाता है, कदली (2)
9. तिब्बत के बौद्धों के धर्माचार्य, घास खाने ओर पागुर करने वाला एक जंतु जो ऊंट जैसा होता है (2)
10. मुशी, लिखने वाला, लेखक (3)
12. एक प्रकार का मंगल वाद्य, नफीरी (4)
13. एक सर्वनाम जिसका प्रयोग वक्ता ओर श्रोता के अतिरिक्त निकटवर्ती सभी संज्ञाओं या बातों के लिए होता है (2)
14. इस देश को म्यांमार कहा जाता है (2)
15. राजा के लिए प्रयुक्त शब्द (3)
19. यह एक दिवंगत पूर्व में दस्यु रह चुकी थीं (5)
21. उथल-पुथल, भागदौड़, संचलन (4)
22. विविध, एक रिश्ता, मातामह (2)

**ऊपर से नीचे**

1. महाकाय, भीम, गजकाय (5)
2. तारतम्य, रूटीन, विन्यास, करीना (2)
3. स्वार्थ, खुदगर्जी, प्रयोजन (4)
4. भारत का प्रथम अंतरिक्ष यात्री (5)
5. बरछा, बल्लम, नेजा, पाषाणी (2)
8. श्रमादि करके कमाया हुआ धन (3)
9. उपस्थित करना, ले आना, लिवाना (2)
11. तिगुना, तीन बार उतना ही (3)
14. जंगली मेवा (4)
16. निर्मित होना, निर्माण होना, पनपना (3)
17. यह उत्तर भारत में बहने वाली महत्वपूर्ण नदी है इसका पौराणिक नाम परूष्णी है (2)
18. एक प्रशंसासूचक शब्द (2)
20. प्रदत्त करना, प्रदान करना (2)

### वर्ग पहेली 5414 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खु | दी | रा | म | बो | स | | रा |
| द | म | न | शी | ल | | व्यो | म |
| | क | | न | चा | ना | | च |
| ता | | ब | ग | ल | | वा | रि |
| क | न्या | दा | न | | आ | द | त |
| त | य | | | मा | शा | | मा |
| | क | मा | ल | | ती | ज | न |
| क | र्ता | | ब | हु | त | | स |

## आज का राशिफल

### मेष
आज काफी व्यस्त रहेंगे। आपको अधिक भागदौड़ करनी पड़ सकती है, सावधानी बरतें। पैर में चोट लग सकती है। आपकी निर्णय लेने की क्षमताओं का आपको आज लाभ मिल सकता है। आज आपको रुके हुए कार्य में सफलमा प्राप्त होगी। किसी मामले में आपको निवेश करना हो तो तो दिल खोलकर करें। आगे चलकर आपको लाभ होगा और आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा।

### वृष
आज का दिन काफी भाग्यशाली रहेगा और आज आप जो भी काम करना चाहेंगे वह आराम से पूरा होगा। यदि आप काम को आगे बढ़ाने के लिए किसी बैंक से लोन लेने के बारे में सोच रहे हैं तो आपको सफलता मिलेगी और लाभ भी होगा। आपको शासन द्वारा सम्मानित किए जाने से मन प्रसन्न होगा। पुराने मित्रों का सहयोग मिलेगा और नए मित्र आपका साथ देंगे।

### मिथुन
आज का दिन मिश्रित फलकारक है। आपका दिन शांति और सुख में बीतेगा। माता-पिता के सहयोग और आशीर्वाद से राहत मिलेगी। ससुराल पक्ष से किसी मामले में विवाद होने की वजह से थोड़ी सी नाराजगी बढ़ सकती है। मधुर वाणी का प्रयोग करें और किसी कारण से आपके संबंधों में कड़वाहट आ सकती है।

### कर्क
आज जो भी कार्य करेंगे उसमें आपको लाभ होगा। सीमित और आवश्यकतानुसार व्यय करें तो कुछ पैसे बचा पाएंगे। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी और नौकर चाकरों का सुख पूर्ण रूप से मिलेगा। शाम से लेकर रात तक आपको किसी यात्रा पर जाने का सुख मिलेगा और परिवार के साथ समय अच्छा बीतेगा।

### सिंह
आज किसी पुराने विवाद का हल निकल आएगा। खुशमिजाज व्यक्तित्व होने के कारण आपको ऑफिस में सभी लोगों का सहयोग मिलेगा। सामाजिक सम्मान मिलने से आपका मनोबल बढ़ा रहेगा। रात्रि में प्रियजनों व परिजनों से हास्य विनोद रहेगा। आपको कारोबार में अच्छा मुनाफा होने से आपका उत्साह बढ़ेगा और धन सम्मान में वृद्धि होने से मन प्रसन्न रहेगा।

### कन्या
आज आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। आपको बहुमूल्य वस्तुओं की प्राप्ति के साथ ऐसे अनावश्यक खर्चे भी सामने आ सकते हैं जो कि आपको न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। ससुराल पक्ष से मान सम्मान मिलेगा और आपको कारोबार में लाभ होगा।

### तुला
आज हर मामले में सावधान रहने की सलाह है। आज आप फिजूल के खर्चे से बचें तो दिन अच्छी बीतेगा। यदि आप किसी शारीरिक रोग से पीड़ित हैं तो आज आपके कष्ट में वृद्धि हो सकती है। सामाजिक क्रिया कलाप में परेशानी और बाधा आ सकती है। अकस्मात् लाभ होने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा और धर्म, आध्यात्म के प्रति आपका झुकाव बढ़ेगा। संतान पक्ष से हर्षवर्धक समाचार मिलेगा।

### वृश्चिक
आज लाभ का दिन है और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। आप अपने कठिन कार्यों को सम्पन्न करने में सक्षम रहेंगे। आपको अपने माता-पिता से हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा। व्यर्थ व्यय का योग भी है। आप मन से लोगों का भला सोचेंगे, किन्तु लोग इसको आपकी मजबूरी या स्वार्थ ही समझेंगे। व्यापार में धन लाभ होगा और आपके धन में वृद्धि होगी।

### मकर
आज मन काफी परेशान रहेगा और आपको परेशानी हो सकती है। व्यापार में वृद्धि के लिए किए गए प्रयास निष्फल हो सकते हैं। शाम तक आपको कारोबार में लाभ होगा और सफलता प्राप्त होगी। अपने धैर्य तथा प्रतिभा से शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे। यदि कोई विवाद लंबित है तो आपको उसमें सफलता मिल सकती है। प्रयास करने से आपको लाभ होगा।

### कुंभ
आज दिन भाग्यशाली है और आज आपके आज अंदर विद्या, बुद्धि और ज्ञान की वृद्धि होगी। आपके अन्दर दान पुण्य और परोपकार की भावना विकसित होगी। आप आज दूसरों की आर्थिक मदद कर सकते हैं। भाग्य की ओर से भी आपको पूर्ण सहयोग मिलेगा, आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी। शाम से लेकर रात तक आपका मन प्रसन्न होगा। बाहर का खाने से बचें। पेट का विकार होने की आशंका है। सावधान रहें तथा खानपान पर संयम बरतें।

### धनु
आज कारोबार के लिए दिन उत्तम रहेगा। आपको परिश्रम का फल अच्छा मिलेगा। संतान के प्रति आपका विश्वास और अधिक मजबूत होगा और आपको ननिहाल पक्ष के लोगों से लाभ होगा। आप अपनी शान शौकत के लिए धन खर्च करेंगे जिससे आपके शत्रु परेशान होंगे। माता-पिता का विशेष ध्यान रखें तो आपको आशीर्वाद मिलेगा।

### मीन
आज दिन सफलता से भरा होगा और आपको शुभ लाभ होगा। आपके अधिकार और संपत्ति में वृद्धि होगी। आप आज दूसरों के लिए अच्छा सोचेंगे और उनकी मदद भी करेंगे। आय भाव में वृद्धि होगी और आपको सफलता प्राप्त होगी। अपने गुरु के प्रति पूर्ण भक्ति भाव और निष्ठा रखें। आज नये कार्यों में इनवेस्ट करना पड़े तो शुभ रहेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

## संक्षिप्त समाचार

### निष्काम कर्मयोग, मुक्ति का मार्ग : स्वामी अनिरुद्धाचार्य

**रांची।** वृंदावन से रांची आए श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य और गोविन्द दास महाराज गुरुवार को अपने परिकरों के साथ वृंदावन के लिए रवाना हुए। अनिरुद्धाचार्य श्रीलक्ष्मी वेंकटेश मंदिर के सप्तदश वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव समारोह में भाग लेने आए थे। स्वामी ने इस क्रम में शिष्य समुदाय और झारखंड के लिए कल्याण की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि निष्काम कर्म से ही मोक्ष संभव है। निष्काम कर्मयोग, मुक्ति का मार्ग है। भगवान नारायण ही परम तत्व हैं। परम ज्ञान, परम ब्रह्मा, परम ज्योति और परम से भी परम परात्पर हैं। इस संसार में जो कुछ भी देखा-सुना जाता है उसके बाहर और भीतर सर्वत्र नारायण ही व्याप्त हैं। भगवान का अनन्य भाव से ध्यान करना चाहिए।

### छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई



**बोकारो।** डीवीसी सीएसआर और डीवीसी अस्पताल की ओर से मासिक धर्म पर स्वच्छता शिविर का आयोजन किया गया। ऊपरघाट के पलामू उच्च विद्यालय में मासिक धर्म के स्वच्छता को लेकर डीवीसी अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ संगीता रानी के द्वारा महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। कक्षा आठवीं से दसवीं तक की लगभग 164 छात्राओं ने शिविर में भाग लिया। डीवीसी सीएसआर के ओर से सभी छात्राओं के बीच सेनेटरी पैड, विटामिन, आयरन और कैल्शियम सहित अन्य दवाइयां दी गई। पलामू मुखिया जलेश्वरी देवी ने कहा कि डीवीसी सीएसआर के द्वारा छात्राओं के लिए इस तरह का आयोजन करना काफी सराहनीय है। एचएम वीरेंद्र कुमार महतो, डीवीसी अस्पताल के स्वास्थ्य निरीक्षक कृष्णा कुमार, कलीम अंसारी, फुलेश्वर मुर्मू, शिक्षक शिक्षिकाए के साथ सीएसआर के भैरव महतो एवं जीबाधन महतो की मुख्य भूमिका रही।

### 35 युवा समितियां खेल सामग्री से सम्मानित



**गिरडीह।** ।सामाजिक परिवर्तन संस्थान ने एपीपीआई संस्था के सहयोग से गुरुवार को कार्यक्रम कर पालमो, बेरदोंगा, बजटो, सिंदवरिया,अलगुंदा में युवा समिति समूहों को प्रोत्साहन कार्यक्रम के तहत 35 युवा समितियों को खेल सामग्री देखकर सम्मानित किया। संस्थान की संचालित परियोजना पंचायती राज्य के ग्राम सभा में लोगों के शत प्रतिशत भागीदारी को लेकर कार्यक्रम चल रहा है।मौके पर सचिव उमेश तिवारी ने कहा कि संस्थान का 25 वर्ष होनेवाला है और अभी तक संस्थान तीन जिलों में बहुत सारी परियोजना पर काम कर चुकी है और काम चल रहा है। इस दौरान मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष भागीरथ मंडल, मुखिया सुरेंद्र यादव, रामेश्वर वर्मा, अनिता वर्मा, पंचायत समिति सदस्य अनिल साव, घनश्याम वर्मा, गुल मोहमद अंसारी, कार्यकर्ता आंनद त्रिपाठी, रॉनी अल्फ्रेड, शशि यादव, जितेंद्र महतो, परमेश्वर वर्मा, दीनानाथ पांडेय, डोली पांडेय, हेमंती मुर्मू आदि थे। संचालन मनोहर यादव ने किया।

### गांडेय विधायक ने किया क्षेत्र का दौरा

**गिरडीह/गांडेय।** गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने रविवार की शाम को गांडेय प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया और ग्रामीणों की समस्याओं को सुनी तथा उसका निष्पादन का आश्वासन दिया ।कल्पना सोरेन मुर्मू का जगह – जगह स्वागत किया गया , ग्रामीण महिलाओं ने उन्हें फूल माला पहनाकर स्वागत किया ।क्षेत्र भ्रमण के दौरान कल्पना सोरेन मुर्मू ने बडकीटांड़, महेशमुंडा, कोयरीडीह, चेंगरबाद , तिनपतली सहित अन्य गांवों का भ्रमण किया ।इस क्रम में महेशमुंडा में महिलाओं ने महेशमुंडा मुख्य सड़क से शमशान घाट तक सड़क निर्माण की मांग की। कोयरीडीह में छात्राओं ने अपनी समस्याओं से संबंधित मांग पत्र सौंपा।

# 20 सूत्री की बैठक में अबुआ आवास, पेयजल व पशुपालन का छाया रहा मुद्दा

**गिरडीह/राजधनवार।** धनवार प्रखंड कार्यालय के मीटिंग हॉल में गुरुवार को बीस सूत्री कमेटी के अध्यक्ष सफीक अंसारी की अगुवाई में बैठक आयोजित की गई। बैठक में धनवार बीडीओ देवेन्द्र कुमार दास, सीओ गुलजार अंजुम ने भाग लिया । बैठक में अबुवा आवास, पेयजल, पशुपालन का मुद्दा छाया रहा। इस दौरान सभी विभागों से बैठक में शामिल हुए पदाधिकारी से बारी बारी से चल रहे विकास योजनाओं की समीक्षा की गई।

इस दौरान सभी विभाग के अधिकारियों ने प्रखण्ड क्षेत्र में चल रही योजनाओं व आम जनता को मिलनेवाले लाभ की जानकारी दी गई। प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन बैंक मैनेजरों से केसीसी ऋष्टा लोगों को मुहैया कराने की बात कही। किसानों की ऋष्टा माफी की जानकारी भी बैंक मैनेजर से ली गई। राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को शत प्रतिशत धरातल में उतारने की बात कही गई। बीईईओ द्वारा कहा गया कि कल्याण योजना के तहत प्रखंड क्षेत्र के 2022 बच्चों को जो आठवीं कक्षा पास कर गए हैं उनको साइकिल देने का प्रावधान है। जिसके लिए सारी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। बांधी पंचायत में नाली निर्माण में भारी अनियमितता व अधूरे निर्माण को लेकर चर्चा की गई। वहीं अबुवा आवास में घोर अनियमितता की शिकायत पर जांच पड़ताल कर योग्य लाभुकों को भुगतान करने के लिए कहा गया। कहा गया कि कुछ योग्य लाभुक को अबुआ आवास नहीं मिलकर सम्पन्न लोगों को इसका लाभ दिया गया है।

इस बाबत बीस सूत्री अध्यक्ष सफीक अंसारी ने कहा कि कमेटी गठन कर पूरे प्रखंड क्षेत्र में इसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी। कहा कि राज्य सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना है। इसका सलेक्शन करने की जिम्मेवारी जिनको दी गई थी कहीं न कहीं उनसे भी अनदेखी हुई है। मुख्यमंत्री ग्राम बस योजना के बारे में जानकारी ली गई। कहा गया कि यह



योजना धनवार में अभी तक बस नहीं मिली है। कहा कि धनवार प्रखंड क्षेत्र में पानी की घोर किल्लत है जिसको लेकर पंचायतों में दस दस चापानल विभिन मदो से दिया गया लेकिन इसमें भी भारी अनियमितता बरती जा रही है । उक्त चापानल को किसी निजी लोगों को दे दिया जा रहा है। नल जल योजना में लगाया गया जलमीनार में भी भारी अनियमितता बरतने की बात सामने आयी है। जिसके कारण आम जनता को इस भीषण गर्मी में पीने के पानी की किल्लत बढ़ गयी है। पशुपालन विभाग के द्वारा प्रखंड क्षेत्र में ग्रामीणों को मिलनेवाले लाभ की जानकारी ली गई। जिसमें किन योजनाओं का लाभ किसको दिया गया इसकी जानकारी के लिए सूची उपलब्ध कराने की बात कही गई। कहा कि इसकी जांच कराई जाएगी। धनवार प्रखंड के गलवाती पंचायत के मुखिया पर अबुआ आवास में रिश्वत लेने के मामले में बीडीओ से लोगों ने कहा कि इस मामले में अभी तक क्या कार्रवाई हुई है।

इस बाबत बीडीओ ने कहा कि जांच रिपोर्ट जिला को उपलब्ध करा दी गई है। सरकारी विद्यालयों में तड़ित चालक पर चर्चा की गई। वहीं परसन पंचायत के मुखिया ने खिजरसोता में लाखों की लागत से बनी स्वास्थ्य उपकेंद्र का ताला भी नहीं खुला है। कहा कि ए एन एम की बहाली हुई है लेकिन आज तक उक्त उप स्वास्थ्य केंद्र का ताला भी नहीं खुला है। मौके पर बीपीआरओ रामशरण यादव, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष निरंजन राय, सुदामा राम, प्रमोद चौधरी, आरती साहा, रामदेव यादव, एजीएम जयप्रकाश शर्मा सहित सभी विभाग के पदाधिकारीगण मौजूद थे।

## हथियार के बल पर अपराधियों ने बुजुर्ग महिला से लूटी चेन

**रांची।** चुटिया के छठ तालाब रोड में दो बाइक पर सवार अपराधियों ने एक बुजुर्ग महिला से हथियार के बल पर सोने की चेन लूटकर फरार हो गए। घटना सोमवार की है। इस संबंध में बुजुर्ग महिला मंती देवी ने चुटिया थाने में मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज करायी है। चुटिया छठ तालाब के समीप रहने वाली मंती देवी ने पुलिस को बताया कि वह सोमवार की सुबह पूजा करने के लिए घर से निकली थी। इसी दौरान दो बाइक पर सवार अपराधी उनके पास पहुंचे। उनके गले से सोने की चेन छीनने लगे। विरोध करने पर अपराधियों ने पिस्टल निकाल लिया। महिला को धमकी दी कि चेन नहीं दी तो गोली मार देंगे। इससे महिला डर गयी और अपराधियों ने उनके गले से सोने की चेन लूटकर फरार हो गया। इसके बाद महिला चुटिया थाना पहुंची और मामला दर्ज कराया। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस की टीम उस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरा से घटना का फुटेज भी निकाली है। इसके आधार पर पुलिस अपराधियों की तलाश कर रही है।

## पेलावल में दो मासूम बच्चों के पिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हजारीबाग/कटकमसांडी।** पेलावल ओपी क्षेत्र के पेलावल दक्षिणी पंचायत में प्रदीप ठाकुर 40 वर्ष पिता रामधनी ठाकुर ने शनिवार देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार की देर रात व अपने कमरे में सोने गया इसी दौरान पंखे में रस्सी से झूलकर अपनी जान दे दी। घर और आस पास के लोगों ने सुबह उठा तो देखा कि दरवाजा काफी देर तक बंद है। इसके बाद खिड़की से झांक कर देखा तो प्रदीप ठाकुर पंखे से झूल रहा था। जिसकी सूचना जिला परिषद सदस्य के माध्यम से पेलावल थाना को दी गई। मौके पर पेलावल ओपी प्रभारी शाहिना प्रवीण ने दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल हजारीबाग भेज दिया। प्रदीप ठाकुर की पत्नी और दो छोटे-छोटे बच्चे इन दिनों अपने मायके बगरा जिला चतरा में रह रही है। इधर पेलावल दक्षिणी पंचायत के मुखिया नूरजहां, जिप सदस्य प्रतिनिधि मनीष ठाकुर ने घटना स्थल पर पहुंच कर दुख व्यक्त किया और परिजनों को सहायता मुहैया कराने की मांग की।

## गोमिया विधायक ने बिजली समस्या दूर कराई



**बोकारो।** गोमिया पंचायत के प्लस टू उवि के समीप सौ केवीए के विद्युत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन बुधवार देर शाम विधायक डा लंबोदर महतो ने किया। कहा कि क्षेत्र में कोई भी ऐसा गांव नहीं होगा, जहां बिजली न पहुंचा हो। वहीं बिजली की आंख मिचौनी को रोकने के लिए पुराने व जर्जर तारों एवं पोल को बदला जा रहा है ताकि निर्बाध गति से बिजली मिले। आजसू के केंद्रीय सचिव राजेश विश्वकर्मा, मुखिया बलराम रजक, विधायक प्रतिनिधि विपिन कुमार, राजकुमार यादव, बद्री जायसवाल, बबलू कुमार, बंटी कुमार, उदय कुमार आदि मौजूद थे। विधायक गुरुवार देर शाम छरछरिया धाम ललपनिया पहुंचे। यहां 28 जून से आयोजित 11 दिवसीय श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ को लेकर जायजा लिया।

# 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक में विकास कार्यों पर हुई चर्चा

**देवघर/मधुपुर।** प्रखंड 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक अध्यक्ष दिनेश्वर किस्कु की अध्यक्षता में गुरुवार को प्रखंड सभागार में आयोजित हुई। बैठक में बीडीओ सजंय कुमार, 20 सूत्री सदस्य, विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मियों ने भाग लिया। इस दौरान अध्यक्ष ने विशेष मतदाता सूची के पुनरीक्षण में नए मतदाता का नाम जोड़ने,जिला श्रम अधीक्षक देवघर को प्रखंड बीस सूत्री को बैठक में भेजने,सर्व प्रथम बीडीओ द्वारा स्वास्थ्य विभाग में चल रहे कार्यक्रम के बारे में जानकारी देने का अनुरोध किया गया। कहा कि केसीसी होल्डर को प्रशिक्षण कराया जाए।

केसीसी वितरण में जनप्रतिनिधियों के सहयोग करने की बात कही गई। वहीं उपाध्यक्ष ने नल जल योजन में लंबित कार्य को जल्द पूर्ण करवाने का प्रस्ताव दिया। उत्क्रमित उच्च विद्यालय सात्तर,धमनी व जगदीशपुर में नया



भवन बनकर तैयार है। इसका हस्तांतरण अभी तक नही कराया गया। इसे जल्द हस्तांतरण करवाने की मांग की गई। सात्तर विद्यालय के पास कलभट्ट निर्माण,गुरुजी क्रेडिट कार्ड का आवेदन सरकार तक भेजने के लिए पोर्टल पर चढ़ाया जाए। कहा कि 5 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों को आधार बनाना जरूरी है। मुखिया व पंचायत सचिव जागरुक करते हुए आधार कार्ड बनाने में सहयोग करें। चरपा,सात्तर व मिसरना में कितना कुआं स्वीकृति हुआ और कितना पूर्ण हो चुका है। विद्युत विभाग को स्पष्टीकरण करते हुए कहा गया है कि ग्रामीण क्षेत्र में जहां भी झुका हुआ तार व पोल की दूरी को अविलंब ठीक किया जाए। आरईओ को रोड ब्रेकर हटाने का प्रस्ताव,12 जून को मो. नईमुद्दीन अंसारी ग्राम सुग्गापहाड़ी के द्वारा बिजली विभाग को बिल सुधार के लिए आवेदन दिया गया था। लेकिन इस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुआ है। इसे जल्द सुधार किया जाए। बैठक में विभागों के कई अधिकारी के नहीं रहने पर सदस्यों ने नाराजगी जतायी। वहीं बीडीओ से कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारी को रिपोर्ट करने का आग्रह किया। इसके अलावे सभी खराब पड़े चापानलों को दुरूस्त कराने की मांग भी उठी। बीडीओ ने प्रस्तावों पर जल्द कार्रवाई की बात कही। मौके पर सीडीपीओ नीतू कुमारी,बीपीआरओ शुभाष कुमार,कल्याण पदाधिकारी गौतम मेहरा,बीपीएम रत्नेश कुमार,पर्यवेक्षिका प्रियंका कुमारी,विधुत विभाग के जेई सतीश कु,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष साकिर अंसारी समेत विभिन्न विभाग के पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

# ट्रैक्टर दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल दूसरी महिला की भी हुई मौत

**देवघर/पालोजोरी।** बुधवार की दोपहर पालोजोरी अंचल के खागा थाना क्षेत्र के खागा बाजार में एक बेकाबू और तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से शिमला गांव की एक महिला सुशीला देवी पति पांचू राय की मौत हो गई थी। जबकि पहरुडीह की एक महिला पूजा देवी पति संतोष राय गंभीर रूप से घायल हो गई थी। घायल महिला पूजा देवी की मौत इलाज के क्रम में रांची में गुरुवार को हो गई। पूजा देवी की मौत की सूचना जैसे ही शिमला,खागा, पहरुडीह सहित आसपास के कई गांव के लोगों को हुई, वैसे ही लोगों का जुटान खागा थाना परिसर में हो गया। लोगों ने खागा परिसर में जुटकर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि ट्रैक्टर चालक के लापरवाह रवैए के कारण दो महिलाओं की मौत हो गई। लेकिन ट्रैक्टर मालिक द्वारा किसी तरह का मुआवजा नहीं दिया जाना घोर लापरवाही और संवेदनहीनता को दर्शाता है। आक्रोशित लोगों ने कहा कि अगर मुआवजा नहीं दिया गया तो मजबूरन उन्हें सड़क पर उतर कर



सड़क जाम व अन्य कई तरह की गतिविधियां करनी होगी। थाना परिसर में जुटे लोगों में महिलाओं की संख्या भी अत्यधिक थी। जानकारी के अनुसार गंभीर रूप से घायल पूजा देवी को दुमका मेडिकल कॉलेज से बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया गया था। लेकिन रांची ले जाने के क्रम में रास्ते में पूजा देवी की मौत हो गई थी। इसके बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं आक्रोशित लोगों को पुलिस पदाधिकरियों ने समझाने का प्रयास किया। लेकिन बिना मुआवजा लिए लोग थाना परिसर से हटने को तैयार नहीं थे। मामले की जानकारी व थाने में जुटी भीड़ को समझाने के लिए विधायक रणधीर कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि खागा गुपिन रजवार, मुखिया प्रतिनिधि बरजोड़ी जतन महतो भी थाना पहुंचे। जनप्रतिनिधियों ने ट्रैक्टर मालिक को थाना बुलाकर उनके साथ वार्ता कर दोनों मृतक के परिजनों के लिए 3-3 लाख रुपए ट्रैक्टर मालिक से दिलवाने की बात हुई। मौके पर 20-20 हजार की राशि तत्काल ही ट्रैक्टर मालिक ने दी। शेष राशि 1-2 दिनों के अंदर दे दी जाएगी। इसके बाद विधायक, प्रबुद्ध लोगों के साथ-साथ पंचायत जनप्रतिनिधि के समझाने के बाद लोग वापस लौटे।

# जामाडोबा में बंद पड़ी 19 जलमीनारों से शहर में होगी पानी सप्लाई

**धनबाद।** जामाडोबा में बंद पड़ी 19 जलमीनारों से पानी की सप्लाई चालू होगी। इन जलमीनारों से पानी की सप्लाई चालू होने पर बिग बाजार, स्टीलगेट, मेमको, भूली, तेतुलमारी, कुसुंडा समेत अन्य क्षेत्रों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों को लाभ मिलेगा। यह फैसला गुरुवार को प्रशासक सह नगर आयुक्त रविराज शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया। जलापूर्ति के लिए अब 51 एमएलडी की बढ़ोतरी की जाएगी।



जलापूर्ति की बैठक में कार्यपालक अभियंता ने बताया कि पीएचडी एक भेलाटांड़ डब्ल्यूटीपी से वर्तमान जलापूर्ति 55 एमएलडी से बढ़ाकर 65 एमएलडी किया जाएगा। जामाडोबा डब्ल्यूटीपी से 10 एमएलडी से बढ़ाकर 47 एमएलडी व सिंदरी डब्ल्यूटीपी से 6 एमएलडी से बढ़ाकर 10 एमएलडी करने के लिए टेंडर जारी किया गया है। बैठक में पीएचडी एक के कार्यपालक अभियंता जेशन होरो व दो के कार्यपालक अभियंता भीखराम भगत, जूडो, एलएडंटी, एनजेएस समेत अन्य संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### भेलाटांड़ से आईएसएम को सीधे मिलेगा पानी

आईआईटी आईएसएम को भेलाटांड़ से सीधे पानी कनेक्शन देने की कवायद शुरू की जाएगी। नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने आईएसएम धनबाद को हो रही पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को भेलाटांड़ डब्ल्यूटीपी से ही सीधे पानी देने के लिए एक इस्टीमेट बनाने का निर्देश दिया। वहीं मैथन से आ रही राइजिंग पाइप में अवैध कनेक्शन के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अविलंब अवैध कनेक्शन को काटा जाए।

## जलवायु परिवर्तन का संकट झेल रहा झारखंडः डॉ नितीश

**रांची।** झारखंड जलवायु परिवर्तन का संकट झेल रहा है। इसके प्रभाव गर्मी, बारिश और ठंड के मौसम में दिख रहा है। मानव के साथ वन जीव भी इससे प्रभावित हो रहे हैं। उक्त बातें पर्यावरणविद् डॉ नितीश प्रियदर्शी ने गुरुवार को डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में कही। जलवायु परिवर्तन संकट, आदिवासियों व अन्य परंपरागत वनाश्रित समुदायों पर इसका प्रभाव विषय पर सेमिनार का आयोजन सामुदायिक वनपालन संस्था की ओर से किया गया।

डॉ प्रियदर्शी ने कहा कि पृथ्वी में अबतक पांच महाविनाश आ चुका है। यदि फिर भी हम नहीं सुधरे तो अगला भी आएगा। कहा, लॉकडाउन में रांची अपने 50 वर्ष पीछे के वातावरण में पहुंच गई थी। यह अच्छा संकेत हमें अपने में सुधार करने के लिए मिला था। मनुष्य की क्षमता नहीं कि वह जंगल लगाए। मनुष्य पौधे लगा सकता है, परंतु जंगल नहीं, क्योंकि जंगल खुद पनपता है। उन्होंने कहा कि हरमू नदी था, उसे लोगों ने नाला में तब्दील कर दिया। हम धरती के मालिक नहीं हैं, हमें धरती के नियम का पालन करना होगा।

उत्तराखंड से आए तरुण जोशी ने कहा कि ग्लेसियर में बर्फ कम हो रहा है, भागीरथी नदी पूरे देश को पानी दे रही थी। परंतु अब पतली नदी बनती जा रही है। नैनीताल से आए गोपाल लोधिया ने कहा कि हिमालय को सड़क के नाम पर काटा जा रहा है। इससे भी जलवायु परिवर्तन हो रहा है।

ओड़िशा से आए सत्य पटनायक ने कहा कि ओड़िशा में सुपर साइक्लोन लगातार उठ रहा है। लोग अपने जगहों से पलायन कर रहे हैं। साथ ही ओड़िशा में वनप्राणी और मनुष्य के बीच संघर्ष टकराव शुरू हो गया है, जंगलों में वनप्रणानियों को खाने को नहीं मिल रहा है। पश्चिम बंगाल सुंदरवन से आए सनतानु चक्रवर्ती ने कहा कि सुंदरवन में बाघों का हमला बढ़ा है, जो लोग आजीविका की तलाश में अवैध रूप से बाड़े के पार जाते हैं, वे बाघों के हमले का शिकार होते हैं। इस कारण आज तक बाघों के शिकार हुए लोगों का सही आंकड़ा नहीं मिल पाता है। मौके पर संजय बासु मल्लिक, जेवियर कुजूर, सुब्रत साहू, ब्रजेश दूबे, बलराम, बिजू टोप्पो, मेघनाथ सहित अन्य लोग काफी संख्या में मौजूद थे।

## भुइयां सामाज ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**रनिया।** भुइयां समाज कल्याण समिति ने खतियानी सुधार के लिए आखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति के सदस्यों द्वारा रविवार को तमाड़ के विधायक सह झारखंड विधान सभा उपसमिति के अनुसूचित जाति एवं जनजाति अध्यक्ष विकास मुंडा को एक ज्ञापन उनके बुंडू आवास पर जाकर सौंपा। मौके पर विधायक ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को शीघ्र ही प्रतिवेदन को सरकार के विभाग भेजते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इस दौरान समाज के रांची जिला अध्यक्ष आकाश खण्डित, खूंटी जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, केंद्रीय समिति सदस्य सुखनाथ भुइयां, रवि खण्डित, पंचानन्द सिंह, मनोरमा देवी, तुलसी राय कोटवार सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

# महिला कॉलेज की एंजेल दादेल को भाषण में द्वितीय व प्रियंका कुमारी को मिला तृतीय पुरस्कार

**चाईबासा।** पर्यटन,कला संस्कृति,खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग, राँची द्वारा मादक पदार्थों के दुरुपयोग को समाप्त करने हेतु जागरूकता अभियान के अवसर पर क्रोस कंट्री दौड़,कब्बड्डी, खो-खो,पेंटिंग, नुक्कड़, नाटक,योगा ,भाषण इत्यादि का आयोजन बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोराबादी, रांची में किया गया। इस कार्यक्रम में कई जिलों से प्रतिभागी सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम में महिला कॉलेज, बीएड विभाग की छात्रा एंजेल दादेल को भाषण में द्वितीय एवं राजनीति विभाग की छात्रा प्रियंका कुमारी को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। उनकी सफलता के लिए महिला कॉलेज की प्राचार्या डॉ प्रीतिबाला सिन्हा ने अपनी खुशी की। मौके



पर इग्नू के रजिस्ट्रार भी उपस्थित थे उन्होंने दोनों छात्राओं को बधाई दी और कहा कि इस तरह के आयोजन से व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास होता है। डॉ अर्पित सुमन ने कहा कि छात्राओं ने बहुत ही कम समय में अच्छा प्रदर्शन किया है, जो सराहनीय है। डॉ. ओनिमा मानकी ने कहा कि महिला कॉलेज के लिए ये बड़ी गर्व की बात है। साथ ही वहां उपस्थित सभी प्राध्यापकों ने छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएँ दीं। मौके पर डॉ. सुचिता बाड़ा,बबिता कुमारी, शीला समद,सितेंद्र रंजन,मदन मोहन, डॉ रूबी कुमारी, सोना माई सुंडी, प्रेम मधुसूदन और असित रॉय उपस्थित थे।

# फडणवीस-उद्धव की लिफ्ट वाली गुप्त बैठक के बाद अटकलें तेज

## चंद्रकांत पाटिल ने भी की मुलाकात

**मुंबई, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में एनडीए के खराब प्रदर्शन के बाद भारतीय जनता पार्टी और शिवसेना (यूबीटी) के संबंधों को लेकर कयासबाजी होने लगी है। विधानसभा में एक लिफ्ट के बाहर भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस और उद्धव ठाकरे की आकस्मिक मुलाकात ने कई अटकलों को जन्म दिया। दोनों नेताओं को सिर्फ कुछ शब्दों का आदान-प्रदान करते हुए ही नहीं देखा, बल्कि दोनों लिफ्ट में साथ गए। बाद में जब इस बारे में पूछा गया तो महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने कथित तौर पर कहा कि वे अपनी सभी गुप्त बैठकें लिफ्ट में करेंगे।

आपको बता दें कि विधानमंडल के अंतिम सत्र के पहले दिन मीडिया में उस समय हड़कंप मच गया जब फडणवीस लिफ्ट का इंतजार कर रहे उद्धव ठाकरे से टकरा गए। उन्होंने अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी को लिफ्ट में साथ चलने का इशारा किया। पहले से ही अंदर मौजूद कुछ लोगों को बाहर निकलने के लिए कहा गया। मुस्कुराते हुए उद्धव ठाकरे ने उनकी बात मानी



और ग्राउंड फ़्लोर से ऊपर की मंजिल पर चले गए जहां विधानसभा स्थित है। लिफ्ट से बाहर निकलने के बाद दोनों विपरीत दिशाओं में चले गए। बाद में जब मीडियाकर्मियों ने उद्धव ठाकरे से पूछा कि दोनों नेताओं ने किस बारे में बात की तो उन्होंने कहा कि यह महज एक संयोग था और इससे ज्यादा कुछ नहीं। आपको बता दें कि भाजपा नेता चंद्रकांत पाटिल शिवसेना (यूबीटी) के चैंबर में उद्धव ठाकरे, विपक्ष के नेता (विधान परिषद) अंबादास दानवे, पूर्व मंत्री अनिल परब और अन्य लोगों से मिलने पहुंचे। वहां खुशी का माहौल था। पाटिल ने चॉकलेट भी बांटी और परब को अपनी अग्रिम शुभकामनाएं दीं। आपको बता दें कि हाल ही में संपन्न हुए एमएलसी चुनाव का परिणाम 1 जुलाई को आने की उम्मीद है। शिवसेना नेता भरत गोगावले ने हालांकि भाजपा और ठाकरे की शिवसेना के बीच किसी भी तरह की बातचीत की संभावना से इनकार किया। मानसून सत्र से पहले ठाकरे ने सरकार पर कटाक्ष करते हुए इसे लीकेज सरकार बताया और कहा कि लोग जल्द ही इसे टाटा, बाय-बाय कहेंगे। उन्होंने कहा, आज महाराष्ट्र विधानसभा का मॉनसून सत्र शुरू हो रहा है, लेकिन लोग इस सरकार को टाटा, बाय-बाय कह रहे हैं। यह सरकार कल बजट की घोषणा करेगी। हम उनसे उम्मीद करते हैं कि वे हमें बताएं कि उन्होंने महाराष्ट्र पर कितना पैसा खर्च किया। यह एक लीकेज सरकार है। राम मंदिर में लीकेज हो रहा है और पेपर लीक का मामला भी है।

## संक्षिप्त समाचार

### देर रात स्नैक्स खाने का मन करे तो बादाम एवं ग्रीक योगर्ट खायें: रोहिणी पाटिल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देर तक काम करते समय या दोस्तों के साथ देर रात स्नैक्स का आनंद उठाना मजेदार हो सकता है, लेकिन हम क्या खाते हैं, उसका सीधा असर हमारी सेहत पर पड़ता है। अनहेल्दी खाने से वजन बढ़ने, मेटाबॉलिक समस्यायें और पाचन संबंधी परेशानियां हो सकती हैं। डॉ. रोहिणी पाटिल, एमबीबीएस और न्यूट्रीशनिस्ट ने सलाह देते हुए कहा कि यदि आपको देर रात स्नैक्स खाने का मन करता है तो बादाम एवं ग्रीक योगर्ट खायें, क्योंकि इनसे आपको संतुष्टि मिलती है और ये स्नैक्स वजन घटाने में मदद करते हैं और सम्पूर्ण सेहत को बढावा देते हैं। ये फूड्स न सिर्फ आपकी क्रेविंग्स या भूख को खत्म करते हैं, बल्कि वजन घटाने और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में भी सहायक हैं। बादाम एक बेहतरीन विकल्प है और अनावश्यक वजन बढ़ने से बचने के लिए आप इसे कभी भी खा सकते हैं। इससे डायबिटीज़ और हाई कोलेस्ट्रॉल जैसी जीवनशैली संबंधी बीमारियों का खतरा कम होता है।

### अगर समय पूर्व जन्मे शिशुओं को शुरू से ही सही इलाज मिल जाए तो वो एक स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सकते हैं: डॉ. जेम्स

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सिडनी विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में सामने आया है कि जन्म के तुरंत बाद 90 से 100 प्रतिशत सांद्रता की ऑक्सीजन देकर समयपूर्व जन्मे शिशुओं की मौत का जोखिम कम किया जा सकता है, जिन्हें साँस लेने में दिक्कत होती है। सिडनी विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए नए अनुसंधान में सामने आया है कि समयपूर्व जन्मे शिशुओं को जन्म के तुरंत बाद कम सांद्रता की ऑक्सीजन देने की बजाय उच्च सांद्रता की ऑक्सीजन देकर मौत के जोखिम में 50 प्रतिशत की कमी लाई जा सकती है।

सिडनी विश्वविद्यालय के एनएचएमआरसी क्लिनिकल ट्रायल्स सेंटर के मुख्य लेखक, डॉ. जेम्स सोटिरोपोलस ने कहा अगर समयपूर्व जन्मे शिशुओं को शुरू से ही सही इलाज मिल जाए, तो वो एक स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सकते हैं। और इलाज शुरू करने का सबसे अच्छा समय जन्म के तुरंत बाद होता है। उन्होंने कहा हमारा उद्देश्य होना चाहिए -सही संतुलन बनाना, यानी हम मृत्यु और विकलांगता से बचाने के लिए उतनी ही पर्याप्त ऑक्सीजन दें, जिससे महत्वपूर्ण अंगों को नुकसान न पहुँचे। उन्होंने आगे बताया ये परिणाम आशाजनक और भविष्य में प्रक्रिया को बदलने वाले हैं, पर इनके लिए विस्तृत अध्ययन करके इनकी पुष्टि किए जाने की जरूरत है। डॉ. एना लेने सीडलर, एनएचएमआरसी क्लिनिकल ट्रायल्स सेंटर ने कहा इस बारे में वार्ता अभी भी चल रही है कि समयपूर्व जन्म लेने वाले शिशुओं के लिए लगभग कितनी ऑक्सीजन सबसे अच्छी है सभी का उद्देश्य नवजात शिशुओं के लिए सर्वश्रेष्ठ इलाज का निर्धारण करना है उन्होंने कहा हमारे अध्ययन एवं इस समय चल रहे अन्य अनुसंधानों से सबसे नाजुक समयपूर्व जन्मे बच्चों को जीवित बचाने के सर्वश्रेष्ठ अवसर प्रदान करने में मदद मिल सकती है उन्होंने आगे कहा हम बहुत भाग्यशाली हैं कि हमें इस मामले में अत्यधिक सहयोगपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय समूह के साथ काम करने का अवसर मिला, जिनमें से कुछ दशकों से इस विषय में अध्ययन कर रहे हैं।

### कुलपतियों की नियुक्ति पर राजभवन और सुक्खू सरकार में ठनी

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा विधानसभा में पारित विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्तियों के विधेयक को लेकर हिमाचल राजभवन और कांग्रेस की सुक्खू सरकार में ठन गई है। सूबे के कृषि मंत्री के हालिया बयान पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आपत्ति जताई है। राज्यपाल ने गुरूवार को राजभवन में अचानक पत्रकार वार्ता बुलाई और कहा कि पालमपुर कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति की नियुक्ति को लेकर कृषि मंत्री बार-बार बयान दे रहे हैं कि नियुक्ति सम्बंधी विधेयक मंजूरी के लिए राजभवन में अटका है, जबकि यह विधेयक राज्य सरकार के पास ही है। राजभवन ने इसे टिप्पणी के लिए राज्य सरकार को भेजा है, जिस पर सरकार ने फैसला लेना है, ऐसे में राजभवन पर दोषारोपण करना गलत है। इस मामले पर राज्यपाल शुक्ल बोले पद की गरिमा के खिलाफ़ कोई भी काम नहीं करूंगा।

## सरगुजा में नेपाली व्यापारी ने पूरे गांव को बनाया ठगी का शिकार, लाखों लूटकर हुआ फरार

**सरगुजा, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के सरगुजा थाना क्षेत्र में एक ठगी का मामला सामने आया है। अनाज व्यापारी राजू राय नेपाली ने अपने क्षेत्र के आसपास के कई किसानों और ग्रामीणों को ठगी का शिकार बनाया है। व्यापारी ने थाना क्षेत्र के लरंगसाय चौक पर दुकान लगाकर अनाज महुआ समेत कई अनाजों की खरीदी-बिक्री करता था। वह किसानों से उधार में खरीदी करता और मुनाफा जोड़कर बेचता था। इस दौरान आरोपी ने लोगों से लाखों रुपए का महुआ, सरसों, गेहूं सहित अन्य चीजें खरीदा और बिना पैसे दिए ही फरार हो गया। इसके बाद लोग इस घटना के संबंध में शिकायत करने रामानुजगंज थाना पहुंचे। बताया जा रहा है कि लगभग 29 लाख रुपए लेकर फरार हुआ है। राजू नेपाली ने क्षेत्र के कई किसानों और लोगों को ठग कर फरार हो गया है। उसके पास ग्राहक जमे हुए थे। अधिकतर ग्राहक उनके पास अनाज बेचने के लिए जाते थे। ग्राहक उधारी में भी व्यापारी को समान बेच देते थे। इस दौरान उसने लोगों से महुआ, सरसों, गेहूं सहित अन्य चीजों की खरीदी उधार में की थी। लोगों का भरोसा तोड़कर, मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। बता दें कि व्यापारी ने अपना घर भी बेच दिया है। साथ ही अपने परिवार सहित फरार हो गया। इससे लगभग 25 लोग ठगी का शिकार हुए हैं। रामानुजगंज थाना प्रभारी ललित यादव के मुताबिक ग्रामीणों की सूचना के बाद एफआईआर दर्ज किया गया है।

## किरोड़ी लाल और मदन दिलावर में हो गई सुलह, तबादलों पर विभाग ने लिया यू-टर्न

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में तबादलों को लेकर आमने-सामने हुए कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीना और पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर के बीच सुलह हो गई है। दिलावर के विभाग ने अब यू-टर्न ले लिया है। पंचायती राज विभाग का कहना है कि हमें कोई आपत्ति नहीं है। दरअसल, कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा की मंजूरी के बाद किए गए तबादलों को रोकने के आदेश से अब पंचायतीराज विभाग ने यू-टर्न ले लिया है। पहले कृषि विभाग से जिला परिषदों और पंचायत समितियों में इंजीनियरों के ट्रांसफर, पोस्टिंग को गलत बताने के आदेश को अब पंचायतीराज विभाग ने नए आदेश में लिखा है कि हमें कोई आपत्ति नहीं है। बता दें कृषि विभाग ने पिछले दिनों इंजीनियरों के तबादले कर उन्हें जिला परिषदों और पंचायत समितियों में पोस्टिंग दे दी। इन तबादलों के लिए कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा की मंजूरी ली गई, लेकिन अब मदन दिलावर का पंचायत राज विभाग इस ट्रांसफर पर रोक लगाते हुए आपत्ति जता रहा है। पंचायत राज विभाग ने कृषि विभाग के आदेश को मानने से इनकार कर दिया है। इसको लेकर पंचायती राज विभाग ने सभी जिला परिषद को लेटर लिखकर कृषि विभाग से आए इंजीनियरों को ज्वाइन नहीं करवाने और उन्हें फिर से मूल विभाग में भेजने के आदेश दिए हैं। भजनलाल सरकार के कार्यकाल में दो विभागों के बीच अब टकराव देखने को मिल रहा है। इस टकराव के पीछे की वजह ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग है, क्योंकि सरकार ने इस विभाग को दो मंत्रियों में बांट दिया है। इसमें ग्रामीण विकास विभाग किरोड़ी लाल मीणा के पास है, जबकि इस विभाग का दूसरा हिस्सा पंचायती राज मदन दिलावर के पास है।

## स्वास्थ्य मंत्री का हिमाचल को बड़ा तोहफा, अब आपदा में 8 मिनट में तैयार हो जाएगा अस्पताल

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में अब कहीं भी बड़ी प्राकृतिक आपदा या फिर मानवीय संकट के दौरान भीष्म प्रोजेक्ट के जरिए तुरंत इलाज की सुविधा की जा सकेगी। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के सहयोग से अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान बिलासपुर में आपदा अस्पताल अरोग्य मैत्री उपलब्ध होगा। अगले दो से तीन महीनों के अंदर एम्स में यह महत्वपूर्ण सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। खास बात यह है कि आपात स्थिति में जरूरत पड़ने पर मोबाइल यूनिट को हेलिकॉप्टर या फिर ट्रक के माध्यम से स्पॉट पर ले जाया जाएगा। कहीं भी आपदा होने पर इस अस्पताल को महज आठ मिनट में तैयार कर मरीजों का इलाज शुरू किया जा सकता है। लगभग 720 किलो के 36 बॉक्स में इसका सारा सामान आ जाता है, जिसे



हेलिकॉप्टर से नीचे फेंकने पर भी बॉक्स नहीं टूटते हैं और न ही पानी का असर होता है।

इस बारे में जानकारी देते हुए बिलासपुर के उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने बताया कि एम्स बिलासपुर में भीष्म प्रोजेक्ट के तहत मोबाइल अस्पताल की सुविधा अगले दो से तीन महीने में शुरू हो जाएगी। कहीं भी बड़ी आपदा व घटना होने पर त्वरित उपचार के लिए एम्स के डॉक्टर्स टीम व अन्य स्टाफ पूरे सेट के साथ स्पॉट पर पहुंचेंगे और एक साथ 200 घायलों का इलाज किया जा सकेगा। सेट में एक्स-रे, ब्लड सैंपल, वेंटिलेटर, आपरेशन थियेटर, दवाइयां व अन्य उपकरण और सारा जरूरी सामान उपलब्ध होगा। एम्स ने अलग से स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर तैयार किया है, जो कि आपदा के दौरान लोगों का समय पर इलाज के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

बता दें कि हिमाचल प्रदेश में बीते साल बारिश के मौसम में भीषण तबाही आई थी। इस दौरान कई लोगों की मौत हुई थी। हिमाचल प्रदेश की तबाही का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि सुक्खू सरकार ने केंद्र सरकार से इस आपदा के बाद अलग सहायता की मांग की थी। अब हिमाचल प्रदेश में आपदा को देखते हुए सरकार ने अस्पताल की सुविधा जल्दी पहुंचाने के लिए यह निर्णय लिया है।

## केरल में दुर्योधन का मंदिर, सरकार लेती है टैक्स, ताड़ी का लगता है भोग

**कोल्लम, एजेंसी।** केरल को मंदिरों की भूमि माना जाता है। यहां कई प्राचीन मंदिर हैं। कोल्लम जिले के एक सुदूर गांव में दुर्योधन का एक मंदिर है जो अपने आप में खास है। सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार, यह मंदिर कर चुकाता है। किंवदंती है कि राजकुमार दुर्योधन अपनी यात्रा के दौरान थक गए और उन्हें प्यासे लगी। वह पीने के लिए पानी को भटक रहे थे। उन्हें तथाकथित निम्न जाति की महिला ने पीने के लिए ताड़ी दी। दुर्योधन ने इसे खुशी-खुशी स्वीकार कर लिया। उन्होंने महिला और गांव को आशीर्वाद दिया और उन्हें जमीन दे दी। यहीं पर उनका एक मंदिर भी है।


**दुर्योधन को दादा कहते हैं लोग:** पेरूविरुथी मलानाडा मंदिर में दुर्योधन को प्रतिदिन ताड़ी चढ़ाई जाती है। मंदिर में कोई मूर्ति नहीं है। यहां बस एक पॉलिश की हुई गदा रखा गया है। आपको बता दें कि महाभारत में द्रौपदी को निर्वस्त्र करने का आदेश देते समय दुर्योधन खुशी से चिल्लाता है। ग्रामीण उसे अपूपा (दादा) कहते हैं।



ग्रामीणों का ताड़ी चढ़ाने के बारे में दिलचस्प दृष्टिकोण है। वे कहते हैं कि ताड़ी चढ़ाने से देवता शांत और प्रसन्नचित्त रहते हैं। जहां तक करों का सवाल है तो यह कर मंदिर की आय पर नहीं है। भारत में सभी मंदिर कर मुक्त हैं। यह कर मंदिर के आसपास के पोरुवाझी गांव में मंदिर की 15 एकड़ भूमि पर लगाया जाता है।

एक स्थानीय अधिकारी ने कहा, जब मंदिर के लिए पट्टायम जारी किया गया था, तो भूमि देवता के नाम पर पंजीकृत थी। सर्वेक्षण विवरण से पता चलता है कि भूमि दुर्योधन के स्वामित्व में है। जब से केरल में करों की शुरुआत हुई है, तब से यह भूमि कर दुर्योधन के नाम पर चुकाया जाता है।÷ मंदिर समिति के सचिव रजनीश आर ने कहा कि मंदिर की 15 एकड़ भूमि में से आठ एकड़ धान के खेत हैं, बाकी वन भूमि है। जब आप पुरुवाझी में हों तो दुर्योधन का अपमान न करें।

## बागी गुट के संपर्क में थीं उम्मीदवार, अकाली दल ने वापस लिया समर्थन; दिलचस्प हुआ जालंधर उपचुनाव




**जालंधर, एजेंसी।** पार्टी में छिड़ी बगावत के बीच शिरोमणि अकाली दल ने बड़ा एक्शन लिया है। अकाली दल ने जालंधर उपचुनाव के लिए अपनी उम्मीदवार सुरजीत कौर से समर्थन वापस लेने का फैसला किया है। उपचुनाव में अकाली दल सुरजीत कौर के लिए प्रचार नहीं करेगा। पार्टी ने ये फैसला सुरजीत कौर की बागी नेताओं के साथ नजीदीकियों के कारण लिया है। चंडीगढ़ में प्रेस कॉन्फ्रेंस में शिअद के मुख्य प्रवक्ता व वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. दलजीत चीमा ने यह जानकारी दी।

बंगा के विधायक डा. सुखविंद्र सुखी जालंधर पश्चिमी उपचुनाव के लिए पार्टी की तरफ से ऐलानी 4 सदस्यीय कमेटी के मेंबर हैं। उन्होंने बताया कि पार्टी ने उम्मीदवार सुरजीत कौर को बाकायदा इस फैसले से अवगत करवाया था कि वह उपचुनाव नहीं लड़ेंगी। जालंधर उपचुनाव के लिए शिअद बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार को समर्थन प्रदान करेगा और इस पर सुरजीत कौर ने अपने नामांकन पत्र वापस लेने के लिए सहमति भी दी थी परंतु बाद में वह फैसले से पलट गए। पार्टी नेताओं ने बागियों को यह भी पूछा कि सुरजीत कौर को क्यों खड़ा किया गया और फिर जालंधर में माहौल क्यों खराब किया गया और कहा कि एक योजना के अंतर्गत सुरजीत कौर को हरवा कर उसका दोष भी पार्टी प्रधान सिर मढ़ने की साजिश रची गई। शिरोमणि अकाली दल ने बागी अकाली नेताओं को आज फिर से पार्टी प्लेटफार्म पर आकर बात करने के लिए आमंत्रित किया और साथ ही यह भी कहा कि जो नेता पार्टी प्लेटफार्म से बाहर बयानबाजी करना बंद नहीं करेंगे, उनके खिलाफ शिअद की अनुशासनात्मक समिति कार्रवाई का फैसला लेगी। अकाली नेता डा. दलजीत सिंह चीमा ने पत्रकार वार्त्ता में कहा कि जो भी खालसा पंथ और पार्टी को कमजोर करने के प्रयत्न कर रहे हैं, उन्होंने पहले ही झूंदा कमेटी की रिपोर्ट को ठुकरा दिया था, जिसमें एक परिवार एक टिकट की बात की गई थी। डा. चीमा ने कहा कि शिरोमणि अकाली दल के लिए 'बागी गुट' जैसे शब्दों का प्रयोग न करें क्योंकि अकाली दल एक पार्टी है। हमारे कैडर, वर्किंग कमेटी, जिला जत्थेदारों और हलका प्रधानों में से 99 प्रतिशत ने सुखबीर बादल की लीडरशिप में भरोसा प्रकट किया है और पार्टी प्लेटफार्म पर लिए फैसलों की हिमायत की है। उन्होंने कहा कि है यदि कुछ चुनिंदा नेता जाकर अपनी खिचड़ी पकाना चाहते हैं तो उनको बागी गुट कहा जा सकता है।

## शिरूर तहसील के भाजपा उपाध्यक्ष ने की अजित पवार को बाहर करने की मांग

**पुणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में शिरूर से भारतीय जनता पार्टी के एक पदाधिकारी ने सत्तारूढ़ गठबंधन से उपमुख्यमंत्री अजित पवार और उनकी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) को बाहर करने की मांग की। सत्तारूढ़ गठबंधन में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना भी शामिल है। भाजपा की शिरूर तहसील के उपाध्यक्ष सुदर्शन चौधरी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हुआ है, जिसमें वह पार्टी की एक बैठक में यह मांग करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

इस वीडियो के सामने आने पर राकांपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश पैदा हो गया और उन्होंने गुरुवार को भाजपा नेता से माफी की मांग की। चौधरी वीडियो में भाजपा नेतृत्व से कह रहे हैं, आपके लिए यह सुझाव है। पार्टी



कार्यकर्ता क्या सोच रहे हैं उसे समझिये। अगर आप कोई फैसला लेना चाहते हैं तो महायुति (सत्तारूढ़ गठबंधन) से अजित पवार को बाहर करिये।

उन्होंने यह भी कहा कि अगर अजित पवार सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा नहीं होते तो सुभाष देशमुख, राहुल कुलकर्णी और योगेश तिलेकर जैसे वरिष्ठ नेता मंत्री बन सकते थे और अन्य को सरकारी निगमों का प्रमुख बनाया जा सकता था। सुभाष देशमुख, राहुल कुलकर्णी और योगेश तिलेकर बैठक में मौजूद थे। चौधरी ने दावा किया कि भाजपा पिछले 10 वर्षों से पवार की आलोचना करती आ रही थी लेकिन राज्य में कार्यकर्ता अब भयभीत महसूस कर रहे हैं क्योंकि उपमुख्यमंत्री ही मामलों की कमान संभाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि तहसील में सभी भाजपा कार्यकर्ताओं की इच्छा है कि उन्हें ऐसी शक्तियां नहीं चाहिए, जिसमें अजित पवार का हस्तक्षेप हो। चौधरी ने वीडियो में कहा, अजित पवार को सत्ता में क्यों लाया जाये, ताकि वह आदेश जारी कर भाजपा कार्यकर्ताओं की आवाज को दबा सकें। चौधरी ने शिरूर में हुई समीक्षा बैठक के दौरान मुद्दे पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपनी मंशा जाहिर कर दी है। इसबीच, जब चौधरी संवाददाताओं को संबोधित कर रहे थे तभी राकांपा के कुछ कार्यकर्ता यहां कृषि उपज बाजार समिति परिसर पहुंचे और उनके खिलाफ नारेबाजी करने लगे। राकांपा कार्यकर्ताओं ने चौधरी से उपमुख्यमंत्री के खिलाफ दिये बयान पर माफी मांगने को कहा। चौधरी ने बाद में स्पष्ट किया कि उनके विचार निजी थे और इसका भाजपा के रुख से कोई संबंध नहीं है।

उन्होंने इस मुद्दे पर हंगामा करने वाले रांकपा कार्यकर्ताओं की आलोचना करते हुए कहा, अगर मेरे शब्दों से अजित दादा को ठेस पहुंची है तो मैं माफी मांगता हूं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में चौधरी ने उपमुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस को टैग करते हुए कहा कि वह जनता की भावनाओं को व्यक्त कर रहे थे और बाद में उन्हें राकांपा के गुंडों द्वारा धमकी दी गई।

## ओवैसी के घर पर फेंकी स्याही, इजरायल के समर्थन में पोस्टर चिपकाए



**हैदराबाद, एजेंसी।** एआईएमआईएम प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी के घर के बाहर कुछ बदमाशों ने उनके नेम प्लेट पर कालिख पोती दी और इजरायल के समर्थन में पोस्टर चिपका दिए। इससे क्षुब्ध हैदराबाद सांसद ने दिल्ली पुलिस के साथ-सथा गृह मंत्री अमित शाह को भी निशाने पर लिया। शिकायत के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्याही साफ करने के साथ ही पोस्टर हटा दिए। एक अधिकारी ने बताया कि हमारे पहुंचने से पहले पोस्टर लगाने वाले वहां से जा चुके थे। ओवैसी ने मंगलवार को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ लेते समय जय फलस्तीन कहे जाने पर अन्य सांसदों ने आपत्ति जताई थी।

ओवैसी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, कुछ अज्ञात बदमाशों ने आज मेरे घर पर काली स्याही से हमला किया। अब मैं गिनती ही भूल गया हूं कि मेरे दिल्ली स्थित आवास को कितनी बार निशाना बनाया गया। जब मैंने दिल्ली पुलिस के अधिकारियों से पूछा कि उनकी नाक के नीचे यह सब कैसे हो रहा है तो वे बेबस बनकर खड़े रहे। ओवैसी ने अपनी पोस्ट में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को टैग करते हुए कहा, आपके होते हुए ऐसा हो रहा है। कृपया हमें बताएं कि सांसदों की सुरक्षा की गारंटी होगी या नहीं।

टी-20 वर्ल्डकप

रोहित-सूर्या का तूफान... फिर गेंदबाजों का कहर

# भारत के आगे इंग्लैंड का सरेंडर



**गुयाना, एजेंसी।** टीम इंडिया ने आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल में जगह बना ली है. 27 जून (गुरुवार) को गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में भारत ने इंग्लैंड को 68 रनों से हरा दिया. सेमीफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड को जीत के लिए 172 रनों का टारगेट मिला था, लेकिन उसकी पूरी टीम 16.4 ओवर्स में 103 रनों पर ढेर हो गई. अब फाइनल मैच में भारत का सामना साउथ अफ्रीका से होगा. बता दें कि साउथ अफ्रीका ने अफगानिस्तान को 9 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई. फाइनल मुकाबला 29 जून को ब्रिजटाउन (बारबाडोस) में खेला जाएगा.

भारतीय टीम तीसरी बार टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंची है. इससे पहले उसने 2007 और 2014 के संस्करण के भी फाइनल में जगह बनाई थी. 2007 के संस्करण में तो भारतीय टीम खिताब जीतने में भी कामयाब रही थी. अब भारत के पास दूसरी बार टी20 वर्ल्ड कप खिताब जीतने का मौका है. यदि भारतीय टीम खिताब जीतती है तो 11 सालों का सूखा भी खत्म हो जाएगा. भारतीय टीम ने आखिरी बार 2013 में आईसीसी खिताब जीता था. तब महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई में भारत ने इंग्लैंड को हराकर चैम्पियंस ट्रॉफी अपने नाम किया था.

सेमीफाइनल मुकाबले में टारगेट का पीछा करते हुए इंग्लैंड के बल्लेबाज भारतीय स्पिनर्स के सामने बेबस नजर आए. चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव और बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल की धांसू गेंदबाजी ने अंग्रेजों के होश उड़ा दिए. इंग्लैंड की ओर से केवल हैरी ब्रूक (25 रन), जोस बटलर (23 रन), जोफ्रा आर्चर (21 रन) और लियाम लिविंगस्टोन (11 रन) ही दोहरे अंकों तक पहुंच सके. भारत के लिए कुलदीप यादव और अक्षर पटेल ने तीन-तीन विकेट लिए. वहीं जसप्रीत बुमराह को दो विकेट हासिल हुए. जबकि इंग्लैंड के दो खिलाड़ी रन आउट हुए.



### भारत के लिए टी20 वर्ल्ड कप सीजन में सर्वाधिक विकेट

15- अर्शदीप सिंह (2024)
13- जसप्रीत बुमराह (2024)
12- आरपी सिंह (2007)
11- रविचंद्रन अश्विन (2014)

### टी20 वर्ल्ड कप में भारत की सबसे बड़ी जीत का अंतर

90 रन VS इंग्लैंड, कोलंबो, 2012
73 रन VS ऑस्ट्रेलिया, मीरपुर, 2014
71 रन VSजिम्बाब्वे, मेलबर्न, 2022
68 रन VS इंग्लैंड, प्रोविडेंस, 2024
66 रन VSअफगानिस्तान, अबु धाबी, 2021

### टी20 वर्ल्ड कप नॉकआउट में सबसे बड़ी जीत (रनों के आधार पर)

74 रन- वेस्टइंडीज VS ऑस्ट्रेलिया, कोलंबो आरपीएस, 2012 सेमीफाइनल
68 रन- भारत 1ह्य इंग्लैंड, प्रोविडेंस, 2024 सेमीफाइनल
57 रन- श्रीलंका 1ह्य वेस्टइंडीज, द ओवल, 2009 सेमीफाइनल
36 रन- वेस्टइंडीज 1ह्य श्रीलंका, कोलंबो, 2012 फाइनल

### टी20 में भारत की सबसे लंबी जीत का सिलसिला

12- नवंबर 2021 से फरवरी 2022
11*- दिसंबर 2023 से जून 2024
9- जनवरी 2020 से दिसंबर 2020

### सूर्या-रोहित ने भारत को संकट से निकाला

इससे पहले टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने सात विकेट पर 171 रन बनाए थे. मैच में भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही. भारत ने पावरप्ले में ही दो विकेट खो दिए. पहले विराट कोहली (9) को रीस टॉप्ली ने बोल्ड किया. फिर ऋषभ पंत (4) को सैम करन ने पवेलियन भेज दिया. 40 रनों पर दो विकेट गिरने के बाद कप्तान रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव ने पारी को संभाला. रोहित-सूर्यकुमार के बीच तीसरे विकेट के लिए 73 रनों की साझेदारी हुई. इस साझेदारी के चलते ही भारतीय टीम अच्छे स्कोर तक पहुंचने में सफल रही.

रोहित शर्मा ने 39 गेंदों पर 57 रन बनाए, जिसमें छह चौके और दो छक्के शामिल रहे.

### टी20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के लिए सर्वाधिक विकेट

31- आदिल राशिद (इकोनॉमी-6.9)
31- क्रिस जॉर्डन (इकोनॉमी-8.06)
30- स्टुअर्ट ब्रॉड (इकोनॉमी- 7.72)
22- ग्रीम स्वान (इकोनॉमी- 6.5

### टी20 वर्ल्ड कप के एक सीजन में सर्वाधिक जीत

8*- साउथ अफ्रीका (2024)
7*- भारत (2024)
6- श्रीलंका (2009)
6- ऑस्ट्रेलिया (2010)
6- ऑस्ट्रेलिया (2021)

## विराट कोहली ने अपना सर्वश्रेष्ठ फाइनल के लिए बचाकर रखा है



मैच के बाद प्रेंजेटेर द्वारा विराट की फॉर्म को लेकर सवाल पूछे जाने पर कप्तान रोहित ने कहा- कोहली एक क्वालिटी प्लेयर हैं। कोई भी खिलाड़ी इस दौर से गुजर सकता है। हम उनकी क्लास को समझते हैं और हम इन सभी बड़े मैच में उनके महत्व को समझते और जानते हैं। फॉर्म कभी कोई समस्या नहीं रही है। जब आपने 15 साल तक क्रिकेट खेला हो तो फॉर्म कभी कोई समस्या नहीं होती। वह अच्छे दिख रहे हैं। उनके इरादे वही हैं। वह शायद फाइनल के अपना सर्वश्रेष्ठ बचा कर रख रहे हैं। हम फाइनल के लिए बिल्कुल कोहली का समर्थन करेंगे।

### हमें फाइनल में भी शांत रहना होगा

रोहित ने कहा- हम एक टीम के रूप में बहुत शांत रहे हैं। हम इस अंतिम अवसर को समझते हैं। यह एक बड़ा अवसर है। हमारे लिए यह महत्वपूर्ण है कि हम शांत रहें। संयमित रहने से आपको अच्छे निर्णय लेने में मदद मिलती है और इसकी आवश्यकता होगी। हमें पूरे 40 ओवरों में अच्छे निर्णय लेते रहना होगा।

इससे हमें खेल को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस मैच में भी हम बहुत स्थिर और शांत थे। हम ज्यादा नहीं घबराए और यही हमारे लिए महत्वपूर्ण रहा। आपको अच्छी क्रिकेट खेलनी होगी और फाइनल में भी हम यही करना चाहते हैं। हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे, मैं बस इतना ही कह सकता हूं। टीम अच्छी स्थिति में है, अच्छा खेल रही है। मैं बस यही उम्मीद कर सकता हूं कि फाइनल में एक और अच्छा प्रदर्शन करूं।

## भारतीय एथलीट किरण पहल ने ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया, 400 मीटर वर्ग में हासिल किया कोटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला एथलीट किरण पहल ने गुरुवार को राष्ट्रीय अंतर राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए अगले महीने से होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल कर लिया है। किरण ने सेमीफाइनल में 50.92 सेकंड का समय निकालकर महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा में पेरिस ओलंपिकके लिए क्वालिफाई किया। महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा में क्वालिफाइंग मार्क 50.95 सेकेंड था जिससे किरण अगले महीने होने वाले ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने में सफल रहीं।




यह इस सत्र में उनका सर्वश्रेष्ठ समय था और इसके साथ ही वह 51 सेकेंड से कम समय में रेस पूरी करने वाली दूसरी भारतीय महिला भी बनीं। वह गुजरात की देवी अनिबा जाला से आगे रहीं जिन्होंने 53.44 सेकेंड के समय से दूसरा स्थान प्राप्त किया। केरल की स्नेहा के 53.51 सेकेंड से तीसरे स्थान पर रहीं।

--------------------

## भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश की क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट में विजयी शुरुआत

चेस



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में जीत हासिल कर विजयी शुरुआत की। गुकेश ने रोमानिया के डेक बोगडान-डैनियल को हराया। इस साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देने को तैयार गुकेश को इस मुकाबले के दौरान किस्मत का भी साथ मिला, जब उनकी गलती पर रोमानिया का खिलाड़ी फायदा उठाने में नाकाम रहा। गुकेश ने इसके बाद शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की।

बोगडान-डैनियल ने निम्जो इंडियन डिफेंस चाल से शुरुआत की जिसने मुकाबला बीच में जटिल बना दिया। रोमानिया के खिलाड़ी के पास गुकेश पर बढ़त बनाने का मौका था, लेकिन उन्होंने प्यादा के मुकाबले अपने 'रूक (हाथी)' को गंवा दिया। गुकेश इसके बाद मजबूत वापसी करने में सफल रहे। उन्होंने विरोधी खिलाड़ी को कोई मौका नहीं देते हुए जीत दर्ज की। गुकेश कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने के बाद पहली बार क्लासिकल शतरंज की किसी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं।

### प्रज्ञानंद को अब्दुसात्तोरोव से मिली चुनौती

इस टूर्नामेंट में चुनौती पेश कर रहे एक अन्य भारतीय आर प्रज्ञानंद ने कड़ी मेहनत की, लेकिन उन्हें उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव के खिलाफ कड़े मुकाबले में ड्रॉ से संतोष करना पड़ा।

## टेनिस स्टार एंडी मरे ने किया रिटायरमेंट का ऐलान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अनुभवी टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे ने अपने रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया है। ब्रिटेन का ये खिलाड़ी पिछले कुछ समय से लगातार चोटिल हो रहा है। एंडी मरे ने बता दिया है कि वह अपने करियर का आखिरी मैच कब खेलेंगे। इसके अलावा एंडी मरे ने आगामी विंबलडन 2024 में खेलने का फैसला भी लिया है और उन्होंने घोषणा की है कि वह यूएस ओपन 2024 में भाग नहीं लेंगे।

37 साल के एंडी मरे पिछले सप्ताह पीठ की सर्जरी से गुजरे थे। लेकिन उन्होंने फैसला लिया है कि 1 जुलाई से शुरू होने वाले सीजन के तीसरे ग्रैंड स्लैम में वह खेलने उतरेंगे। पूर्व नंबर 1 ने एंडी मरे ने इसी के साथ ये भी ऐलान किया कि वह पेरिस ओलंपिक 2024 के बाद संन्यास ले लेंगे। बता दें, तीन बार के ग्रैंड स्लैम विजेता ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि वह 2024 सीजन से आगे पेशेवर रूप से नहीं खेलेंगे।

### एंडी मरे ने दिया ये बड़ा बयान

एंडी मरे ने कहा कि मुझे लगता है कि मैं इस निर्णय को लेने के लिए आखिरी क्षण तक इंतजार करने का अवसर पाने का हकदार हूं। मैंने अपनी टीम के साथ जो भी चर्चा और बातचीत की है, उसमें मैंने यही तय किया है कि मैं इस गर्मी के बाद नहीं खेलूंगा। जाहिर है कि मैंने अपने परिवार के साथ इस बारे में बातचीत की है, और मैंने ओलंपिक के बाद एक सप्ताह के लिए पारिवारिक अवकाश बुक कर लिया है।



## इंग्लैंड दौरे के लिए विंडीज टीम घोषित



**सेंट जॉन्स, एजेंसी।** क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने इंग्लैंड में 10 जुलाई, 2024 से लॉर्ड्स में शुरू होने वाली तीन टेस्ट मैचों की रिचर्ड्स बॉथम श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में एक महत्वपूर्ण बदलाव हुआ है- इंग्लैंड में काउंटी चैंपियनशिप के दौरान घुटने की चोट से रोच के पुनर्वास के कारण केमर रोच की जगह सेंट किट्स एंड नेविस के तेज गेंदबाज जेरेमिया लुइस को लिया गया है।

मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हेन्स ने कहा कि अंग्रेजी परिस्थितियों में केमर के कौशल और अनुभव को याद किया जाएगा। उनके पास निश्चित रूप से इंग्लैंड में प्रभाव डालने का कौशल और अनुभव है। रिचर्ड्स बॉथम श्रृंखला, जिसका नाम वेस्टइंडीज के दिग्गज सर विवियन रिचर्ड्स और इंग्लैंड के महान लॉर्ड इयान बॉथम के नाम पर रखा गया है, 1928 से चली आ रही एक ऐतिहासिक प्रतिद्वंद्विता है, जब वेस्टइंडीज ने पहली बार इंग्लैंड का दौरा किया था। टीम टोनब्रिज स्कूल में एक प्रशिक्षण शिविर में है और 4 जुलाई से बेकेनहैम में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ 3 दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगी। 19 वर्षीय तेज गेंदबाज इसाई थॉर्न टीम में शामिल होंगे।

**वेस्टइंडीज टेस्ट टीम:** क्रैग ब्रैथवेट (कप्तान), एलिक अथानाज़े, जोशुआ दा सिल्वा, जेसन होल्डर, केवम हॉज, टेविन इमलाच, अल्जारी जोसेफ (उप-कप्तान), शमर जोसेफ, मिकाइल लुइस, ज़ाचरी मैकास्की, किर्क मैकेंज़ी, गुडाकेश मोती, जेरेमिया लुइस, जेडेन सील्स, केविन सिंक्लेयर, और इसाई थॉर्न (डेवलपमेंट प्लेयर)।

## लंदन में होगा वैश्विक शतरंज लीग का आयोजन, एफआईडीई के अध्यक्ष ने की पुष्टि

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दूसरी वैश्विक शतरंज लीग का आयोजन तीन से 12 अक्टूबर तक लंदन में किया जाएगा। आयोजकों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। वैश्विक शतरंज लीग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (एफआईडीई) और टेक महिंद्रा की संयुक्त पहल है। दस दिन तक चलने वाली इस लीग का आयोजन सेंट्रल लंदन के फ्रेंड्स हाउस में किया जाएगा जिसमें दुनिया के चोटी के खिलाड़ी भाग लेंगे।



एफआईडीई के अध्यक्ष अर्कडी ड्वोर्कोविच ने बयान में कहा, इस प्रतियोगिता के पहले सत्र को मिली अपार सफलता के बाद हम शतरंज का दुनिया भर में विस्तार करने और शतरंज प्रेमियों को नया अनुभव दिलाने के अपने मिशन को आगे बढ़ाने को लेकर उत्साहित हैं। यह लीग टीम आधारित प्रारूप में खेली जाएगी जिसमें मौजूदा विश्व चैंपियन सहित कई युवा खिलाड़ी भी भाग लेंगे। प्रत्येक टीम में 6 खिलाड़ी होंगे, जिनमें दो शीर्ष महिला खिलाड़ी और एक उभरता हुआ खिलाड़ी शामिल हैं। प्रत्येक टीम डबल राउंड रोबिन प्रारूप में कुल 10 मैच खेलेगी। विजेता का फैसला बेस्ट ऑफ सिक्स बोर्ड स्कोरिंग प्रणाली से किया जाएगा।

## मीराबाई का लक्ष्य अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ देश को पदक दिलाने का

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मीराबाई चानू का स्नैच में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 88 किग्रा तथा क्लीन एवं जर्क में 119 किग्रा का है। वह चोटों से जूझती रही हैं और पीठ की समस्या तो हमेशा ही रहती है। एशियाई खेलों में वह कूल्हे की चोट से परेशान थीं जिससे वह पांच महीने तक खेल से दूर रहीं।

टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने अगले महीने शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ देश को एक और पदक दिलाने का लक्ष्य रखा है। मीराबाई पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का करने वाली भारत की इकलौती भारोत्तोलक है। 49 किग्रा वजन वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने वाली यह खिलाड़ी पदक के सपने को पूरा करने के लिए चोट से बचने पर ध्यान दे रही है। तीसरी बार ओलंपिक खेलों में भाग लेने की तैयारी कर रही मीराबाई ने साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण), आईओसी (भारतीय ओलंपिक संघ) और भारतीय भारोत्तोलक महासंघ (आईडब्ल्यूएलएफ) के सौजन्य से आयोजित ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में पटियाला से कहा, पेरिस को लेकर रोमांचित हूं लेकिन थोड़ी घबराहट और तनाव भी है।

पिछले तीन साल (टोक्यो ओलंपिक के बाद) में मेरे काफी प्रतिद्वंद्वी बदल गये हैं। भारत के लिए पदक जीतने का दबाव है लेकिन अगर मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रही तो देश के लिए पदक जीत सकती हूं। मीराबाई चानू का स्नैच में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 88 किग्रा तथा क्लीन एवं जर्क में 119 किग्रा का है। वह चोटों से जूझती रही हैं और पीठ की समस्या तो हमेशा ही रहती है। एशियाई खेलों में वह कूल्हे की चोट से परेशान थीं जिससे वह पांच महीने तक खेल से दूर रहीं। अपने अमेरिकी फिजियो डॉ. आरोन हॉर्शिग और कोच विजय शर्मा के साथ चोटों से उबरना उनकी बड़ी चुनौती रही है। उन्होंने कहा कि वह धीरे-धीरे वजन उठाने की क्षमता को बढ़ा रही है। मीराबाई ने कहा, मैं धीरे-धीरे वजन उठाने की अपनी क्षमता को बढ़ा रही हूं। अभी मैंने 80-85 प्रतिशत फिटनेस हासिल कर ली है और अभ्यास के दौरान स्नैच में 70 से 80 किग्रा तथा क्लीन एवं जर्क में 100 से 110 किग्रा का भार उठा रही हूं। हम इसे धीरे-धीरे बढ़ाएंगे। उन्होंने अपने भार उठाने के लक्ष्य के बारे में पूछे जाने पर कहा, इस बारे में कुछ कहना मुश्किल है लेकिन मेरी कोशिश स्नैच में 90 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में पहले से बेहतर करने की होगी। मणिपुर की इस खिलाड़ी ने कहा कि अभी उनका पूरा ध्यान चोट से बचने पर है। उन्होंने हॉर्शिग की तारीफ करते हुए कहा, उनकी मौजूदगी से काफी मदद मिली है। मैं 2020 से उनके साथ काम कर रही हूं और वह अच्छे से समझते है कि मेरे शरीर में कहां परेशानी है। वह जानते है कि चोट से कैसे जल्दी उबरना है और किस तरह से अभ्यास को आगे बढ़ाना है।

Paris Olympics



मीराबाई ने कहा, मैंने चोटिल होने के बाद काफी कुछ सीखा है। उससे निपटने और उबरने के साथ सही खान-पान और विश्राम पर ध्यान देना काफी जरूरी होता है। मीराबाई ओलंपिक की तैयारियों को दुरुस्त करने सात जुलाई को पेरिस जा रही है। वह वहां एक महीने तक अभ्यास करेंगे। ओलंपिक में उनकी स्पर्धा का आयोजन सात अगस्त को होगा। मीराबाई ने कहा, मैं सात जुलाई को पेरिस जा रही हूं। प्रतियोगिता से एक महीने पहले वहां पहुंचने से काफी फायदा मिलेगा।

## एक नजर

### अंग्रेजी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज के पौथू थाना की पुलिस ने शुक्रवार को गुप्त सूचना पर दुर्जन बिगहा गांव में छापेमारी कर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया है। पौथु थाना के एसआई सोमेश्वर नाथ झा एवं एसआई ब्यूटी कुमारी ने बताया की दुर्जन बिगहा गांव निवासी व्यास यादव के पुत्र अंबुज कुमार के घर की तलाशी लेने पर घर में हीं छिपा कर रखा हुआ रॉयल ब्लू मॉल्ट व्हिस्की 180 एमएल एवं 600 एनएल पैकिंग का शराब जब्त किया गया। मौके से अंबुज कुमार को गिरफ्तार कर थाना लाया गया है। मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### दो शराबी गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज पुलिस ने अलग अलग दो जगहो से दो शराबी को हिरासत में लेकर जांच कराया। जांच में अल्कोहल पीने की पुष्टि के बाद न्यायालय भेजा गया। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि कजपा टोले अनंत बिगहा निवासी पिंटू कुमार एवं कर्मा मसूद गांव निवासी विवेक कुमार को गांव से ही शराब के नशे में हिरासत में लिया गया।

### अवैध शराब कारोबारी गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज पुलिस ने शराब का अवैध कारोबार करने के आरोपी कजपा टोले अनंत बिगहा निवासी जीतन पासवान को गिरफ्तार किया है। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि पूर्व में कांड संख्या 258/24 के अभियुक्त के घर से स्प्रिट व चुलाई किया हुआ महुआ शराब बरामद किया गया था। उस वक्त पुलिस को देखते ही जीतन पासवान भागने में सफल रहा था। उसे वृहस्पतिवार की रात कजपा टोले अनंत बिगहा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### विप के कार्यकारी सभापति का भाजपाईयों ने किया स्वागत

**दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** बिहार विधान परिषद के कार्यकारी सभापति अवधेश नारायण सिंह का दाउदनगर में पटना रोड स्थित सिपहा मोड़ के पास भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संजय मेहता के नेतृत्व में एनडीए कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर, अंग वस्त्र एवं भगवान बुद्ध की प्रतिमा भेंट कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान भाजपा के शमशेरनगर मंडल के महामंत्री अनूप मनोहर ने कार्यकारी सभापति को एक आवेदन देकर सिपहा-महावर सड़क पर बालू वाले ट्रको से होने वाली जाम की समस्या और सड़क के अतिक्रमण की दिशा में पहल करने की मांग की। इस मौके पर पार्टी नेता नीतीश कुमार कुशवाहा, बिंदेश्वर कुशवाहा, उपेंद्र सिंह कुशवाहा, कमलेश कुशवाहा, मोनू मिश्रा, करण कुमार, रवि साव, नवीन मनोहर, रंजन चौधरी, लाल कुमार, कंचन साव, मुकेश गुप्ता, सिकंदर गुप्ता, संजय मिस्त्री, नंदकिशोर मिस्त्री, अजय मिस्त्री एवं अन्य एनडीए कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

### आर्द्रा मेला में स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

**औरंगाबाद (का.सं.)।** औरंगाबाद सदर प्रखंड के प्रसिद्ध शक्तिपीठ एवं तीर्थ स्थल सत्यचंडी धाम में आर्द्रा मेला को लेकर शुक्रवार को डॉ अरुण कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पहुंच कर श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की जांच की। मेला में घूम-घूम कर स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न श्रद्धालुओं की जांच की गई। कुछ को ओआरएस का घोल पिलाया गया और कुछ अन्य बीमारियों से ग्रसित लोगों का भी इलाज किया गया। सत्यचंडी धाम न्यास समिति के सचिव राजेंद्र सिंह ने बताया कि 22 जून से 6 जुलाई तक लगातार मेला का आयोजन किया गया है। पिंटू सिंह, उप मुखिया राहुल सिंह, चंदन मिश्रा, पुजारी जयश्री बाबा, अमरेश सिंह, अरुण सिंह, सुरेंद्र सिंह, आचार्य रामप्रवेश मिश्रा, जिला परिवहन संघ के अध्यक्ष राम सकल सिंह मौजूद रहे।

### वार्ड सदस्य के निधन पर शोक सभा

**दाउदनगर (औरंगाबाद) (का.सं.)।** दाउदनगर, संवाद सूत्र। प्रखंड के तरारी पंचायत के वार्ड संख्या 11 के वार्ड सदस्य अनिता देवी के असामायिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। उपस्थित लोगों ने एक मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना किया। विगत तीन माह पूर्व कपड़ा पसारने के क्रम में करंट के चपेट में आ गई थी।

# भैंस चराने गए दो व्यक्ति को वज्रपात से हुई मौत

निज संवाददाता

**नवीनगर (औरंगाबाद)।** जिले के नवीनगर प्रखंड अंतर्गत खजूरी पांडू पंचायत के ग्राम बुधन बीघा निवासी वज्रपात की चपेट में आने से जीतन यादव पिता स्व जदुनी यादव उम्र लगभग 45 वर्ष एवं लल्लू यादव पिता स्व मुखदेव यादव उम्र लगभग चालीस वर्ष की भैंस चराने के दौरान ब्रजपत से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गांव से पश्चिम बधार में दोनों व्यक्ति भैंस चराने के लिए गए थे इसी बीच गरजा-मलका के साथ बारिश सुरू हो गया उसी क्रम में आकासीय बिजली गिरने से दोनों व्यक्ति जितन यादव एवं लल्लू यादव क्रो घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना से परिवार जनों सहित पुरे गांव इलाके में कोहराम मच गया। दोनों व्यक्ति अत्यंत मिलनसार एवं हंसमुख स्वभाव के थे।जैसे ही घटना की जानकारी गांव वाले क्रो मिला तुरंत नजदीकी टंडवा थाना क्रो सूचना दिये। मृतक को पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद भेज दिया गया तथा घटना की जानकारी ज़ब पूर्व पर्यटन मंत्री सुरेश पासवान को मिला तो उन्होंने टंडवा थाना प्रभारी एवं अंचल अधिकारी नवीनगर को सूचना दिये ताकि पोस्टमार्टम की प्रक्रिया कराते हुए मृतक के आश्रितों को आपदा राहत कोष से पांच -पांच लाख रुपए सहित अन्य राहत सामग्री दिया जा सके।

## करंट लगने से महिला की हुई मौत

निज संवाददाता



**रफीगंज (औरंगाबाद।** रफीगंज प्रखंड के दुग्गुल गांव निवासी राज बल्लभ किशोर की 50 वर्षीया पत्नी सुनीता देवी की शुक्रवार को करंट लगने से मौत हो गई। मृतका के पति राजबल्लभ किशोर ने बताया कि घर में लीपाई करने के दौरान टेबुल फैन के तार से करंट लग गया। परिजन इलज के लिए लेकर रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आए, जहां डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने नस टटोलते ही मृत घोषित कर दिया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। सूचना मिलते ही दुग्गुल पंचायत के मुखिया नरेंद्र मिश्रा एवं जदयू के प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा मौके पर पहुंचे। परिजनों को ढाढ़स बंधाया।

## मारपीट मामले में घायल की इलाज के दौरान मौत

निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज के कुटकुरी गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुए मारपीट में घायल नारायण प्रजापति की इलाज के दौरान शुक्रवार को मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल, गया में मौत हो गई। मृतक के परिजन अरविंद प्रजापति ने बताया कि 22 जून को जमीनी विवाद को लेकर गांव के ही डोमन प्रजापति के साथ मारपीट हुई थी। मारपीट में नारायण प्रजापति, रामविलास प्रजापति एवं नवल प्रजापति बुरी तरह से घायल हो गए थे। शुक्रवार को इलाज के दौरान नारायण प्रजापति की मौत हो गई। प्रशिक्षु डीएसपी सह रफीगंज थानाध्यक्ष चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि 22 जून को कुटकुरी गांव में जमीन विवाद को लेकर मारपीट की घटना घटी थी। मामले में दोनों पक्ष से 16 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया था। नामजद आरोपी सुखदेव कुमार एवं अमर कुमार को पूर्व में ही गिरफ्तार किया गया है।

## सड़क हादसे में पिता-पुत्र की दर्दनाक मौत

**औरंगाबाद (नि.सं.)।** औरंगाबाद में एक सड़क हादसे में पिता और पुत्र की दर्दनाक मौत हो गई है। घटना रिसियप थाना क्षेत्र में दोमुहान पुल के पास की है। बताया जाता है कि एक बाइक पर सवार होकर पिता-पुत्र किसी काम से औरंगाबाद आ रहे थे। इसी दौरान दोमुहान पुल के पास तेज रफ्तार रहे ट्रक ने बाइक सवार पिता-पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना जैसे ही परिजनों को लगी तो परिजनों में चित्कार मच गया। वही घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल लाया है। पुलिस मामले के कार्रवाई में जुटी है।

# कर्पूरी स्मारक के बाहर शीतल पेय जल की हुई व्यवस्था, जिला जज ने किया उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** शुक्रवार को रमेश प्रसाद सिंह मेमोरियल ट्रस्ट औरंगाबाद द्वारा व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के नजदीक कर्पुरी स्मारक के बाहर शीतल पेय जल व्यवस्था शुरू किया गया। जिसका उद्घाटन व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के जिला जज अशोक राज ने फीता काट कर किया। वहीं जिला जज द्वारा दो वृक्ष का वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर जिला जज अशोक राज ने अपने सम्बोधन में कहा कि ट्रस्ट द्वारा प्रशंसनीय कार्य किया गया है। इस भीषण गर्मी में शीतल पेय जल व्यवस्था से आम आदमी को लाभ होगा।इस नेक कार्य के लिए ट्रस्ट को बधाई दी।

ट्रस्ट के सचिव प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि दिन प्रतिदिन शहर में पेयजल संकट बढ़ता जा रहा है। ऐसे स्थिति में न्यायालय आने वाले और रमेश चौक आने वाले लोगों के लिए हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी शुद्ध पेयजल व्यवस्था ट्रस्ट द्वारा कराई गई है। ट्रस्ट के अध्यक्ष कन्हैया लाल जैन ने कहा कि जिला जज अशोक राज द्वारा उदघाटन से सदस्यों के उमंग और उत्साह बढ़ा है। संस्था द्वारा जिला जज को बुके, मेमेंटो और माला देकर सम्मानित किया गया। यह संस्था सदैव समाजिक कार्यों में समर्पित रहा है। इस अवसर पर जिला विधिज्ञ संघ अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय, महासचिव जगनरायण सिंह, पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह,वरीय अधिवक्ता बैजनाथ प्रसाद कर्ण, महाबीर जैन, रामप्रवेश ठाकुर, सतीश कुमार स्नेही, अरूण कुमार,अजय कुमार गुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता, देवकांत, राधेश्याम प्रसाद, रामनरेश प्रसाद, अमित कुमार, शेखर चन्द्र जैन, विनोद ठाकुर, मंटू ठाकुर, गुप्तेश्वर सिंह, विशाल जैन, उदय ठाकुर,राजू सहित अन्य उपस्थित थे।

## नशीली दवाओं की अवैध बिक्री पर रोक के लिए चलेगा विशेष अभियान

**औरंगाबाद (का.सं.)।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के मौके पर आयोजित नशा मुक्ति जागरूक अभियान के तहत विभिन्न तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। इन प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों के बीच शुक्रवार को पुरस्कार का वितरण किया गया। औरंगाबाद की एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम ने कलेक्ट्रेट स्थित पुलिस सभागार में सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया। उन्होंने भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी।

## प्रतियोगिता के टॉप तीन प्रतिभागियों को पुलिस अधीक्षक ने दिया पुरस्कार



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद पुलिस द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति जागरूकता सप्ताह के तहत फोटो, स्लोगन, लेख एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन 20 से 26 जून तक किया गया था। इन प्रतियोगिताओं के टॉप-3 विजेताओं को शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम ने प्रतीक चिंह एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया। गये। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) भी मौजूद रहें।

बहन के देवर पर शादी का झांसा दे रेप करने का लगाया आरोप

## पुलिस ने रेप के आरोप में दो को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद में शादी का झांसा देकर रेप करने करने के आरोप में पुलिस ने एक्शन लिया है। आरोपी और उसके पिता को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया है। मामला रफीगंज का है। दरअसल, पीड़िता ने अपनी बहन के देवर पर रेप का आरोप लगाया है। पीड़िता ने आरोपी संटू कुमार, उसके पिता मुन्ना पासवान, मां विमली देवी और भाई मंटू पासवान को नामजद आरोपी बनाया है। पीड़िता के अनुसार, संटू कुमार मेरी बहन का देवर है। उससे मेरी बातचीत होती थी। वह मुझे शादी करने का हमेशा भरोसा देता था। एक जून को संटू कुमार मेरे घर रात में आया। मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद मुझे बहला फुसलाकर सूरत लेकर चला गया। बोला कि हम लोग मंदिर में शादी करेंगे। तुमको अपनी पत्नी की तरह रखेंगे। मैं भी उसकी बातों में आ गई और ट्रेन से इसके साथ सूरत चली गई। पीड़िता ने बताया कि यहां मुझे करीब 10 दिनों तक हेवडा भवन सोनी पार्क के पास रखा। यहां भी मुझे भरोसे में लेकर कई बार शारीरिक संबंध बनाया। यह सब बात जब संटू के परिजनों को पता चली तो उन्होंने लड़के को कहा- तुम बिना दहेज के शादी नहीं करोगे। इसके बाद संटू भी अपने परिवार के दबाव में आ गया। इसके कुछ दिनों बाद संटू मुझे ट्रेन से लेकर घर आने की बात कर मुगलसराय छोड़कर भाग गया। इसके बाद मैं अकेले ट्रेन से रफीगंज आई और अपने घर पहुंची। मैंने सारी बात परिजनों को बताई। परिजनों ने बार-बार संटू और उसके परिवार वालों से संपर्क करने का प्रयास किया। पर वो लोग शादी करने को लेकर तैयार नहीं हुए। मेरे परिवार वालों को गाली गलौज और धमकाने भी लगे।

इधर, प्रशिक्षु डीएसपी चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि पीड़िता द्वारा आवेदन प्राप्त होने पर कांड संख्या 267/24 दर्ज कर बलात्कार कांड के मुख्य आरोपी संटू पासवान और मुन्ना पासवान को इसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## शहर में पीने के पानी के लिए मचा हाहाकार, लोग बाल्टी, बर्तन लेकर पहुंचे डीएम ऑफिस

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले में पानी की समस्या को लेकर काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पानी की कमी को देखते हुए औरंगाबाद शहर में नगर परिषद द्वारा हर वार्ड में टैंकर से पानी की आवश्यकता अनुसार व्यवस्था की जा रही है, इसके वाजूद भी हाहाकार मचा हुआ है। पानी की किल्लत की मार झेल रहे लोगों का आज सब्र जवाब दे गया।शहर के वार्ड नंबर 9 और 16 के शहरवासी बाल्टी, बर्तन लेकर सैकड़ों पुरुष एवं महिलाएं, बच्चे डीएम ऑफिस पहुंच कर धरना प्रदर्शन करने लगे। आक्रोशित लोग जमकर नगर परिषद पर अपनी भडास निकाला। आक्रोशित लोगों ने नगर परिषद मुर्दाबाद के नारे लगाए।



## आधार कार्ड बनवाने या सुधार कराने में लोगों को छूट रहे पसीने



निज संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** इस भीषण गर्मी में हसपुरा प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र के लोग अपना आधार कार्ड बनवाने, सुधार कराने या केवाईसी कराने के लिये काफी जद्दोंजहद्द कर रहे हैं। मध्य ग्रामीण बैंक कनाप रोड एवं ब्लॉक कैंपस में स्थित आधार केंद्र पर सुबह से लेकर शाम तक भीड़ देखी जा रही है। कनाप के छात्र मुकेश कुमार, पीरू की छात्रा प्रीति कुमारी, चौराही की महिला रिंकू देवी, धनंजय चौधरी एवं अन्य ने बताया कि सुबह 9:00 से यहां आए हुए हैं। दोपहर को तीन बज गए लेकिन अभी तक नंबर नहीं आया है। घर के जरूरी काम को छोड़कर आए हैं। एक तो उमस भरी गर्मी, दूसरी रूम में भीड़ इतनी ज्यादा हो जा रही है कि सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है। व्यवस्था के नाम पर आधार केंद्र पर सिर्फ एक पंखा लगा हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से और जगह पर आधार सेंटर खोलने की मांग की है।

## होटल मालिक पर प्राथमिकी दर्ज

**नवीनगर (औरंगाबाद)(नि. सं.)।** नवीनगर स्थित विवाह स्थल सह होटल व रेस्टोरेंट में अग्नि अंकेक्षण के क्रम में एक युवक और युवती के कमरे में बंद मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मंगल बाजार निवासी मलिक सत्यम कुमार गर्ग, होटल मैनेजर के अलावा युवक विशाल कुमार सोनी पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। यह प्राथमिकी बीडीओ देवेंद्र कुमार सिंह के बयान पर दर्ज हुई है। प्राथमिकी में कहा गया है कि 25 जून को जिला अग्निशमन पदाधिकारी के द्वारा उक्त होटल के कमरा नंबर-106 में एक युवक एवं युवती को बंद कमरे में पाया गया। उन्होंने लिखित रूप से इसकी सूचना 26 जून को दी थी।

## वैश्य चेतना समिति के समीक्षा बैठक आयोजित

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** वैश्य चेतना समिति के अध्यक्ष ई. सुंदर साहु ने कहा कि वैश्यों की उपेक्षा करने के कारण ही एनडीए को मगध और शाहाबाद प्रमंडल की छह लोकसभा सीटों पर हार मिली है। श्री साहु ने शुक्रवार को यहां मंच की समीक्षा बैठक में भाजपा के रवैये पर गरजते हुए कहा कि वैश्य समाज के लोग भाजपा के कोर वोटर है। इसके बावजूद भाजपा ने लोकसभा चुनाव में वैश्य समाज से आनेवाले शिवहर से रमा देवी और सीतामढ़ी से सुनील कुमार पिंटू का टिकट काट कर सवर्णों को दिया। समाज के नेताओं का टिकट काटे जाने से वैश्य समाज ने लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रति उदासीनता दिखाई। इसके बावजूद समाज के 75 प्रतिशत लोगों ने नरेंद्र मोदी के चेहरे पर और राष्ट्रहित में भाजपा के पक्ष में वोट किया जबकि 25 प्रतिशत ने समाज की उपेक्षा के कारण भाजपा के विरोध में वोट डाला और समाज ने इंडी- महागठबंधन द्वारा आरा सीट से दिए गए वैश्य उम्मीदवार सुदामा प्रसाद को जीत दिलाकर तथा औरंगाबाद से भाजपा उम्मीदवार को हराकर अपना आक्रोश जाहिर किया। उन्होंने कहा कि 2020 के पिछले विधानसभा चुनाव में भी एनडीए ने मगध एवं शाहाबाद प्रमंडल में नवादा से भभुआ तक एक भी वैश्य को उम्मीदवार नही बनाया था, जिसका परिणाम हुआ कि एनडीए इस क्षेत्र की 48 विधानसभा सीटों में से मात्र 8 पर सिमट कर रह गई जबकि शेष 40 सीटें महागठबंधन के खातें में चली गई। कहा कि आने वाले दिनों में भी यदि भाजपा और एनडीए का यही रवैया रहा तो शायद इन क्षेत्रों में एनडीए जीरो पर आउट हो जाएंगी और उसका खाता तक नही खुल पाएगा। उन्होंने कहा कि वैश्य बहुल औरंगाबाद, ओबरा, डेहरी, सासाराम, भभुआ एवं आरा आदि विधानसभा सीटों पर यदि भाजपा का रवैया वैश्यों के पक्ष में नही रहा तो निःसंदेह समाज भाजपा के विरोध में जाएंगा, जिसका असर पूरे प्रदेश में पड़ेगा और 2025 में राज्य में फिर से एनडीए की सरकार का बनना सपना मात्र ही रह जाएंगा।

## झुग्गी-झोपड़ियों में अग्नि दुर्घटना से बचाव

गर्मियों में छोटी से छोटी लापरवाही से आग की दुर्घटना हो सकती है।
आपके सहयोग से इन दुर्घटनाओं की रोकथाम की जा सकती है। अतः निम्नलिखित सावधानियाँ बरतें :-

1. झुग्गी झोपड़ी बनाने में इस्तेमाल सामान जलने वाला न हो। इन्हें बनाने में प्लास्टिक शीट, कपड़ा, तिरपाल आदि का इस्तेमाल न करते हुए लोहे के पोल, सीमेंट या टिन की चादरें (शीट), ईंट आदि का इस्तेमाल करें। झुग्गी के बाहर एवं अंदर मिट्टी का लेप करने से आग से बचाव किया जा सकता है।
2. 50–50 झुग्गी झोपड़ी के समूह बनाएं, इन समूह में 3–4 मीटर की दूरी अवश्य रखें।
3. बिजली का अनधिकृत उपयोग न करें। अधिकृत रूप से बिजली के मीटर से कनैक्शन लें। नंगी तारों का उपयोग न करके प्लग–सॉकेट को इस्तेमाल करें। घर से बाहर जाते समय सभी बिजली के उपकरण बंद कर दें।
4. अनधिकृत सिलेण्डर का प्रयोग रोकें। अधिकृत एल पी जी सिलैण्डर खरीदें। इस्तेमाल के बाद रेगुलेटर बंद कर दें।
5. बीड़ी, सिगरेट आदि का प्रयोग न करें। जलती हुई बीड़ी, सिगरेट, माचिस, इत्यादि इधर–उधर न फेंके। इन्हें लोहे या मिट्टी के बर्तन में बुझाने के बाद डालें।
6. पटाखे आदि न चलायें, यह ज्वलनशील हैं और खतरनाक आग का कारण हो सकता है।
7. झुग्गी और ज्वलनशील सामान जैसे कूड़ा, प्लास्टिक, लकड़ी के टुकड़े, उपले आदि अलग–अलग रखें एवं इनमें सुरक्षित दूरी रखें।
8. मिट्टी के तेल, स्टोव, चूल्हे का इस्तेमाल कम से कम करें। सुरक्षित तरीके से इस्तेमाल करें, आग लगने की संभावनाएं खत्म करें। खाना बनाने के पश्चात् चूल्हे की आग को पूर्ण रूप से बुझा दें।
9. सभी लोग मिलकर सुरक्षा टीम बनाएं। पानी की टंकी, मटके आदि का बंदोबस्त करें। सभी बड़ों व बच्चों को जागरूक करें। सुरक्षा टीमों में कुछ लोगों की निगरानी पर रहने के लिए गठित करें।
10. आग लगने पर तुरंत सभी लोगों की सुरक्षित स्थान पर पहुँचने में मदद करें। आग को रोकने के लिए प्रयास करें। बच्चों, बुजुर्गों और अपाहिजों का विशेष ध्यान दें।
11. तुरंत फायर ब्रिगेड, बिहार अग्निशमन सेवा को 101 नम्बर पर सूचित करें। यह सेवा मुफ्त उपलब्ध है। आग की दुर्घटना देखते ही आग–आग शोर मचायें तथा सभी झोपड़ी वालों को सुरक्षित स्थान पर पहुँचा दें।
12. बिजली के एच.टी. तारों के नीचे झुग्गी–झोपड़ी न बनाएं। यह खतरनाक हो सकता है।
13. फायर सर्विस की गाड़ी आने के लिए रास्ता रखें। गाड़ी को रास्ता दें और आग तक पहुँचने में मदद करें।




PR No.-002597 (Fire)D. 2024-25

आग लगने पर 101 डॉयल करें

बिहार सरकार
बिहार अग्निशमन सेवा
गृह (आरक्षी) विभाग
टेलीफैक्स – 0612–2222020, ईमेल – sfocumdirector.bihar01@gmail.com
बिहार सरकार